# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 08 सितंबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 302 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.



- धार्मिक मुद्दे को तूल... हिंदुत्व की जगह सनातन... 04
- अब लैब में बनाए जाएंगे बच्चे? बिना भ्रूण... चीन की अर्थव्यवस्था पर बढ़ रहा दबाव... 09
- टमाटर की वजह से 24 फीसदी बढ़ गए वेज... मसूर दाल की कीमतों में उछाल पर सरकार... 11
- एशियाड में उतरने को लेकर.. आठ साल के अन्तराल के... 10


## जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली सज-धज कर तैयार

# जमीन से आसमान तक सुरक्षा के तगड़े इंतजाम

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन आज आएंगे, होगी अमेरिका-भारत की शिखर वार्ता, मेहमानों का आगमन शुरू



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट के लिए विदेशी मेहमानों का आना गुरुवार को शुरू हो गया है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ सम्मेलन के लिए पहुंच गए हैं। उन्होंने सम्मेलन की थीम- वन अर्थ, वन फैमिली एंड वन फ्यूचर के लिए कहा कि मुझे लगता है कि इससे बेहतर थीम हो ही नहीं सकती थी जिसे भारत ने चुना है। इसे संस्कृत के 'वसुधैव कुटुंबक' से लिया गया है। जुगनौथ ने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हैं तो यह और भी प्रासंगिक है। क्योंकि एक देश जो करता है, उसका असर न केवल उस देश पर बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए, हमें सामूहिक रूप से यह दिखाना होगा और हमें सामूहिक रूप से इस पर काम करना होगा। हम में से हरेक का कर्तव्य है कि हम ग्रह को बचाएं और पूरी आबादी को बचाएं।

### मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ दिल्ली पहुंचे


अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 8 सितंबर को 3 दिन के दौरे पर भारत आ रहे हैं। ये राष्ट्रपति बनने के बाद उनका पहला भारत दौरा होगा। वो शाम को एयरफोर्स-1 से दिल्ली पहुंचेंगे। 8 सितंबर को बाइडेन प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। पहले व्हाइट हाउस ने बताया था कि >>शेष पृष्ठ 2 पर

- चप्पे-चप्पे पर 1.5 लाख जवान तैनात किए गए
- 10000 फीट ऊंचाई पर लहराया जी-20 का झंडा

## संघ प्रमुख का बड़ा बयान

## जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण रहना चाहिए : भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए, जब तक समाज में भेदभाव मौजूद है। उन्होंने कहा कि संघ संविधान में दिए गए आरक्षण का पूरी तरह से समर्थन करता है। आरक्षण पर मोहन भागवत का बयान ऐसे समय आया है, जब महाराष्ट्र में आरक्षण के लिए मराठा समुदाय का आंदोलन एक बार फिर तेज हो गया है।



भागवत महाराष्ट्र के नागपुर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उनसे आरक्षण पर सवाल किया गया था। मोहन भागवत ने जवाब दिया कि- हमने अपने ही समाज के बंधुओं को सामाजिक व्यवस्था के तहत पीछे रखा। उनका जीना पशु समान हो गया तो हमने चिंता नहीं की। मोहन भागवत ने कहा कि बराबरी लाने के लिए खास उपाय करने पड़ेंगे। उन्होंने कहा- घर में अगर सब लोग हैं और दूध कम आता है, तो सबको दूध नहीं मिलता, लेकिन जो बीमार है, उसको मिलता है। तब हम ऐसा नहीं कहते कि उसको क्यों दे रहे हैं। परिवार में सब समान हैं, लेकिन जो बीमार है उसकी विशेष चिंता करनी ही पड़ती है। संविधान सम्मत जितना आरक्षण है, उसको हम संघ के लोग तो पूरा समर्थन देते ही हैं।

एक छात्र के सवाल का जवाब देते हुए संघ प्रमुख ने अखंड भारत की भी बात की। छात्र ने सवाल किया था, हम भारत को अखंड भारत के रूप में कब तक देख लेंगे? इसका जवाब देते हुए भागवत ने कहा- कब तक? मैं नहीं बता सकता। उसके लिए ग्रह ज्योतिष देखना पड़ेगा। मैं तो जानवरों का डॉक्टर हूं। लेकिन अगर आप उसको करने जाएंगे तो आपके बूढ़े होने से पहले आपको दिखेगा...परिस्थितियां अब ऐसी करवट ले रही हैं। जो भारत से अलग हुए उनको लगता है कि वो गलती हो गई। हमको फिर से भारत होना चाहिए। लेकिन वो मानते हैं कि भारत होना मतलब नक्शे की रेखाओं को पोछ डालना। ऐसा नहीं है। सिर्फ उससे नहीं होगा।

भागवत ने कहा कि भारत होना मतलब भारत के स्वभाव को स्वीकार करना। भारत का स्वभाव मंजूर नहीं था, इसलिए भारत का विखंडन हुआ। उन्होंने कहा कि वो स्वभाव जब आ जाएगा तो सारा भारत एक हो जाएगा।

**सार संक्षेप**

### 9-10 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन रहेगा बंद

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर नौ और 10 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों को चढ़ने या उतरने की अनुमति नहीं होगी। अधिकारियों ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर 8-10 सितंबर को दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की सभी लाइनों पर टर्मिनल स्टेशनों से मेट्रो सेवाएं सुबह चार बजे से शुरू होंगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन डीएमआरसी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़कर सभी मेट्रो स्टेशन आठ से 10 सितंबर तक आम जनता के लिए खुले रहेंगे। सुरक्षा कारणों से नौ और 10 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों को चढने या उतरने की अनुमति नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन प्रगति मैदान में विशाल शिखर सम्मेलन स्थल के पास का निकटतम मेट्रो स्टेशन है। डीएमआरसी ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के निर्देश पर अति विशिष्ट लोगों (वीवीआईपी) के प्रतिनिधिमंडलों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए नौ और 10 सितम्बर को नई दिल्ली जिले में कुछ स्टेशनों पर प्रवेश या निकास को संक्षिप्त अवधि के लिए रोका जा सकता है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा के जवाब में कांग्रेस जन आक्रोश यात्रा शुरू करने जा रही है।

**चुहिया- हां प्रिये**- वोटों को रिझाने का खेल है, कभी आशीर्वाद तो कभी आक्रोश के बहाने..

# पर्यावरण संवर्द्धन, संरक्षण के लिए हर स्तर पर काम हो रहा : शिवराज

## राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण- 2023 में इंदौर प्रथम, भोपाल को 5वां, जबलपुर को 13वां स्थान

### प्रधानमंत्री की पहल पर लागू हुआ राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम -केंद्रीय मंत्री यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर को देश में प्रथम स्थान मिला है। देश के 10 दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में अव्वल रहने पर इंदौर को एक करोड़ 10 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

इसके साथ ही भोपाल को 5वां, जबलपुर को 13वां और ग्वालियर को 41 वां स्थान प्राप्त हुआ है। 3 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में



सागर को देश में 10 वां और 3 लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास को छटवां स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पयार्वरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस 2023 के राष्ट्रीय कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्रदान किए गए। यह पहला अवसर है जब अंतर्राष्ट्रीय

### ग्वालियर, सागर और देवास भी हुए पुरस्कृत

स्वच्छ वायु दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली से बाहर किसी अन्य राज्य में हुआ है।

**शहरों को मिले डेढ़ करोड़ से लेकर 12.50 लाख रूपए तक के पुरस्कार**- राष्ट्रीय कार्यक्रम में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में आगरा को एक करोड़ रूपए का द्वितीय और ठाणे (महाराष्ट्र) को 50 लाख रूपए का तृतीय और तीन से दस लाख आबादी की श्रेणी में अमरावती को 75 >>शेष पृष्ठ 2 पर

### मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव- 2023

## जन आक्रोश यात्राओं में 7 रथों पर सवार होकर निकलेंगे 7 कांग्रेस नेता



### 15 सितंबर से शुरू होगी, कमलनाथ सभी में शामिल होकर रोड शो करेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** एक तरफ जहां प्रदेश में फिर सत्ता पाने के लिए भाजपा कई जतनों के साथ साथ जन आशीर्वाद यात्राएं निकाल रही है वहीं कांग्रेस भी अब जवाबी रैलियां करेगी और प्रदेश के 7 बड़े नेता रथों पर सवार होकर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने जोर लगाएंगे। इन सभी यात्राओं में शामिल होकर कमलनाथ रोड शो करेंगे।

सूत्रों की मानें तो कांग्रेस की टेबल एक्सरसाइज़ खत्म हो चुकी है। चुनावों के काम का बंटवारा तकरीबन तकरीबन हो चुका है। अब चुनौती मैदान पर दो दो हाथ करने की है। भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी विजय रथ पर सवार होने की तैयारी कर ली है। कांग्रेस ने 7 रथ कर्नाटक से मंगवाए हैं,7 नेता भी तैयार हैं। यात्रा 15 सिंताबर से शुरु हो रही है। नाम दिया है जन आक्रोश यात्रा। भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा को जवाब देने के लिए कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा शुरु होने जा रही है। खैर यात्रा शुरु होने के पहले कांग्रेस भाजपा के निशाने पर जरूर आ गई है।

कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक में तय हुआ है कि कांग्रेस मप्र के 7 बड़े प्रांतों में 7 यात्राएं निकालेगी। इन यात्राओं का नेतृत्व कांग्रेस के 7 दिग्गज करेंगे। इन रथों पर डॉ गोविंद सिंह,सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अजय सिंह, अरुण यादव, कमलेश्वर पटेल, जीतू पटवारी सवार होंगे। 15 सिंतबर से शुरु होकर कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा 2 अक्टूबर तक चलेगी।

### लिव- इन रिलेशनशिप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का अहम फैसला

## कहा - बालिग जोड़े को साथ रहने से माता -पिता भी नहीं रोक सकते

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि बालिग जोड़े को एक साथ रहने की आजादी है। माता -पिता समेत किसी को भी उनके जीवन में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। भले ही वो किसी भी जाति धर्म के हो। कोर्ट ने कहा बालिग जोड़ों के लिव इन रिलेशनशिप में रहने पर यदि कोई परेशान करता है या धमकाता है तो उसके अर्जी देने पर पुलिस कमिश्नर संरक्षण मुहैया कराएं।

कोर्ट ने कहा बालिग जोड़े को अपनी पसंद से साथ रहने या शादी करने की पूरी आजादी है। किसी को भी उसके जीवन में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उसके इन अधिकारों में हस्तक्षेप अनुच्छेद 19 व 21 का उल्लंघन होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की एकल पीठ ने गौतमबुद्धनगर की रजिया व अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया।

याची का कहना था कि दोनों ही बालिग है और अपनी मर्जी से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। भविष्य में शादी करना चाहते हैं। मां-बाप या परिवार के लोग नाराज हैं और धमका रहे हैं। आशंका है कि उसकी ऑनर किलिंग की जा सकती है। 4 अगस्त 2023 को पुलिस कमिश्नर को शिकायत कर संरक्षण मांगा पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर



हाईकोर्ट की शरण ली। याचियों के खिलाफ अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

अपर शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि दोनों अलग धर्म के हैं। इस्लाम में लिव इन रिलेशन में रहना गुनाह माना गया है। इस पर कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के हवाले से कहा कि जाति व्यवस्था राष्ट्र के लिए एक अभिशाप है और इसे जितनी जल्दी नष्ट किया जाए उतना अच्छा है।

### कांग्रेस ने मनाई 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ

# नफरत की बाजार में खुल रही मोहब्बत की दुकानें : राहुल

### यात्रा से कांग्रेस को मजबूती मिली : खड़गे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि आज उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ है और तब से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें लगातार खुल रही हैं। श्री गांधी ने एक्स पर लिख, 'भारत जोड़ो यात्रा' का एक साल। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खुल रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा के एकता और मोहब्बत की ओर करोड़ों कदम, देश के बेहतर कल की बुनियाद बने हैं।

यात्रा जारी है-नफरत मिटने तक, भारत जुड़ने तक। ये वादा है मेरा।' इसके साथ ही उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा पर एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें भारत जोड़ो यात्रा की झांकियां प्रदर्शित की गई है।

**अलग-अलग रूपों में यात्रा आज भी जारी : जयराम**-पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी। यह यात्रा बढ़ती आर्थिक असमानता, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीवीकरण और राजनीतिक तानाशाही जैसे विषयों पर केंद्रित थी। राहुल गांधी ने यात्रा के दौरान अपने मन की बात नहीं की बल्कि इस अवसर का इस्तेमाल जनता की चिंता को सुनने के लिए किया।

यह यात्रा अलग-अलग रूपों में आज भी जारी है। यह देश भर में छात्रों, ट्रक ड्राइवर्स, किसानों और कृषि श्रमिकों, मैकेनिकों, सब्जी व्यापारियों, एमएसएमई के साथ राहुल गांधी की मुलाक़ातों एवं मणिपुर में उनकी उपस्थिति के साथ-साथ लद्दाख की उनकी



सप्ताह भर की विस्तारित यात्रा से स्पष्ट है।'

**कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने दी बधाई**-कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री गांधी को इस यात्रा के लिए बधाई दी और कहा 'भारत जोड़ो यात्रा' के एक वर्ष पूरे होने पर, मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, सभी भारत यात्रियों और हमारे लाखों नागरिकों को बधाई देता हूं जो इस यात्रा में शामिल हुए।' उनके इस प्रयास से कांग्रेस को जबरदस्त मजबूती मिली है।









**सूर्य मिशन** | आदित्य एल-1 ने ली सेल्फी

# अंतरिक्ष से खूबसूरत दिख रहा पृथ्वी और चांद का नजारा

**श्रीहरिकोटा।** भारत का पहला सूर्य मिशन आदित्य एल-1 फिलहाल पृथ्वी के ऑर्बिट में घूम रहा है। उसके सभी उपकरण अच्छे से काम कर रहे हैं। इसरो ने आदित्य एल-1 का एक वीडियो जारी किया है। आदित्य एल 1 ने ना सिर्फ सेल्फी ली बल्कि अंतरिक्ष से पृथ्वी और चांद का खूबसूरत वीडियो भी भेजा है। वीडियो में यह नजारा काफी अद्भुत नजर आ रहा है।

बता दें कि आदित्य एल-1 को 2 सितंबर को श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से लॉन्च किया था। अभी तक आदित्य एल-1 ने दो अर्थ बाउंड मैन्यूवर्स सफलतापूर्वक पार कर लिए हैं। आदित्य एल-1 चार महीने का सफर तय कर सूरज और पृथ्वी के बीच स्थित एल-1 प्वाइंट तक पहुंचेगा। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि आदित्य एल-1 में लगे कैमरे ने सेल्फी ली है। आदित्य एल-1 में लगे दो पेलोड् सवीईएलसी और एसयूआईटी की तस्वीर भी साफ दिखाई दे रही है। वीडियो में आदित्य एल-1 के कैमरे ने पृथ्वी और चांद का भी वीडियो बनाया है। यह वीडियो 4 सितंबर का है।



### इसरो ने जारी किया वीडियो

इसरो अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के तहत सूरज से निकलने वाली किरणों का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 को सूरज और पृथ्वी के बीच में लैरेंज प्वाइंट-1 पर रखा जाएगा। आदित्य एल-1 में लगा 7 पेलोड्स सूरज से निकलने वाली विभिन्न किरणों का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 सूरज के कोरोना से निकलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं की स्टडी भी करेगा। इसरो इस मिशन की मदद से सौर वायुमंडल को समझने का प्रयास कर रहा हैं।

आदित्य एल-1 सौर हवाओं के विभाजन और तापमान का अध्ययन करेगा। आदित्य एल-1 सौर तूफानों के आने की वजह, सौर लहरों और उनका धरती के वायुमंडल पर क्या असर होता है इसका भी पता लगाएगा।

धरती और सूरज के बीच में कुल पांच ऐसे प्वाइंट चिन्हित किए गए हैं जहां स्पेस क्राफ्ट को रखकर सूरज से निकलने वाली किरणों का अध्ययन किया जाता है। इस एल-1 प्वाइंट को लैरेंज बिंदु भी कहते हैं।

सूरज से सबसे नजदीक एल-1 प्वाइंट है जहां सूर्ययान जा रहा है। धरती से एल-1 प्वाइंट की दूरी तकरीबन 15 लाख किलोमीटर है। वहीं सूरज से एल-1 की दूरी करीब 14 करोड़ 85 लाख किमी है। लैरेंज प्वाइंट 1 सूरज और धरती की कुल दूरी का मात्र एक फीसदी ही है।

# देश-विदेश

## त्रिपुरा उपचुनाव में मतगणना का बहिष्कार करेगी माकपा

**अगरतला।** माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा धनपुर और बॉक्सनगर की दो विधानसभा सीटों पर मंगलवार को हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के समर्थकों और गुंडों पर बड़े पैमाने पर धांधली व अनियमितता करने और इससे निपटने में चुनाव आयोग की निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को वोटों की गिनती का बहिष्कार करने का फैसला किया है। सीपीआई (एम) के त्रिपुरा राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने डराने-धमकाने के इस नए अंदाज को नजरअंदाज कर दिया।

### 20वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन

# भारत ने सहयोग बढ़ाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव दिया

## आर्थिक गलियारे की स्थापना करने पर दिया जोर

**जकार्ता।** भारत ने आसियान के साथ अपने सहयोग एवं समग्र रणनीतिक साझीदारी को मजबूत बनाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है जिसमें कनेक्टिविटी, डिजिटल परावर्तन, व्यापार और आर्थिक जुड़ाव, समकालीन चुनौतियों का समाधान, लोगों के बीच संपर्क और रणनीतिक जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाना शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां जकार्ता में 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में, प्रधान मंत्री ने आसियान-भारत समग्र रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने और इसके भविष्य के रोडमैप को तैयार करने पर आसियान भागीदारों के साथ व्यापक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में आसियान की केंद्रीयता की पुष्टि की और भारत के हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल (आईपीओआई) और हिन्द प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला। उन्होंने आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



**आसियान-भारत कोष स्थापित करने की घोषणा** - प्रधानमंत्री ने भारत-आसियान सहयोग को मजबूत करने के लिए 12-सूत्रीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रस्ताव में दक्षिण-पूर्व एशिया-भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप को जोड़ने वाले मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और आर्थिक गलियारे की स्थापना करने, आसियान भागीदारों के साथ भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक को साझा करने, डिजिटल परावर्तन एवं वित्तीय कनेक्टिविटी में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजिटल भविष्य के लिए आसियान-भारत कोष स्थापित करने की घोषणा की गई।

इसी प्रकार से 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने इस मंच के महत्व को दोहराया तथा इसे और मजबूत करने के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की।

## चीन की विस्तारवादी नीतियों पर भारत का प्रहार

जकार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आह्वान किया कि दक्षिण चीन सागर में समुद्री कानूनों पर संयुक्त राष्ट्र की संधि (यूएनसीएलओएस) पर आधारित आचार संहिता अमल में लायी जाए तथा इस बात पर जोर दिया कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह अनुपालन करते हुए सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता को सुदृढ़ करने के लिए सबकी प्रतिबद्धता और साझा प्रयास सुनिश्चित किये जाएं। श्री मोदी ने आज यहां 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन में चीन की विस्तारवादी नीतियों को खारिज कर दिया और उसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के प्रति जवाबदेह बनने की नसीहत दी।

# भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय और एयरबस ने एयरोस्पेस शिक्षण और अनुसंधान के लिए हुआ समझौता

## यह समझौता छात्रों को उद्योग के लिए तैयार होने में सक्षम बनाएगा- वैष्णव

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) वडोदरा और एयरबस ने आज भारतीय विमानन क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करने के लिए सहयोग किया। रेमी माइलार्ड (अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, एयरबस भारत और दक्षिण एशिया) और प्रोफेसर मनोज चौधरी (कुलपति, गति शक्ति विश्वविद्यालय) के बीच रेल भवन, नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, जो गति शक्ति विश्वविद्यालय के पहले चांसलर भी हैं, की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और सीईओ जया वर्मा सिन्हा और रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एयरबस और टाटा ने हाल ही में वडोदरा (गुजरात) में भारत में सी-295 विमान सुविधा के डिजाइन, नवाचार, निर्माण, निर्माण और विकास के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। मेक इन इंडिया भारत में एयरबस की व्यावसायिक रणनीति के केंद्र में है और कंपनी अपने वैश्विक उत्पादों में भारत का योगदान लगातार बढ़ा रही है। इस अवसर पर बोलते हुए, श्री वैष्णव ने कहा, जीएसवी गहन उद्योग-अकादमिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके सभी कोर्स इंडस्ट्री के सहयोग से डिजाइन किए जाएंगे। जीएसवी में पढ़ने वाले छात्र उद्योग के लिए तैयार होंगे। परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में रोजगार के लिए उनकी अत्यधिक मांग होगी। एयरबस के साथ आज का समझौता ज्ञापन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में बोलते हुए, एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री रेमी माइलार्ड ने कहा, एक कंपनी के रूप में जो भारत में एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, हम मानव पूंजी विकास में निवेश करने की अपनी जिम्मेदारी का एहसास करते हैं। गति शक्ति विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी से देश में कुशल कार्यबल की एक मजबूत पाइपलाइन विकसित होगी जो भविष्य में तेजी से बढ़ते एयरोस्पेस क्षेत्र की सेवा के लिए तैयार होगी। उम्मीद है कि एयरबस के भारतीय परिचालन में 15000 छात्रों को नौकरी मिलने की संभावना है।



### एयरबस में छात्रों के लिए 15000 नौकरी के अवसर

विशेष रूप से परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, जीएसवी एक अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय है जिसका लक्ष्य रेलवे, शिपिंग, बंदरगाहों, राजमार्गों पर राष्ट्रीय विकास योजनाओं (पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान 2021 और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति 2022) के जनादेश को पूरा करना है।

## भारत बनाम इंडिया विवाद पर सामने आई संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया

# अनुरोध मिले तभी विचार किया जाता है : गुटेरेस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जी20 रात्रिभोज निमंत्रण में उन्हें पारंपरिक प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के बजाय प्रेसिडेंट ऑफ भारत के रूप में संदर्भित करने के हालिया विवाद के बीच संयुक्त राष्ट्र ने देशों से नाम बदलने के अनुरोध पर एक बयान दिया है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बुधवार को तुर्की द्वारा पिछले साल अपना नाम बदलकर तुर्किये करने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, खैर तुर्किये के मामले में हमने सरकार द्वारा हमें सौंपे गए एक औपचारिक अनुरोध का जवाब दिया। जाहिर है, अगर हमें इस तरह के अनुरोध मिलते हैं, तो हम उन पर वैसे ही विचार करते हैं जैसे वे आते हैं। मंगलवार को भारत में विवाद खड़ा हो गया और विपक्ष ने नरेंद्र मोदी सरकार पर इंडिया को हटाकर सिर्फ भारत के नाम के साथ रहने की योजना बनाने का आरोप लगाया। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से भारत मुद्दे पर राजनीतिक विवाद से बचने के लिए कहा, यह देखते हुए कि यह देश का प्राचीन नाम रहा है।

## भारत व इंडिया में भिड़ंत कराने की हो रही साजिश : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को कहा देश में भारत और इंडिया की बीच भिड़ंत करने की कोशिश की जा रही है और इस साजिश के पीछे कौन लोग हैं इसका उनकी पहचान हो चुकी है इसलिए उन्हें देश की जनता करारा जवाब देगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, सवाल है कि एक जुड़ा हुआ भारत किसे परेशान कर सकता है। वे कौन ताकतें हैं जो 'भारत' को 'इंडिया' से भिड़वा रही हैं। आज यह सवाल बेहद जरूरी है क्योंकि यह देश के वर्तमान और भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है।' भारत छोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, आज ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ पर मैं लाखों निडर भारतीयों का धन्यवाद करता हूं।

## पूर्वी यूक्रेन पर रूस ने की अंधाधुंध गोलीबारी

# 17 लोगों की मौत; कई इमारतें क्षतिग्रस्त

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच रूसी गोलीबारी में पूर्वी यूक्रेन के एक शहर में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको के मुताबिक, रूसी हमले में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 32 लोग घायल हो गए। इससे पहले यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस शिमहाल ने बताया था कि रूसी हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हुई है। यह घटना पूर्वी यूक्रेन के एक शहर के बाजार में घटित हुई, जब रूसी गोलीबारी में 17 लोगों की मौत हो गई। यह हमला ऐसे समय पर हुआ जब यूक्रेन को मदद पहुंचाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कीव दौरे पर हैं।

ऐसी संभावना जताई जा रही है कि अमेरिका यूक्रेन को एक अरब डॉलर की वित्तीय सहायता का ऐलान कर सकता है। अधिकारियों के मुताबिक, रूसी गोलीबारी में 20 दुकानें, बिजली लाइनें, प्रशासनिक भवन सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जमीन से आसमान तक......

वो 7 सितंबर से दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। अब व्हाइट हाउस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि वो अमेरिका से जर्मनी के रैम्स्टीन शहर जाएंगे। बाइडेन को दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में ठहराया जाएगा। बाइडेन की सुरक्षा के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की टीम 3 दिन पहले ही भारत पहुंच चुकी है। बाइडेन सीक्रेट सर्विस के 300 कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। दिल्ली की सड़कों पर निकलने वाला सबसे बड़ा काफिला भी उनका ही होगा, जिसमें 55-60 गाड़ियां शामिल होंगी।

जी20 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मार्च कर रही है, गश्त और चेकिंग बढ़ा रही है। यह जानकारी गुरुवार को एक अधिकारी ने दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, शहर के हर जिले में रोजाना फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितम्बर को जी-20 सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। सम्मेलन में विश्व नेताओं की सुरक्षा के लिए देशभर के 1.5 लाख जवान तैनात किए गए हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस के जवान राजघाट इलाके में ट्रैक्टर से गश्त कर रहे हैं। भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर गजेंद्र ने गुरुवार को 10000 फीट से स्काई डाइविंग करते हुए जी-20 का झंडा फहराया। वीडियो के बैकग्राउंड में बॉलीवुड की फिल्म 83 का सॉन्ग 'लहरादो' गाना बज रहा थी ।

### पर्यावरण संवर्द्धन.....

लाख रुपए का प्रथम, मुरादाबाद को 50 लाख रुपए का द्वितीय, गुंटूर को 25 लाख रुपए का तृतीय तथा तीन लाख से कम आबादी की श्रेणी में हिमाचल प्रदेश के परवानू को 37.50 लाख का प्रथम और काला अंब को 25 लाख रुपए का द्वितीय तथा उड़ीसा के अंगुल को 12.50 लाख रुपए का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में शहरों द्वारा वायु प्रदूषण कम करने के श्रेष्ठतम प्रयासों पर केंद्रित पुस्तक सार संग्रह का विमोचन हुआ और स्वच्छ वायु कार्यक्रम की सफलता की कहानियों तथा मिशन लाइफ पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा मिशन लाइफ, गौ-काष्ठ, अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन कैप्चर, प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, क्लीन एयर प्रोजेक्ट, सेल्फी कियोस्क, सीमेंट उद्योग में प्रदूषण नियंत्रण, आदि पर केंद्रित प्रदर्शनी का फीता काट कर उदघाटन किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति और पर्यावरण से प्रेम भारत की माटी में है। भारतीय संस्कृति की मान्यता है कि प्रकृति का शोषण नहीं अपितु उसका दोहन किया जाए। हम प्रकृति से उतनी मात्रा में ही संसाधन लें जिसकी भरपाई की जा सके। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश में व्यक्तिगत,शासकीय और सामुदायिक स्तर पर कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैंने ढाई साल पहले प्रतिदिन स्वयं पौधा लागने का संकल्प लिया, मेरे इस प्रयास से लोग जुड़ते गए और अब पौधरोपण प्रदेश में अभियान बन गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राष्ट्रीय कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करने वाले नगरों को बधाई दी। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि 15 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के सभी लोगों को स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। उन्होंने स्वस्थ और उत्पादक जीवन का आश्वासन देते हुए समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से 100 से अधिक शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य और योजना की घोषणा की थी। केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट, बैटरी अपशिष्ट, निर्माण, विध्वंस अपशिष्ट और टायर तथा खतरनाक अपशिष्ट को कवर करने वाले अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की अधिसूचना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग, प्रमुख सचिव गुलशन बामरा सहित भारत सरकार के अधिकारी, विभिन्न नगर निगमों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात


**PUBLIC NOTICE**

IN THE COURT OF HON'BLE DISTRICT JUDGE- 03 & ASJ, (Special Court For Sr. Citizen) ROOM NO. 702, DISTRICT COURT, CIVIL LINES, NAGPUR (MAHARASHTRA)

R.C.A. No. 69/2023

Process No. 4383 Fixed For 17/10/2023

APPLICANT: Bhaurao and another

-VERSUS-

NON APPLICANTS: Manikrao and others.

To,

Non-Applicants : 1) Ku. Roshni Manikrao Bagde, 2) Ku. Meenakshi Manikrao Bagde, Both R/o. At. Vill. Chargaon, Post. Dorli (Bhingare), Tah. Katol, Dist. Nagpur, 3) Smt. Mayabai Madhukar Somkuwar, R/o. Seminary Hills, Gandhi Putla Chowk, Surendragadh, Nagpur.

Whereas the above named applicant has filed an Application

Regular Civil Appeal Under Sec. 96 of CPC

You are hereby informed to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed on the 17th Day of October 2023 at 11.00'O' Clock in forenoon, to answer the same Appeal / Application failing which, the said Appeal / Application will be heard and disposed off ex-parte. Also, take notice that in default of your filing an address for service on or before the date mentioned you are liable to have your defence struck out.

Given under my hand and the seal of the Court this 30th day of August 2023.

Seal

By order Superintendent Judicial Branch (T. W.) District Court, Nagpur.

Prasanna Publicity 9326927622

**न्यायालय अपर कलेक्टर (रांझी), जबलपुर**

क्रमांक 095/अपर कले./रांझी/ 2023

जबलपुर, दिनांक 5/9/2023

**आम इश्तहार**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स जय मां कंस्ट्रक्शंस, पार्टनर-(1)- नीरज जिंदल निवासी- 1- 16 नर्मदा रोड, पंचशील नगर, गिरिराज किशोर वार्ड, ग्वारीघाट जबलपुर एवं (2)- संजय कुमार लालवानी निवासी-325 शांति नगर, दमोहनाका राजीव गांधी वार्ड जबलपुर, मध्यप्रदेश के द्वारा नजूल भूखण्ड सिविल स्टेशन ब्लाक नं. 5 प्लॉट नं. 14/1 का भाग प्लाट नं. 14/ 48 रकवा 38300 वर्गफुट आवासीय भूमि स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन किये जाने हेतु म.प्र. शासन राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल क्रमांक एफ-6-75-2019-सात-शा.तीन भोपाल दिनांक 24 सितम्बर 2020 म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश अध्याय 8 के प्रारूप 15 में आवेदन किया गया है। उक्त भू-खण्ड पर शासकीय अभिलेखों में आवेदक का नाम दर्ज है। प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रचलित कार्यवाही के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर सूचना जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय अपर कलेक्टर रांझी जबलपुर के कक्ष क्रमांक 42 में लिखित रूप में अपना पक्ष / आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। तदोपरान्त प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
जबलपुर

**ईशतहार**

यह सुचित किया जाता है की ग्राम पंचायत बोरगांव को प्राप्त आवेदन मेसर्स मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्युशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (भारत सरकार) ने छिंदवाड़ा जिले में सिटी गैस वितरण नेटवर्क बिछाने निर्माण संचालन के लिये मेघासिटी गैस डिस्ट्रीब्युशन प्राइवेट लिमिटेड (एमसीजीडीपीएल) को अधिकृत किया है। इस सीजीडी परियोजना का उद्देश्य पाइप प्राकृतिक गैस (औद्योगिक, वाणिज्यिक और घरेलू ग्राहको के लिये) और संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी परिवहन वाहन के लिए) के रूप में स्वच्छ ईधन प्राप्त किये जाने हेतु ग्राम बोरगांव में प्राकृतिक गैस ईधन की आपूर्ति के लिये एमडीपीई पाइपलाइन डी 6.5 किलो लम्बाई के लिये प्राकृतिक गैस पाइप लाईन बिछाने की अनुमति चाही गई है। इस सम्बध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है। वह समयाअवधि सूचना से सात दिन के भितर अपने दस्तावेज के साथ उपस्थित होवे अन्यथा समयाअवधि के पश्चात इस सम्बंध में कोई विचार नही किया जायेगा। वास्ते सूचना सभी के ओर प्रस्तुत।

दिनांक - 06/09/2023

सचिव
ग्राम पंचायत बोरगांव

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् कोतमा, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**

Email-cmokotma@mpurban.gov.in Ph. (07858)233260

क्रमांक- 2044/ न.पा./ लो.नि./ ई-निविदा/2023 — कोतमा, दिनांक 01/09/2023

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_304185_1 04.09.2023 | वार्ड क्र. 02 में विशेष निधि योजनांतर्गत विजय ताम्रकार के बाड़ा से चौपाटी तक सी.सी. सड़क एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण तथा हनुमान मंदिर से कांजी हाउस तक आर.सी.सी. रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य। | 06 माह 12653277.00 | 12500.00 63300.00 | 06.10.2023 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद कोतमा जिला अनूपपुर (म.प्र.)

**कार्यालय नगर परिषद, निवास, जिला मण्डला (म.प्र.)**

फोन नं. ई-मेल -cmoniwas@mpurban.gov.in

NIT No. 414/PWD/NP/2023 Dated: 05-09-2023

**2nd Call Notice Inviting Tender**

Online Bids are invited From registrered contractors/firms of repute for work of water supply scheme of Nagar Parishad Niwas Towm DEVELOPMENT OF GREEN SPACES OF NIWAS PARK, DIST-MANDLA UNDER AMRUT 2.0 SCHEME: UAD_2023_279934_2 Date 06-09-2023 Probable Amount Rs. 11.86 Lacs, EMD Rs. 8,800/-, Cost of bid document Rs 2,000/- Last Date of Time of Submission of Bid 23/09/2023 & Time 17.30 Hrs. All Other details are published on website www.mptender.gov.in Further information or clarification (if Any) shall be published on website only and not in News Paper.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद निवास, जिला मण्डला (म.प्र.)

**कार्यालय नगर परिषद, निवास, जिला मण्डला (म.प्र.)**

फोन नं. ई-मेल -cmoniwas@mpurban.gov.in

NIT No. 413/PWD/NP/2023 Dated: 05-09-2023

**2nd Call Notice Inviting Tender**

Online Bids are invited From registrered contractors/firms of repute for work of water supply scheme of Nagar Parishad Niwas Towm REJUVENATION WORK OF PARSA POND IN NIWAS UNDER AMRUT 2.0 SCHEME: UAD_2023_278328_2 Date 06-09-2023 Probable Amount Rs. 20.10 Lacs, EMD Rs. 15,000/-, Cost of bid document Rs 5,000/- Last Date of Time of Submission of Bid 23/09/2023 & Time 17.30 Hrs. All Other details are published on website www.mptender.gov.in Further information or clarification (if Any) shall be published on website only and not in News Paper.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद निवास, जिला मण्डला (म.प्र.)

**कार्यालय कलेक्टर (अनु.जाति / जनजातीय कार्य विभाग) कटनी म. प्र.**

Email-dotw.ktn@mp.gov.in Phone-07622-221360

पत्र क्र. / 1686 / निर्माण / आ.जा.क. / 2023-24 — कटनी दिनांक 23-08-2023

**- ई-निविदा विज्ञप्ति -**

**जोनल निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य / सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से तालिका में अंकित निर्माण कार्यों हेतु, परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग (पी. आई. यू) म. प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 15 सितम्बर 2022 से भवन एवं विधुत कार्य हेतु प्रभावशील लोक निर्माण विभाग की प्रचलित एस.ओ.आर. (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय की प्रारंभ तिथि 04/09/2023 समय 11.30 बजे से
2. ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 18/09/2023 तक है ।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 20/09/2023 है। निविदा की विस्तृत शर्ते निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां https//mpetenders. gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम एवं लागत | निविदा आमंत्रण एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य | लागत लाख में | अमानत राशि लाख में | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कटनी जिले के विकासखण्ड कटनी / विजयराघवगढ़ / बहोरीबंद / ढीमरखेड़ा/ बड़वारा / रीठी अन्तर्गत विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के छात्रावास आश्रम शाला भवनों में शासन से प्राप्त आवंटन से विभिन्न लघु निर्माण कार्य का संपादन जैसे - शौचालय, स्नानागृह, सेट का निर्माण, अतिरिक्त कक्ष का निर्माण / कंपाउंडवॉल का निर्माण कार्य/पेयजल व्यवस्था का कार्य ( पाईप लाईन / फिटिंग / नलकूप खनन / कूप निर्माण कार्य / पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य / नाली निर्माण / भवनों में खिड़की-दरवाजे / छत, फर्श पेटिंग, आदि के कार्य सेनेट्री / सीवर / लाईन फिटिंग कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु। वार्षिक दर (365 दिवस) अनुबंध। | प्रथम 12500 | 160.00 (एक करोड साठ लाख रुपये) | 1.60 (एक लाख साठ हजार) | 'स' श्रेणी एवं अधिक | प्रतिकार्य आदेश से 03 माह तक (वर्षा काल सहित) |

निविदा आमंत्रण सूचना हेतु विस्तृत शर्ते निम्नानुसार है -

1. उक्त निविदाओं को बेवसाईट पर आनलाईन भुगतान कर निविदा पत्र ( टेन्डर डाक्यूमेट बेवासाईट https//mpetenders. gov.in के माध्यम से क्रय किया जा सकता है।
2. कार्य संबंधी विवरण एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संसोधन बेवसाईट https//mpetenders. gov.in पर देखी जा सकती है पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
3. समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें, शीघ्र अतिशीघ्र बिड जमा करें। बेवसाईट पर किसी प्रकार की असुविधा के लिये विभाग उत्तरदायी नही होगा ।
4. वित्तीय प्रस्ताव किसी भी स्थिति में आफलाईन (हार्ड कॉपी में) मान्य नहीं होगा। यदि वित्तीय प्रस्ताव मोहरबंद लिफाफे में या अन्य किसी भी प्रकार से आफलाईन दिया गया तो वह बिड अमान्य कर दी जायेगी।

( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-19340/23

जिला संयोजक
वास्ते - कलेक्टर कटनी

# देश-प्रदेश

उवाच

## तथ्यों को जाने बिना पीएम का टिप्पणी करना अनुचित

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तथ्यों की ठीक से जांच किए बिना उदयनिधि स्टालिन के बयान पर टिप्पणी करना 'अनुचित' है। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म में अमानवीय प्रथाओं' के बारे में कुछ टिप्पणी की थी, जिसके बारे में पहले भारतीय उपमहाद्वीप के थानथाई पेरियार, महात्मा गांधी, श्री नारायण गुरु, बाबा साहेब अम्बेडकर, वल्लालर और वैकुंठर जैसे महान समाज सुधारक भी कह चुके हैं।



### मुख्यमंत्री ने पत्रकार समागम में की कई घोषणाएं

# भोपाल में बनेगा सर्वसुविधायुक्त स्टेट मीडिया सेंटर

- बुजुर्ग पत्रकारों की सम्मान निधि बढ़ाई, बढ़ा प्रीमियम सरकार भरेगी
- पत्रकारों के उपचार के लिए सहायता राशि में की वृद्धि



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भोपाल के मालवीय नगर में पत्रकार भवन की भूमि पर स्टेट मीडिया सेंटर बनाया जाएगा। इस नवनिर्मित भवन में सभागार, पुस्तकालय, कैंटीन, सामान्य कक्ष सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे।

श्री चौहान आज मुख्यमंत्री निवास में पत्रकार समागम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के वरिष्ठ व बुजुर्ग पत्रकारों को मासिक सम्मान निधि की राशि बढ़ाने, बीमे की प्रीमियम राशि सरकार द्वारा भरने सहित कई घोषणाएं भी की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीडिया के लिए मेरे मन में बहुत आदर का स्थान है,पत्रकार साथी दिन-रात कार्य करते हैं, अनेक कठिनाइयों के बीच वे तथ्यों और समाचारों को जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। यही नहीं सरकार और अन्य सभी के लिए सेतु के रूप में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

इस पत्रकार समागम में पहली बार राजधानी में प्रदेश के कई जिलों के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, न्यू मीडिया के विभिन्न माध्यमों और सोशल मीडिया के अलग-अलग माध्यमों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। राजधानी भोपाल के अलावा प्रमुख नगरों इंदौर, उज्जैन, सागर, रीवा, शहडोल, चंबल, ग्वालियर और नर्मदापुरम सहित सभी संभागों से बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी भी यहां पहुंचे हुए थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संबोधन के बाद मीडिया के साथियों से भेंटकर कर चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और जनसंपर्क विभाग के सचिव विवेक पोरवाल, आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह, जनसंपर्क संचालक आशुतोष प्रताप सिंह और मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### दिखा आत्मविश्वास, शिवराज बोले- हम फिर आ रहे हैं

पत्रकार समागम में मुख्यमंत्री श्री चौहान का गजब का आत्मविश्वास देखने को मिला। भाषण के अंत में श्री चौहान ने कहा कि मैंने जो घोषणाएं की हैं वह इसी कार्यकाल में पूरी होंगी। मैं एक बात और कह देता हूं कि हम फिर आ रहे हैं। आप सबके हित में आगे भी निर्णय लेंगे।

### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने समिति बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने लम्बे समय से चली आ रही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए सहमति जताई। उन्होंने कहा कि इसके लिए वरिष्ठ पत्रकारों की समिति गठित की जाएगी। इस समिति से मिले सुझावों पर राज्य शासन द्वारा अमल किया जाएगा और उसी के मुताबिक पत्रकार सुरक्षा कानून का स्वरूप होगा।

### मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं की

श्री चौहान ने समागम में पत्रकारों के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। प्रदेश के वरिष्ठ व बुजुर्ग पत्रकारों की मासिक सम्मान निधि की राशि 10 हजार के स्थान पर 20 हजार रुपए करने, सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार के अवसान की स्थिति में परिवार को 8 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। बीमार होने पर पत्रकारों को 20 हजार के स्थान पर 40 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। गंभीर बीमारी में यह राशि 50 हजार के स्थान पर 1 लाख रुपए होगी। अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत अधिकतम ऋण की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपए की जाएगी। बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम राशि में 27 प्रतिशत वृद्धि की गई थी, बढ़ी हुई राशि पत्रकारों को नहीं भरना होगी। राज्य सरकार बढ़ी हुई राशि वहन करेगी। गत वर्ष की तरह ही पत्रकारों को प्रीमियम देना होगा। 65 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ पत्रकारों को बीमा के लिए प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा भरा जाएगा। पत्रकारों के जीवनसाथी (पति/पत्नी) के बीमा का प्रीमियम भी राज्य सरकार भरेगी। अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के बेटे-बेटियों की शिक्षा के लिए बैंक से ऋण पर उसके ब्याज पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्ष के लिए राज्य सरकार वहन करेगी। प्रदेश के छोटे शहरों और कस्बों के पत्रकार साथियों की जरूरत के अनुसार उन्हें भोपाल में डिजिटल तकनीक का प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। इसके लिए माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय भोपाल का सहयोग भी प्राप्त किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री और चुनाव प्रभारियों ने किया भूमि पूजन

# जम्बूरी में 25 को होगा कार्यकर्ता महाकुंभ, मोदी आएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ आयोजित करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महाकुंभ को संबोधित करेंगे। पार्टी नेताओं का दावा है कि इस सम्मेलन में बूथ स्तर के तकरीबन 10 लाख कार्यकर्ता जुटेंगे। इस आयोजन के लिए कार्यक्रम स्थल का आज मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भूमिपूजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर पार्टी नेताओं ने स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर चित्र पर माल्यार्पण किया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 25 सितंबर को होने वाला कार्यकर्ता महाकुंभ को सफल बनाने के लिए हम सभी को काम में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक सफलता सुनिश्चित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए चुनाव में जुट जाने की बात कही। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्येक बूथ से लगभग 10 लाख कार्यकर्ताओं का जंबूरी मैदान में महाकुंभ होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उन्हें विजय का संकल्प देंगे।

भूमिपूजन के दौरान केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा व प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, वरिष्ठ नेता उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग, उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जी.पी.एस. राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष व भोपाल उत्तर विधानसभा के प्रत्याशी आलोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर, राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ राघवेंद्र शर्मा, मध्य विधानसभा के प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा, पूर्व मीडिया प्रभारी दीपक विजयवर्गीय, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : मुख्यमंत्री निवास में देर रात तक गूंजे भक्ति और आराधना के स्वर



**भोपाल, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मुख्यमंत्री निवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृंदावन के कलाकारों ने बृजवंदना, भक्ति गीत, भजन और नृत्य मधुर संगीत के साथ प्रस्तुत किए। इस अवसर पर गायक और नर्तक कलाकार दल ने भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति में अनेक भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी भजन गाए।

मुख्यमंत्री और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान ने समारोह में पधारे श्रीकृष्ण भक्तों का आत्मीय स्वागत किया और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव, सांसद वी.डी. शर्मा, हितानंद शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर भगवान श्रीकृष्ण की विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि धर्म की रक्षा और दुष्टों के संहार के लिए मैं बार-बार जन्म लेता रहूंगा। हमारी सनातन संस्कृति हजारों साल पुरानी है। सनातन संस्कृति दुनिया को राह दिखाएगी।

## मोटरसाइकिलों की टक्कर में 5 की मौत

राजकोट (गुजरात), एजेंसी। गुजरात के राजकोट शहर के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में कम से कम पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

दुर्घटना बुधवार रात सरदार-भूपगढ़ रोड पर हुई।अजीदम थाना प्रभारी एसआई ए.जे. परमार द्वारा प्रारंभिक जांच निष्कर्षों के अनुसार एक मोटर साइकिल चालक के लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ। पीड़ितों की पहचान दिलीप भूरिया (25), अर्जुन मेड़ा (18), दिनेश राठौड़ (30), देवगन मकवाना, (22) और राजेश राठौड़ (22) के रूप में हुई है। सभी राजकोट जिले के साजादियाली गांव के निवासी हैं। भूरिया, मेड़ा और दिनेश किराने की खरीदारी के लिए मोटरसाइकिल पर सरदार गांव जा रहे थे, जबकि मकवाना और राजेश अपने दोपहिया वाहन पर सरदार से भूपगढ़ जा रहे थे।

# सनातन धर्म पर की गयी टिप्पणी से हम सहमत नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने सनातन धर्म को लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सहयोगी तमिलनाडु में द्रमुक सरकार के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान से किनारा करते हुए कहा है कि पार्टी इस तरह की टिप्पणियों से सहमत नहीं है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस सभी धर्मों को साथ लेकर के चलती है और किसी को कम ज्यादा करके आंकने के खिलाफ है। संविधान इस तरह की टिप्पणियों के विरुद्ध है और कांग्रेस में भी हमेशा सभी धर्मों का सम्मान करने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा 'कांग्रेस इस तरह की टिप्पणियों के साथ नहीं है और हमारी पार्टी ऐसी टिप्पणियों का समर्थन नहीं करती। हम सभी धर्मों को साथ लेकर चलते हैं।

किसी धर्म या पंथ को कम ज्यादा नहीं करना चाहिए। संविधान भी इसकी इजाजत नहीं देता और कांग्रेस की परंपरा भी ऐसी नहीं है। कांग्रेस सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। पहले भी स्पष्ट तौर पर कह चुकी है कि इसकी तरह की टिप्पणियों से कांग्रेस सहमत नहीं है।'

गौरतलब है कि श्री स्टालिन इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल द्रमुक के नेता तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे हैं जिन्होंने सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी बयान दिया है।

## जम्मू में आयोजित होगा पहला 'एयर शो'

**श्रीनगर।** वायु सेना (आईएएफ) के लड़ाकू विमान जम्मू में पहली बार 'एयर शो' में पश्चिमी सीमाओं के करीब आसमान में अपना करतब दिखाएंगे। जम्मू में शुरू 21 सितंबर को आयोजित होने वाला पहला एयर-शो है, जो भारतीय वायुसेना द्वारा आठ अक्टूबर, 2023 को अपनी 91वीं वर्षगांठ के हिस्से के रूप में मनाएगा। इस दौरान पाकिस्तानी सीमा के निकट आसमान में सुखोई, राफेल जैसे लड़ाकू विमान और अपाचे जैसे युद्ध-हेलीकॉप्टर अपना करतब दिखाते नजर आएंगे।

## कुनबी मराठों के लिए आरक्षण कोटा का आदेश जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को 'निजाम युग' के कुनबी जाति (ओबीसी) दस्तावेजी प्रमाण वाले लोगों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने का आदेश जारी किया। इसका मतलब यह होगा कि कुनबी जाति प्रमाण के साथ मराठा ओबीसी आरक्षण के लिए पात्र होंगे। इससे जालना में पिछले 10 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे मनोज जारांगे-पाटिल की मांगों में से एक पूरी हो जाएगी।

# जी-20 शिखर सम्मेलनः होटलों में रखे जाएंगे हथियार और गोला-बारूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 9-10 सितंबर को आयोजित किए जाने वाली जी-20 समिट से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन 9 से 10 सितंबर तक प्रगति मैदान के नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र 'भारत मंडपम' में आयोजित किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन में 30 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, यूरोपीय संघ और आमंत्रित अतिथि देशों के शीर्ष अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 14 प्रमुखों के शामिल होने की संभावना है।

**26/11 को ध्यान में रखते हुए तमाम सुरक्षा उपाय-**

दुनियाभर के तमाम बड़े नेताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए और सम्मेलन के दौरान आतंकवादी हमले की स्थिति में गोला-बारूद की किसी भी कमी से बचने के लिए, खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली के होटलों में खास हथियार इकट्ठा किए हैं। सूत्रों ने कहा कि इससे कमांडो को ऑपरेशन के दौरान गोलियों और अन्य हथियारों की निर्बाध आपूर्ति हो सकेगी।

गोलियों के अलावा, इन स्टोरहाउस में सैनिकों के लिए भरी हुई मैगजीन, चिकित्सा आपूर्ति, स्टन और स्मोक ग्रेनेड, वायरलेस सेट चार्जर, यहां तक कि बैकअप हथियार भी होंगे। 26/11 के आतंकवादी हमले को ध्यान में रखते हुए तमाम सुरक्षा उपाय किए गए हैं। एक खुफिया अधिकारी ने कहा, 2008 में मुंबई में आतंकवादी हमलों के बाद दिग्गजों द्वारा दिए गए कई सुझावों को जी-20 शिखर सम्मेलन के सुरक्षा उपायों में शामिल किया गया है। अधिकांश उपाय किसी भी इमरजेंसी हालात से बचने से जुड़े हैं।

**बैकअप के लिए रहेगी हथियारों की सप्लाई चेन**-ऐसे हथियार रखने का विचार कुछ महीने पहले लुटियंस दिल्ली में एक सुरक्षा तैयारी बैठक के दौरान रखा गया था। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया, यह फैसला लिया गया कि कमांडो के लिए बैकअप के रूप में सप्लाई चेन बनाए रखी जाएगी। अगर कोई हमला होता है, तो सप्लाई टीम जरूरी सामानों के साथ मुख्य टीम के साथ चलेगी। उन्हें आपूर्ति के लिए वापस भागना नहीं पड़ेगा। और यह ध्यान रखा जाएगा कि ऑपरेशन बिना किसी गड़बड़ी या बाधा के पूरा हो जाए।

हथियारों के अलावा, सुरक्षा एजेंसियों ने होटलों के आसपास उड़ान भरने वाले किसी भी ड्रोन को गिराने के लिए सभी होटलों की छत पर ड्रोन-विरोधी तंत्र स्थापित किए हैं। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रगति मैदान को नो-फ्लाई जोन घोषित किए जाने की संभावना है।

## गाजियाबाद में घरों की छतों पर जाने पर पाबंदी

जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में लोगों को अपने ही घरों की छतों पर जाने को लेकर पाबंदी लगा दी गई है प्रशासन की तरफ से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि कोई भी व्यक्ति अपने घर की छत पर भी नहीं जाएगा। यहां तक कि अगर वॉशरूम छत पर बने हैं तो उसके इस्तेमाल के लिए भी जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। जी-20 समिट के दौरान सुरक्षा के लिए हिंडन एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने इस इलाके में रहने वाले लोगों से कहा कि वह 7-9 सितंबर तक अपने घरों की छत पर भी ना जाएं। इतना ही नहीं, इन तीन दिनों के दौरान पुलिस के जवान भी एयरपोर्ट के पास बने मकानों की छत पर तैनात किए जाएंगे।

**पड़ोसियों के बाथरूम का करें इस्तेमाल**-हिंडन एयरपोर्ट को शिखर सम्मेलन के लिए आने वाले विदेशी मेहमानों के लिए तैयार किया जा चुका है। मेहमानों की सुरक्षा के मद्देनजर इसके साथ ही एयरपोर्ट के 500 मीटर के दायरे में रहने वाले लोगों से कहा गया है कि अगर उनके घर की छत के ऊपर बाथरूम भी बना है तो उसमें भी वह नहीं जाएंगे। लोगों को सलाह दी गई है कि छत पर बने टॉयलेट्स की जगह वह पड़ोसियों के बाथरूम का इस्तेमाल करें।

# जेएनयू में दिव्यांग छात्र की पिटाई, हालत गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां पीएचडी कर रहे एक दिव्यांग छात्र फारुख आलम की पिटाई का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है. फिलहाल गंभीर हालात में छात्र को एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**एनएसयूआई ने विद्यार्थी परिषद पर लगाया आरोप, कहा- विवि में अब वैचारिक बहस नहीं, मारपीट होती है**

विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एनएसयूआई के छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों पर मारपीट आरोप लगाया है. उनका कहना है कि जिस तरीके से परिसर के अंदर विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने एक दिव्यांग छात्र के साथ मारपीट की है, यह काफी निंदनीय है.एनएसयूआई छात्रों का कहना है कि जेएनयू परिसर अब पढ़ाई के लिए कम और मारपीट के लिए अधिक जाना जा रहा है. इसके लिए विद्यार्थी परिषद जिम्मेदार हैं, इस संगठन को प्रशासन और राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। एनएसयूआई के छात्रों ने बताया कि घायल छात्र इस विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रहा हैं। उसकी पीएचडी दो महीने में खत्म होने वाली है.बुधवार दोपहर जेएनयू प्रशासन एक पुराने मामले में कावेरी हॉस्टल में रह रहे पीड़ित छात्र का कमरा खाली कराने के लिए आया था. जेएनयू प्रशासन के साथ विद्यार्थी परिषद से जुड़े कुछ छात्र भी आये थे, जिन्होंने ना सिर्फ लड़ाई झगड़ा किया, बल्कि दिव्यांग होने के बावजूद उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। इस दौरान वह बेहोश हो गया, जिसके बाद उसे एम्बुलेंस से एम्स में भर्ती कराया गया।

## करीब ढाई किलो तस्करी के सोने के साथ शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने भुवनेश्वर में छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और बिस्कुट और बार के रूप में 2.465 किलोग्राम विदेशी-चिह्नित तस्करी का सोना बरामद किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भुवनेश्वर में कई जगहों पर छापेमारी की गई। अधिकारी ने कहा, 'जांच से पता चला कि सोना अवैध रूप से देश में तस्करी कर लाया गया था। इसे जब्त कर लिया गया है और सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।' आरोपी को एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उससे आगे की पूछताछ होगी। मामले की जांच जारी है।

# सरकारी दस्तावेजों में अब भारत ही दिखेगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन की ओर से जी-20 देशों के डिनर के लिए जारी पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया तो हलचल मच गई। इसके बाद जब आसियान समिट के लिए जारी सूचना पत्र में भी प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत दिखा तो कयास तेज हो गए कि शायद देश का नाम ही बदलने वाला है। इसके लिए संविधान में संशोधन तक के कयास लगने लगे। इस बीच खबर है कि सरकार ऐसा कुछ नहीं करने जा रही।

संविधान में संशोधन करने या फिर संसद में कोई प्रस्ताव लाकर ऐसा करने की कोशिश नहीं होगी। इसकी बजाय नैरेटिव के लेवल पर यह प्रयास किया जाएगा कि देश को इंडिया की बजाय भारत नाम से ही संबोधित किया जाए।

इसके लिए सरकार सभी अधिसूचनाओं, निमंत्रण पत्रों, सरकारी योजनाओं में भारत का इस्तेमाल शुरू करेगी। अब तक चली आ रहीं स्किल इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं में कोई बदलाव भी नहीं होगा। लेकिन नई स्कीमों में भारत नाम ही शामिल रहेगा। पहले ही सरकार कर्मयोगी भारत, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की शुरुआत कर चुकी है। इसके अलावा होम मिनिस्टर अमित शाह पहले ही आईपीसी को बदलकर भारतीय न्याय संहिता करने और सीआरपीसी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता करने का प्रस्ताव दे चुके हैं। इसके अलावा इंडियन एविडेंस ऐक्ट भी अब भारतीय साक्ष्य बिल कहलाने लगा है।

हाल ही में सरकार ने ड्रोन्स को बढ़ावा देने के लिए भी एक योजना शुरू की है। इस योजना का नाम भारत ड्रोन शक्ति रखा गया है। इससे पहले योजनाओं के नाम मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया रहे हैं।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO 2708264P, RANK- HAV (CLK), NAME- SANTOSH KUMAR JHA, UNIT-DUTY COY, GRC JABALPUR MP 482001 (25 GRENADIERS) R/O VILLAGE- SUNDARPUR BHITTHI, POST- KHARRA, TEH- RAHIKA, DISTT-MADHUBANI, STATE-(BIHAR) PIN-847212 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम MADHURI KUMARI दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम MADHURI JHA हैं जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम MADHURI JHA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावें।

गलत नाम - MADHURI KUMARI
सही नाम - MADHURI JHA

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 67 2022-2023 दिनांक 23/08/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्रीमती शबाना आजमी, पति- नौशाद अहमद, 2. श्रीमती नूर आशमा, पति- पति- श्री शेख इमरान, ने भवन क्रमाक- 2674/4, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000366802 जलकर पिन नं. ...., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री अब्दुल नुमान खान, पिता- अब्दुल सईद खान, वार्ड शहीद अ.हमीद वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., निर्मित भूतल 700 व.फु. आर.सी. सी., प्रथमतल 400 व.फु. आर.सी.सी., विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 62 2022-2023 दिनांक 21/08/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्री शेख नजीरूद्दीन मंसूरी, पिता- शेख मेहिनुद्दीन, 2. श्रीमती बेबी शबान मंसूरी, पति- श्री शेख निजामुद्दीन मंसूरी, ने भवन क्रमाक- 4110/18, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000446232 जलकर पिन नं. ...., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - डॉ. रहीम शाह, पिता- श्री नजीर शाह, वार्ड सुभाष चंद बोस वार्ड , निर्मित भूतल 850 व.फु. आर.सी. सी., विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि. 06/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सामंत आहुजा पिता श्री रनबीर राय आहुजा ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक पीएनडी-13 प्रियदर्शनी कालोनी के पीछे सम्पत्ति के पिन क्रमांक 47902194, 1002151551 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 740 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल ... व.फु. प्रथम तल ... द्वितीय तल... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र, विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती रागिनी सिंह पति श्री महेन्द्र सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि. 06/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लाल विनोद प्रताप सिंह पिता लाल हनमत प्रसाद सिंह, श्रीमती प्रियंका सिंह पति लाल विनोद प्रताप सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरागना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक 1079/8 पिंक सिटी बिलहरी के पिन क्रमांक 1000381721 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा .... वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 695 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 695 आरसीसी द्वितीय तल... वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र, विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती आशीन नजरूल हक पति मो. नजरूल हक, मो. नजरूल हक पिता अबदुल हक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

जबलपुर, शुक्रवार 08 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# धार्मिक मुद्दे को तूल देते पीएम

इसे किसी भी देश के लिये सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण कहा जा सकता है कि वहां की सरकार धार्मिक विवादों को शांत करने की बजाये उसे और भड़काये। इतना ही नहीं, ज्यादा दुखद तो यह होता है कि वह उस विवाद में बाकायदा एक पार्टी बन जाये और ऐसे विवादों का सियासी लाभ लेने की हर घड़ी जुगत बिठाये। भारत के साथ यह होता साफ दिख रहा है और वह भी अभी से नहीं बल्कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र में बनी है, इस प्रकार के मुद्दों का उपयोग वह अपनी सत्ता को बचाये रखने या फिर पाने के लिये करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस खेल में दिन-ब-दिन सिद्धहस्त होते जा रहे हैं। ऐसा करने से उन्हें राजनैतिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु ऐसा करना न देश के लिये उचित है और न ही समग्र लोकतंत्र के भले में है। संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति के लिये मज़हबी मतभेदों को समाप्त करने की पहल करनी चाहिये, न कि उन्हें और भी तूल देने की।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र व मंत्री उदयनिधि का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है जिसमें उन्होंने सनातन धर्म को डेंगू व मलेरिया के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा कि जितनी जल्दी उसका उन्मूलन हो उतना ही अच्छा। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव हारने से बौखलाई भाजपा और स्वयं मोदी मुद्दों की तलाश में हैं। कांग्रेस की अगुवाई में बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' के लगातार मजबूत होने तथा अपने कारोबारी मित्र गौतम अदानी से उनकी कथित सांठ-गांठ के कारण मोदी की छवि काफी दरक चुकी है। ठीक एक साल पहले निकाली गई राहुल गांधी की बेहद सफल 'भारत जोड़ो यात्रा' का सीक्वल आ ही रहा है। इस बार राहुल पश्चिम से पूरब की तरफ देश को अपने कदमों से नापने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इससे रही-सही कसर भी पूरी हो जायेगी और पहले से नाजुक स्थिति में चल रही भाजपा की सांसें इसी वर्ष के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पूरी तरह से उखड़ सकती हैं। 2024 के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के लिये उसे मुद्दों की सख़्त दरकार है क्योंकि उसका साम्प्रदायिक चेहरा मणिपुर, नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई घटनाओं से पूर्णत: बेनकाब हो गया है। जनता जान गई है कि देश इसका खामियाजा भुगत रहा है। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी जान गई है कि मोदी और हिन्दुत्व के चेहरे पर अगले चुनाव की वैतरणी पार होने से रही। यह सरकार जन सरोकार के मामले में पहले ही नाकाम हो चुकी है जिसके कारण वह किसी भी मुद्दे को लेकर जनता को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रही। इसलिये उसके सामने ध्रुवीकरण के अलावा कोई चारा दिखाई नहीं देता।

अदानी का मुद्दा देश-विदेश दोनों जगहों पर छाया हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद हाल ही में वही कहानी दुनिया के दो प्रतिष्ठित अखबारों 'गार्डियन' एवं 'दी फाइनेंशियल टाइम्स' ने आगे बढ़ा दी है। इनमें छपी रपटें बताती हैं कि अदानी ने अनेक तरह की वित्तीय अनियमितताएं कीं और मोदी सरकार उन्हें प्रश्रय देती रही, बचाती भी रही। इसके साथ ही राहुल गांधी सच साबित होते चले गये जिन्होंने अदानी-मोदी रिश्तों की बात उठाई, जिसके कारण अपनी सांसदी खोई। यह अलग बात है कि उनकी लोकसभा सदस्यता छीनने का बहाना एक टुच्चा सा अवमानना का अदालती मामला था जिसके आधार पर उन्हें अधिकतम (दो साल) सजा सुनाई गई ताकि वे सदन से रुख़सत किये जा सकें। सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द की जिससे राहुल को सदस्यता व शासकीय आवास लौटाया गया। अब राहुल फिर से अनेक यूरोपीय देश जा रहे हैं जहां वे कई जगहों पर भाषण देंगे। पहले की तरह मोदी की मुश्किलें बढ़नी तय हैं।

बहरहाल, विपक्षी गठबन्धन के नाम से परेशान मोदी सरकार ने देश का 'इंडिया' नाम ही हटा दिया और अब वह सरकारी दस्तावेजों से 'इंडिया' शब्द हटाकर 'भारत' लिख रही है। इसे राष्ट्रवाद का नया काढ़ा कहा जा सकता है जो उनके समर्थकों को अपने खेमे में बनाये रखने के लिये तैयार किया गया है क्योंकि भाजपा के चिर-परिचित फार्मूले बेकार साबित हो गये हैं। इनमें चीन को लाल आंखें दिखलाना, पाकिस्तान को घर में घुसकर मारना, 56 इंच आदि शामिल हैं। वैसे इंडिया बनाम भारत का मसला भी पार्टी में पर्याप्त ऊर्जा नहीं भर पा रहा है क्योंकि इसके पहले कि भाजपा के आईटी सेल की रचनात्मकता जोर मारती, केन्द्र के एक मंत्री ने ही कह दिया है कि 'इंडिया' भी रहेगा और 'भारत' भी।

ऐसे में उदयनिधि का बयान भाजपा के लिये अंधे को मिलने वाली दो आंखें साबित हुआ है। बुधवार को हुई केबिनेट की बैठक में मोदी ने अपने मंत्रियों को निर्देश दिये कि इंडिया-भारत के मुद्दे पर चुप रहें लेकिन सनातन वाले मुद्दे पर कसकर जवाब दें। यह इस बात की बानगी है कि मोदी राज में सरकार व भाजपा किस प्रकार से गड्डु-मड्डु हो चुके हैं। मोदी भूल गये कि वे पार्टी बैठक या चुनावी रैली में नहीं बल्कि शासकीय बैठक में बोल रहे हैं। वहां बैठकर उन्हें देश को इस गर्मा-गर्मी से बाहर निकालना चाहिये था जिससे देश में साम्प्रदायिक तनाव न बढ़े। संवैधानिक पद पर बैठे पीएम को मंत्रियों को निर्देशित करना चाहिये था कि इस मामले को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सुलटाया जाये। वैसे मोदी से ऐसी उम्मीद करना बेकार है क्योंकि वे स्वयं ही चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन कर आम सभाओं में गौमाता, राममंदिर, बजरंग बली आदि के नाम पर वोट मांगते हैं।

# हिंदुत्व की जगह सनातन का बाना धारण करने की जुगत

■ बादल सरोज

तमिलनाडु में साहित्यकारों और कलाकारों की एक वैचारिक सभा में डीएमके के युवा नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के उन्मूलन वाले बयान के बाद भाजपा और संघ बवाल मचाने में भिड़ा है। सनातन उन्मूलन सम्मेलन में भाग लेते हुए पहले उदयनिधि स्टालिन ने भारतीय मुक्ति संग्राम में आरएसएस का योगदान शीर्षक से व्यंग्य चित्रों वाली एक पुस्तक का विमोचन किया था ; भक्त इसके बारे में एक भी शब्द नहीं बोल रहे, वे इसके बाद दिए गए भाषण में उन्होंने सनातन धर्म को लेकर जो टिप्पणियां की थी उन्हें लेकर भनभनाये हुए हैं। उदयनिधि स्टालिन ने अपने संबोधन में सम्मेलन के शीर्षक को बहुत अच्छा बताया और इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि 'सनातन विरोधी सम्मेलन' के बजाय 'सनातन उन्मूलन सम्मेलन' रखा जाना इसलिए ठीक है क्योंकि हमें कुछ चीज़ों को ख़त्म करना होगा। सिर्फ उनका विरोध करने से काम नहीं चल सकता। जैसे मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना वायरस इत्यादि का विरोध करना काफी नहीं होता, उन्हें खत्म करना होता है ठीक उसी तरह सनातन धर्म भी ऐसा ही है जिसका हमें विरोध नहीं करना है बल्कि इसका उन्मूलन करना है। उन्होंने कहा कि सनातन समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ़ है। 'सनातन सिद्धांत और लोकतांत्रिक सिद्धांत के बीच दो हज़ार साल पुराना संघर्ष है. वे वर्षों पहले मौजूद सनातन सिद्धांत को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। फासीवादी ताक़तें हमारे बच्चों को पढ़ने से रोकने के लिए कई योजनाएं लेकर आ रही हैं। सनातन की नीति यही है कि सबको नहीं पढ़ना चाहिए। एनईईटी परीक्षा इसका एक उदाहरण है।' उन्होंने चेतावनी दी कि 'अगर सनातन सत्ता में वापस आते हैं, तो वर्णाश्रम और जातिगत भेदभाव फिर से अपना सिर उठाएगा।' इसलिए 'हमारा पहला काम सनातन को हटाना है न कि केवल उसका विरोध करना। सनातन समानता और सामाजिक न्याय का विरोध करता है. इसका मतलब है वो चीज़ जो स्थायी हो यानी ऐसी चीज़ जो कभी न बदली जा सके, जिस पर कोई सवाल न उठाए. यही सनातन का अर्थ है।'

जिस सनातन को लेकर इतना हल्ला मचाया जा रहा है वह सनातन क्या है इस पर आने से पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि पिछले कुछ महीनों- अधिकतम एक साल- से आरएसएस और उसके कुनबे की भाषा में अचानक सनातन के इतनी प्रमुखता हासिल करने के पीछे मकसद क्या है? गोलवलकर की 1939 में लिखी किताब 'हम और हमारी राष्ट्रीयता', जिसे आरएसएस ने अभी तक आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया, फिलहाल उससे अपनी असंबद्धता ही जाहिर की है, उसमें हिन्दू राष्ट्र में रहने की 5 योग्यतायें गिनाते समय एक धर्म-सनातन धर्म- का उल्लेख छोड़कर अभी तक संघ के प्रचार साहित्य में भी सनातन का उस तरह जिक्र नहीं मिलता जिस तरह हाल के कुछ महीनो में शुरू हुआ है। हर जगह हिन्दू पहचान, हिन्दू धर्म, हिंदुत्व और उस पर आधारित हिन्दू राष्ट्र की बात मिलती है। हिंदुत्व भी वह वाला जिसे उन सावरकर ने परिभाषित किया था जो खुद किसी धर्म में विश्वास नहीं करते थे और घोषित रूप से स्वयं को नास्तिक बताते थे। संघ द्वारा अचानक से हिन्दू धर्म और हिंदुत्व को कब और क्यों गंगा में सिरा दिया गया और बंद अंधेरी गुफा में पड़े सनातन की प्राणप्रतिष्ठा कर दी गई? यह अचानक नहीं हुआ। इसकी भी एक क्रोनोलॉजी है। मुख्य वजह यह है कि हिंदुत्ववादी साम्प्रदायिकता के उभार के बाद से देशभर में चले विमर्श में हिंदुत्व के वर्णाश्रम, जाति श्रेणी क्रम के अमानवीय आधार, लोकतंत्र और समता के निषेध के आपराधिक रूप जनता के सामने आये हैं-नतीजे में इसकी अमानुषिकता उजागर हुई है। इनके कथित सामाजिक समरसता के अभियानों के बावजूद दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़े समुदायों और महिलाओं के एक बड़े हिस्से में हिंदुत्व के असली चेहरे की भयावहता सामने आई है-उनकी इसके प्रति अरुचि बढ़ी है, अविश्वास बढ़ते-बढ़ते तिरस्कार भाव तक पहुंचने लगा है। इसी के साथ, इसी बीच, हिन्दू शब्द के उद्गम को लेकर आई जानकारियों ने भी इस गिरोह को असुविधा में डाला है। लिहाजा बहुत ही सोचे-समझे तरीके से पिछले कुछ महीनों से इस कुनबे ने सनातन का नया बाना धारण करना शुरू कर दिया है।

> **जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई।**

हालांकि जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई। बंगाल के नवजागरण सहित ब्रह्मोसमाज आन्दोलन, दक्षिण के जाति और वर्णाश्रम विरोधी मैदानी और वैचारिक संघर्षों, महाराष्ट्र के सामाजिक सुधारकों की मुहिमों और खासकर उत्तर भारत में मूर्तिपूजा, अंधविश्वास और एक हद तक जाति-विरोधी आन्दोलन आर्य समाज के बरक्स असमानता, ऊंच-नीच और भेदभाव का धुर पक्षधर पुराणपंथ सनातन के नाम पर गिरोहबंद हुआ। 18वीं और 19वीं सदी में सनातनियों का सबसे बड़ा युद्ध जिस आर्य समाज के साथ हुआ था उस आर्य समाज का तो नारा ही वेदों की ओर वापस लौटने का था इसलिए सनातन धर्म का वैदिक धर्म के साथ कोई रिश्ता होने का सवाल ही नहीं उठता। यूं भी चारों वेदों में कहीं सनातन नहीं है, 14 ब्राह्मण ग्रंथों, 7 अरण्यकों, 108 उपनिषदों – जिनमें से ज्यादातर एक दूसरे के खिलाफ भी राय देते हैं –, में इसका कोई महात्म्य नहीं समझाया गया है। एक भागवत को छोड़कर, जो तुलनात्मक रूप से आधुनिक है, 18 पुराणों में भी सनातन का कहीं जिक्र नहीं मिलता।

श्री कृष्ण – जिनके उपदेश वाले ग्रंथ गीता को संघ भाजपा भारत का राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करता रहा है- उन्होंने तो धर्म की जो परिभाषा दी है वह सनातन को अधर्म करार देती है। वे कहते हैं कि 'जो समय के साथ नहीं बदलता, जो अपरिवर्तित और सनातन रहता है वह धर्म नहीं अधर्म है।' प्रश्न यह था कि जब द्रौपदी का चीरहरण किया गया तब द्यूत सभा में मौजूद सभी ज्ञानियों के चुप रहने पर कृष्ण ने अपनी आपत्ति दर्ज की और इसे अधर्म बताया। भीष्म और विदुर ने अपनी-अपनी प्रतिज्ञाओं के पालन का धर्म निबाहने का हवाला देते हुए खुद कृष्ण को कठघरे में खड़ा किया और कहा कि उन्होंने शस्त्र न उठाने का वचन तोड़कर खुद अधर्म किया है। इसके जवाब में कृष्ण धर्म को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि 'जिस धर्म का पालन करने की बात आप कर रहे है वह धर्म नहीं है। धर्म किसी वचन से बंधा नहीं होता, वह लगातार बदलता है, जो समय के साथ नहीं बदलता वह अधर्म है।' उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ युद्ध जैसा छेड़े आरएसएस और भाजपा यदि सनातन की सनातनता पर सचमुच में गंभीर हैं तो उन्हें पहले कृष्ण के खिलाफ मोर्चा खोलना चाहिये।

रही सनातन के शाब्दिक अर्थ के हिसाब से अनादिकाल से चले आने की बात है तो पाली भाषा में लिखे ग्रंथों में उन बुद्ध और उनके बौद्ध धर्म को भी सनातन कहा गया है जिन गौतम बुद्ध का खुद का यह कहना था कि 'दुनिया में कुछ भी स्थिर नहीं है। कुछ भी शाश्वत नहीं है। कुछ भी सनातन नहीं है। व्यक्ति और समाज के लिये परिवर्तन ही जीवन का नियम है। वेदों को प्रमाण मानने से इनकार करने वाले, ईश्वर के अस्तित्व को भी न मानने वाले पृथ्वी के इस हिस्से के पहले नास्तिक धर्म में भी 'है भी नहीं भी है' का संशयवाद है- हालांकि इसके बाद भी जैन धर्मावलंबियों का दावा है कि वह भी अनादिकाल से अस्तित्वमान है।

ठीक यही वजह है कि सनातन धर्म में सनातन क्या है यह बात कोई सनातनी भी न खुद समझ पाया है ना ही किसी को समझा पाया है। ताजा विवाद के बाद अचानक धर्मवेत्ता बन गए राजनाथ सिंह का राजस्थान में दिया गया भाषण इसी गफलत का एक और नमूना है। वे सनातन की ठीक उलटी परिभाषा देते हुए वह सब बातें बखानने लगते हैं सनातन जिनके पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि 'जो जड़ में हैं वही चेतन में है, जो पिंड में है वही ब्रह्माण्ड में है, जो छोटे में है वही बड़े में है, जो मेरे में है वही तेरे में है।' अरक्षनीय का रक्षण करते-करते वे यहां तक बोल गए कि 'जो जात पात और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता, न जिसका आदि है न अंत है वही सनातन धर्म है।' जाहिर सी बात है कि वे बता कम रहे थे छुपा ज्यादा रहे थे।

यह कुनबा जिस सनातन धर्म की बात कर रहा है वह वर्णाश्रम पर आधारित, जाति प्रथा और उसके आधार पर ऊंच-नीच यहां तक कि छुआछूत तक में यकीन करने, महिलाओं को शूद्रातिशूद्र मानने को धर्मसम्मत बताने वाली व्याधि है। यह वही जकड़न है जिससे निजात पाने के लिए कबीर से लेकर रैदास, गुरु घासीदास से होते हुए राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने अपने तरीकों से जद्दोजहद की। जोतिबा फुले से पेरियार होते हुए अम्बेडकर तक ने निर्णायक चोटें की। ईएमएस नम्बूदिरिपाद और एके गोपालन से होते हुए वाम आन्दोलन ने इसे सुधार से आगे बढ़ाया और सामाजिक बदलाव की लड़ाई से जोड़ा। इन्हीं संघर्षों का असर था जिसने भारत के संविधान के रूप में मूर्त आकार ग्रहण किया। जिसने भारत को मध्ययुगीन यातना गृह से बाहर निकाल एक सभ्य समाज बनाने की पृष्ठभूमि तैयार की। यही बाद में 70 के दशक में देश की राजनीति में सामाजिक प्रतिनिधित्व में गुणात्मक परिवर्तन के रूप में दिखा।

इस तरह यह जहां एक ओर कुख्यात हो गए हिंदुत्व की नई पैकेजिंग है वहीं दूसरी ओर इन ढाई-तीन हजार वर्षों के वैचारिक संघर्षों की उपलब्धियों का नकार भी है। संविधान और उसमें दी गई समता, समानता, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता का धिक्कार भी है। उनकी ताजा भड़भड़ाहट की वजह यह है कि हिंदुत्व और हिन्दू की जगह सनातन का जाप कर उसी पुराने और त्याज्य पर नया मुलम्मा चढ़ाने की इस कोशिश को लोग समझने लगे हैं। भट्टी सुलगने के पहले ही समता, सामाजिक सुधार, लोकतंत्र और संविधान की हिमायती ताकतें उसे बुझाने के लिए खुद जाग चुकी हैं औरों को भी जगा रही हैं। तमिलनाडु के साहित्यकारों, कलाकारों, बुद्धिजीवियों की वह सभा इसी जागरण अभियान का हिस्सा थी। कहने की आवश्यकता नहीं कि संघ और भाजपा जितना शोर मचाएंगे उतना ही इसके खिलाफ प्रतिरोध भी तेज से तेजतर होगा।

**( लेखक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा )**

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकतंत्र और संघवाद पर हमला

■ पी.सुधीर

नरेंद्र मोदी राज 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के नारे को लागू करके संसदीय लोकतंत्र और संघवाद पर दोहरा हमला शुरू करना चाहता है। सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। संदर्भ की शर्तें यह स्पष्ट करती हैं कि समिति का काम सिर्फ यह सिफारिश करना है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव को कैसे लागू किया जाये, और कानूनी और संवैधानिक कदम कैसे उठाये जायें। समिति से वही करने की उम्मीद की जा सकती है जो सरकार चाहती है क्योंकि इसे इस उद्देश्य के लिए चुना गया है और इसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हैं।

जब से भाजपा 2014 में सत्ता में आई है उसके बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते रहे हैं। उन्होंने 2020 में कहा था कि यह 'बहस का विषय नहीं बल्कि भारत के लिए एक आवश्यकता है'। भाजपा नेता एक साथ चुनाव की आवश्यकता पर घिसे-पिटे तर्क दे रहे हैं कि- इससे बार-बार चुनावों के कारण होने वाले बहुत सारे खर्च बच जाएंगे; बार-बार चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं इत्यादि।

> **एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा।**

मोदी के सत्ता में आने के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर तीन समितियां बनी हैं। 2015 में, कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने इस मामले पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। 2017 में, नीति आयोग ने 'एक साथ चुनाव का विश्लेषण' पर अपने चर्चा पत्र में प्रस्तावों का एक सेट बनाया और अगस्त 2018 में, विधि आयोग ने एक साथ चुनावों पर अपनी मसौदा रिपोर्ट प्रकाशित की। उन सभी ने मौजूदा राज्य विधानसभाओं में से कुछ का कार्यकाल छोटा करने या कुछ का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, ताकि उनका लोकसभा चुनावों के साथ तालमेल बिठाया जा सके।

कुछ लोगों ने पांच साल की अवधि में केवल दो बार चुनाव कराने का सुझाव दिया है – एक सेट लोकसभा और आधी राज्य विधानसभाओं के साथ और दूसरा मध्यावधि में बाकी विधानसभाओं के साथ। यदि राज्य विधानसभा चुनावों को लोकसभा चुनावों के अनुरूप लाने के लिए प्रस्तावित कदम अलोकतांत्रिक हैं और प्रतिनिधित्व और जवाबदेही के संवैधानिक आधार की जड़ पर हमला करते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये जायें कि एक साथ चुनावों से कोई विचलन न हो।

सिंक्रोनाइज़ेशन के अर्थात एक साथ चुनाव लागू करने के बाद की अवधि बदतर है। विधायिका या सरकार के कार्यकाल को कम करना या बढ़ाना, दोनों ही पार्टी-आधारित संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांत और विधायिका के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही के खिलाफ हैं। इसके अलावा, एक साथ चुनाव कराने और इसे बनाये रखने के लिए विधायिका के प्रति सरकार की जवाबदेही की संवैधानिक योजना में छेड़छाड़ की आवश्यकता होगी।

संविधान के तहत, यदि कोई सरकार अविश्वास प्रस्ताव पर वोट से बाहर हो जाती है, या धन विधेयक पर वोट हार जाती है, तो वह इस्तीफा देने के लिए बाध्य होती है और यदि कोई वैकल्पिक सरकार नहीं बन पाती है, तो सदन भंग कर दिया जाता है और मध्यावधि चुनाव आयोजित किया जाता है। संविधान में लोकसभा या राज्य विधानसभाओं के लिए कार्यकाल की कोई निश्चितता नहीं होगी। कार्यकाल की निश्चितता का मतलब यह होगा कि एक सत्तारूढ़ दल, जिसके पास सदन में स्थिर बहुमत है, वह सदन को भंग कर समय से पहले चुनाव कराने की सिफारिश नहीं कर सकता है। विधि आयोग की रिपोर्ट में यह भी प्रस्तावित है कि यदि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है, तो उसके साथ वैकल्पिक सरकार चलाने के लिए नये नेता के नाम का प्रस्ताव भी होना चाहिए। इसे 'रचनात्मक अविश्वास मत' कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि भले ही किसी सरकार को सदन के बहुमत वोट से बाहर कर दिया जाये, उसके बदले कोई वैकल्पिक सरकार होनी चाहिए, जो वास्तव में विपक्ष ही होगा जो लोगों की पसंद का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। कार्यकाल की निश्चितता के माध्यम से स्थिरता को प्रधानता दी जायेगी और चुनावी विकल्प अप्रासंगिक हो जायेगा। यह सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम करेगा।

एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा। एक साथ चुनाव होने के बाद, राज्य विधानसभाओं के प्रति जवाबदेह सरकारों का सिद्धांत और लोगों को अपनी पसंद की सरकार बनाने का अधिकार प्रतिबंधित हो जायेगा।

हम देख रहे हैं कि विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपाल राज्य सरकारों और राज्य विधानसभाओं के अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कैसा व्यवहार कर रहे हैं। एक साथ चुनाव के नाम पर लाये गये बदलावों के साथ, केंद्रीकृत नियंत्रण का मतलब होगा कि राज्यपाल केंद्र के लिए वायसराय के रूप में कार्य करेंगे।

भारत में व्यापक रूप से भिन्न राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों वाले 28 राज्य हैं (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर, जिसे विघटित कर दिया गया है)। अलोकतांत्रिक एकरूपता लागू करने का प्रयास आरएसएस/भाजपा गठबंधन का आदर्श है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा उनके 'एक राष्ट्र, एक भाषा, एक संस्कृति' के नारे के समान है।

संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक बड़ा संवैधानिक बदलाव करना होगा। संविधान में अनुच्छेद 83 (सदन की अवधि), अनुच्छेद 85 (लोकसभा का विघटन), अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि), अनुच्छेद 174 (राज्य विधानमंडलों का विघटन), अनुच्छेद 356 (राज्यों में संवैधानिक मशीनरी का फेल हो जाना) में संशोधन करना होगा। इसके अतिरिक्त लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और अन्य नियमों में संशोधन भी आवश्यक होगा।

यह स्पष्ट है कि रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली समिति चाहे जो भी सिफारिश करे, इन संवैधानिक और कानूनी कदमों के कार्यान्वयन में समय लगेगा और इन्हें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए समय पर लागू नहीं किया जा सकेगा। लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि सरकार इसकी प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। 18 से 22 सितंबर तक बुलाये गये संसद के विशेष सत्र में इस संबंध में कुछ घोषणा हो सकती है। विपक्षी दलों को सतर्क रहना चाहिए और मोदी सरकार के अगले कदम के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें तुरंत एक बड़े अभियान के साथ लोगों के पास जाना चाहिए और बताना चाहिए कि एक राष्ट्र एक चुनाव लोकतंत्र और संघवाद के लिए कितना खतरनाक है।

## पावन प्रसंग

# अपनी स्मरणशक्ति बढ़ाएं

याददाश्त बढ़ाने के अचूक नुस्खे की तलाश भी तो सभी को है, लेकिन विद्यार्थीगण इसकी कुछ ज्यादा जरूरत महसूस करते हैं। कैसे जल्दी से याद हो जाए? किस तरह याद किया हुआ फिर से न भूलें? ऐसे अनेक सवाल छात्र-छात्राओं के मन में उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। इनके जवाब के तलाश में वे कभी किन्हीं दवाओं का सहारा लेते हैं कभी कुछ करने बैठ जाते हैं। इन दिनों कई दवा कंपनियां भी विद्यार्थियों की इन परेशानियों का फायदा उठाने में लगी हैं। आकर्षक विज्ञापन, चमत्कारी वायदों के द्वारा छात्र-छात्राओं की इस जरूरत का व्यावसायिक फायदा उठाया जाता है। इतना जरूर है कि याददाश्त बढ़ाने का नुस्खा एक मृग-मरीचिका बना रहता है। इस बारे में एक बात हम सभी को अपनी गहराइयों में आत्मसात कर लेनी चाहिए कि सृष्टि में कहीं भी ऐसे चमत्कार नहीं होते। हर क्रिया, प्रत्येक घटना किसी न किसी नियम-व्यवस्था से ही परिभाषित एवं संचालित होती है, भले ही यह भौतिक नियमों के अंतर्गत हो या फिर आध्यात्मिक नियमों के अनुरूप। याददाश्त बढ़ाने के संबंध में भी ऐसा ही है। याद करने का भी एक विज्ञान है, इसकी भी कुछ तकनीकें हैं जो इसको जानते हैं, समझते हैं, वे आसानी से लाभान्वित होते हैं जो इनसे अपरिचित हैं, वे इधर-उधर भटकते रहते हैं और अनेक कोशिशों के बाद उन्हें सही समय पर मायूस होना पड़ता है। इसलिए बेहतर यही है कि उचित तकनीकों को याद करने की प्रणाली को ठीक तरह से जान लिया जाए और इसका सही सदुपयोग किया जाए। जिनके पास याददाश्त की गड़बड़ी का पिटारा है, उनकी ज्यादातर शिकायतें कुछ यों होती हैं- क्या करे याद ही नहीं होता है, याद तो किया था, पर भूल गए, न जाने क्यों अच्छी तरह से याद ही नहीं होता। याद तो रहा, पर आधा-अधूरा न जाने क्या हुआ सब कुछ याद किया कराया एकदम से भूल गए? ऐसी और इन जैसे अनेक कथनों की लंबी सूची उनके पास रहती है, जो इन परेशानी से पीड़ित हैं। स्थितियां इसके विपरीत भी देखने को मिलती हैं- एक ही बार में याद हो जाता है अथवा जितना भी पढ़ा गया सबका सब याद रहा। न जाने कितने गुजरे हुए जमाने की बात सबकी सब हूबहू याद है।

याद करने के संबंध में इन विरोधाभासी कथनों को समझने के लिए एक बड़ी मार्मिक घटना है। यह प्रसंग स्वामी विवेकानंद के जीवन का है। उन दिनों स्वामी विवेकानंद जी भारत देश में ही प्रव्रज्या कर रहे थे साथ में उनके एक गुरुभाई भी थे। स्वाध्याय, सत्संग एवं कठोर तप का अविराम सिलसिला चल रहा था। जहां कहीं कोई अच्छे ग्रंथ मिलते, वे उनको पढ़ना नहीं भूलते थे। किसी नई जगह जाने पर उनकी सबसे पहली तलाश किसी अच्छे पुस्तकालय की रहती। जिस किसी स्थान पर यह सुयोग मिलता, वे उसका लाभ जरूर उठाते। अपनी इस प्रव्रज्या में एक स्थान पर एक पुस्तकालय ने उन्हें बहुत आकर्षित किया। उन्होंने सोचा-क्यों न यहां थोड़े दिनों तक डेरा जमाया जाए। उनके गुरुभाई ने उन्हें पुस्तकालय से संस्कृत, अंग्रेजी की नई-नई किताबें लाकर देते थे। स्वामीजी उन्हें पढ़कर अगले दिन वापस कर देते। रोज नई किताबें, वह भी पर्याप्त पृष्ठों वाली, इस तरह से देते एवं वापस लेते हुए पुस्तकालय का अधीक्षक बड़ा हैरान हो गया। उसने स्वामी जी के गुरुभाई से कहा- क्या आप इतनी सारी नई-नई किताबें केवल देखने के लिए ले जाते हैं। यदि इन्हें इस तरह देखना ही है तो मैं यों ही दिखा देता हूं। इस पर गुरु भाई ने कहा- ऐसा नहीं है मेरे गुरुभाई हैं जो एक दिन में ही पढ़ लेते हैं। तब लाइब्रेरियन ने कहा- मैं उनसे मिलना चाहता हूं। अगले ही दिन गुरुभाई उन्हें मिलाने ले गए। विवेकानंद जी ने उन्हें आश्वस्त किया कहा-मैंने उन पुस्तकों को अच्छी तरह पढ़ा है तथा अक्षरश: ज्यों का त्यों उन्हें वापस की गई पुस्तक से कुछ अंशों सुना दिए। तब लाइब्रेरियन ने पूछा- यह कैसे संभव है? उन्होंने कहा- इसमें न कोई चमत्कार है न कोई रहस्य। यह तो मात्र एक मानवीय तकनीक भर है। इस तकनीक का पहला चरण है-जो कुछ पढ़ा जाए, या सुना जाए उसे शांत मन से स्थिर होकर सुना जाए। इंद्रियां तो मन को संदेश भेजने का द्वार भर हैं। असली चीज तो मन होता है। मन की धारणा शक्ति या मेधा जितनी होती हैं उतना ही मन पर अंकित हो जाता है। याद करना एवं वापस याद आना तो बस एक प्रक्रिया भर है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# भारत बनाम इंडिया : नाम में क्या रखा है ?

महान नाटककार शेक्सपियर ने कहा है कि 'नाम में क्या रखा है?' अगर गुलाब को किसी अन्य नाम से पुकारें तो क्या वह खुशबु देना बंद कर देगा, नहीं न! ठीक ऐसे ही हम अपने देश को भारत कहें या फिर इंडिया, क्या फ़र्क पड़ता है? फर्क तो इस बात से पड़ेगा कि भारत की जीडीपी कितनी तेजी से बढ़ कर दुनिया के कितने देशों को पीछे छोड़ दिया या फिर भारत का एचडीआई रैंकिंग अब कितनी अच्छी है? या भारत से कितनी गरीबी दूर हो चुकी है? या भारत में महिलाएं अब कितनी सुरक्षित हैं? ये सरकारें भी न बड़ी अजीब होती है! जब उनके पास देश की समस्याओं पर लोगों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का जवाब नहीं होता तो फिर वे कुछ ऐसे ही निरर्थक मुद्दों को उठा कर लोगों की झोली में डाल देती है, जिसके बाद देश की जनता के विमर्श का मुद्दा देश की समस्या न हो कर नाम हो जाता है।

वर्तमान भारत में सबसे बड़ा विमर्श का विषय देश के नाम को लेकर है। इस पूरे बहस की शुरुआत राष्ट्रपति भवन से आए निमंत्रण पत्र से हुई, जिसमें प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा था, जिसके बाद से विपक्ष ने हाय-तौबा मचा दिया है। हालांकि यह विमर्श संविधान सभा के बहस में भी हुआ था। 18 सितंबर,1949 को डॉ. आंबेडकर ने जब संविधान के ड्राफ्ट को पेश किया, जिसके अनुच्छेद-1 में कहा गया कि इंडिया, जो कि भारत है राज्यों का एक संघ होगा। संविधान की इस पहली पंक्ति पर ही विवाद हो गया। संविधान सभा के सदस्य एचवी कामथ ने इसका खुल कर विरोध किया। उन्होंने सलाह भी दी थी कि भारत या फिर अंग्रेजी में लिखा जाए कि इंडिया राज्यों का एक संघ होगा। इस वाक्य के लिए उन्होंने आयरलैंड के संविधान का तर्क भी दिया था।

काफी बहस के बाद मतदान करवाना पड़ा और उसके बाद यह तय हुआ कि भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाओं में लिखित ऐतिहासिक साहित्य, धार्मिक ग्रंथों, लोगों की आस्थाओं, उनके जुड़ाव और भावनाओं का मान रखते हुए भारत शब्द को उसका सम्मान दिया जाएगा। इन सब पहलुओं पर विचार के बाद ही भारत के संविधान की शुरुआत में लिखा गया, इंडिया दैट इज 'भारत'। यानी कि भारत के संविधान के अनुसार हमारे देश का नाम भारत और इंडिया दोनों को ही समान नजर से देखा गया।

हमारे देश का नाम भारत रखे जाने का इतिहास प्राचीन काल और पौराणिक कथाओं से जुड़ता है।हिन्दू ग्रन्थ स्कन्द पुराण के अध्याय-37 के अनुसार भारत के नाम की कहानी तो सीधे ऋषभदेव के पुत्र भरत से जुड़ती है,जिसके नाम पर भारत नाम पड़ा है। वहीं दूसरी तरफ इंडिया नामकरण को सिंधु नदी से जोड़ा जाता है। सिंधु नदी का दूसरा नाम इंडस भी था जबकि सिंधु सभ्यता के चलते भारत की सिंधु घाटी की सभ्यता को एक और पुरानी सभ्यता युनान जो आज का ग्रीक है वे लोग इंडो या इंडस घाटी की सभ्यता कहा करते थे। ऐसे में इंडस शब्द लैटिन भाषा में पहुंचा तो यह इंडिया हो गया।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर दोनों ही नाम भारत की संस्कृति से संबंधित है और इस बात पर बहस कि सांस्कृतिक विरासत के लिए भारत नाम ही उपयोगी है, यह बात कहना पूर्ण न्यायोचित नहीं है बल्कि राजनीति साधने के लिए देश के समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए यह नामकरण का मुद्दा उठाया गया है। इन सबके बावजूद अगर केंद्र सरकार इंडिया की जगह केवल 'भारत' को आधिकारिक नाम बनाने का निर्णय लेती है, तो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 1 में संशोधन करने के लिए एक विधेयक पेश करना होगा। इसके लिए कानून संविधान के अनुच्छेद 368 को साधारण बहुमत संशोधन या विशेष बहुमत संशोधन के माध्यम से संशोधित करने की अनुमति देता है। लेकिन अनुच्छेद 1 में कोई भी बदलाव करने के लिए उस सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले कम से कम दो-तिहाई सदस्यों के विशेष बहुमत (66 प्रतिशत) की आवश्यकता होगी,जिसके लिए सरकार को मशक्कत करनी पड़ सकती है।

**– नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## आपदा में जान बचाने के सीखे टिप्स



**जबलपुर, देशबन्धु।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत श्री मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीमें लगातार मॉक अभ्यास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम व जन जागरुकता के अभियान चला रही है उसी कड़ी में 06 सितंबर 2023 कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत पनागर तहसील, जबलपुर में एनडीआरएफ टीम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें एनडीआरएफ के टीम कमांडर इंस्पेक्टर संतोष कुमार तथा उनकी प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से भूकंप, बाढ़, आग लगना, वाहन दुर्घटना, सर्पदंश, स्ट्रेचर बनाना, 3 व 4 आर्म्स चेयर बनाना, सीपीआर देना, रस्सी बचाव तकनीक, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, सड़क सुरक्षा, आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके और दामिनी और सचेत ऐप का इस्तेमाल आदि के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भूकंप बचाव ड्रिल और आपातकालीन निकासी ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक, छात्र और अन्य कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए।

इस अवसर सिविल पनागर तहसील के तहसीलदार श्री विकास चन्द्र जैन ने एनडीआरएफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद है। इस कार्यक्रम से तहसील के अधिकारियों एवम् कर्मचारी लाभान्वित होंगे और आपदा के दौरान अपने और अन्य लोगों के जीवन को बचाने में अपना सहयोग प्रदान कर पाएंगे।

## लोकतंत्र के महापर्व में हर मतदाता करे मतदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदान को लेकर उनमें अब भी वही जज्बा कायम है जिस जज्बे और जोश के साथ वे अंग्रेजों से देश को आजाद कराने के आंदोलन में कूद पड़े थे। हम यहाँ बात कर रहे हैं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री कोमलचंद जैन की। जबलपुर निवासी 94 वर्ष के कोमलचंद जैन जिन्हें सम्मान से कक्काजी के नाम से पुकारा जाता है, मात्र 13 वर्ष की अल्पायु में ही अपने अग्रजों और शहर के स्वाधीनता सेनानियों से प्रेरणा पाकर देश की आजादी के आंदोलन में कूद पड़े थे। वर्ष 1942 में उन्होंने अंग्रेजों भारत छोड़ो और करो या मरो आंदोलन में उत्साह से शिरकत की तथा पौने दो माह करावास में रहे।

देश की आजादी के बाद से सन् 1951-52 में हुये पहले लोकसभा चुनाव से लेकर अभी तक हुये लोकसभा और विधानसभा के सभी चुनावों तथा स्थानीय निर्वाचनों में मतदान करने का कोई भी मौका नहीं गंवाने वाले श्री कोमलचंद जैन कहते हैं कि मतदान करना हर जिम्मेदार नागरिक का कर्त्तव्य है। वे इस कर्तव्य को आज तक निभाते आ रहे हैं और आने वाले चुनावों में भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल जरूर करेंगे।



**स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमलचंद जैन की नागरिकों से अपील**

मतदान को लेकर एक नव मतदाता जैसा उत्साह रखने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री जैन चुनावों में मतदान के लिये मतपेटी से लेकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के इस्तेमाल के साक्षी भी हैं। उन्होंने बताया कि मतदान करना अब ज्यादा आसान और सुविधाजनक हो गया है। ईव्हीएम मशीन के आने से मतदान में पारदर्शिता भी बढ़ी है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री कोमलचंद जैन अपने भरे पूरे परिवार के साथ लार्डगंज क्षेत्र में निवास कर रहे हैं। वे बताते हैं कि उनके परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल हैं और सभी अपने मताधिकार को लेकर सजग भी है। उन्होंने जबलपुर जिले के सभी मतदाताओं से अनुरोध किया है कि वे चुनावों में मतदान जरूर करें। मतदान करना स्वस्थ्य और मजबूत लोकतंत्र के लिए हर नागरिक का कर्तव्य भी है।

श्री जैन ने कहा कि मतदान के लिए पहली शर्त मतदाता सूची में नाम शामिल होना है। हर नागरिक 11 सितम्बर तक चलाये जा रहे विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपने मतदान केन्द्र पर जाकर देख लें कि मतदाता सूची में उनका नाम हैं या नहीं।

## श्री पचमठा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई



**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा स्थित पचमठा मंदिर में लघु काशी, वृंदावन के दर्शन होते हैं। पं. अभिषेक शर्मा के अनुसार इस ऐतिहासिक प्रसिद्ध मंदिर का पौराणिक महत्व है। खास बात ये है कि मंदिर में विराजी भगवान कृष्ण और राधा की प्रतिमा किसी के द्वारा उकेरी नहीं गई बल्कि यमुना नदी में मिली थी। इस धार्मिक व रमणीय स्थल में एक अलग तरह की अध्यात्मिक अनुभूति होती है। श्री पचमठा मंदिर वृन्दावन लघु काशी सेवक धाम गढ़ा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। कान्हा और राधा मैया को श्रद्वालुओं ने दूध-दही और माखन खिलाया और नमन किया। रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## नर्मदा बचाओ चुटका निरस्त कराओ पर चर्चा



**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन गुरु परिवार के मंदिर में लोगो के बीच बैठकर नर्मदा बचाओ चुटका निरस्त कराओ की चर्चा कर राजीव गाँधी पंचयती राज संगठन के विवेक अवस्थी और संदीप गुरु ने पाटन में हर ग्राम तक ये बात लोगो समझाकर नर्मदा जी को बचाया जाएगा शीघ्र पाटन में तहसील में पाटन इकाई के लोग नर्मदा बचाने के लिये ज्ञापन भी सौंपगे।

## केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आयेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार 8 सितंबर को दोपहर 3.30 बजे नई दिल्ली से वायुयान द्वारा जबलपुर आयेंगे तथा शाम 4.50 बजे कार द्वारा सिहोरा प्रस्थान करेंगे। श्री पटेल शाम 5.45 बजे सिहोरा में जन आशीर्वाद यात्रा एवं जनसभा में शामिल होंगे । केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार को जबलपुर में रात्रि विश्राम करने के बाद शनिवार 9 सितंबर को दोपहर 12.10 बजे पनागर में, दोपहर 2.20 बजे पाटन में तथा शाम 4.10 बजे शहपुरा में जन आशीर्वाद यात्रा एवं जन सभा में शामिल होंगे।

## पमरे ने अगस्त माह में 4.25 मिलियन टन माल लदान किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डल माल लदान में लगातार वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में और वाणिज्य विभाग तथा परिचालन विभाग एवं बीडीयू टीम के संयुक्त प्रयासों से इस चालू वित्तीय वर्ष के अगस्त माह में 4.25 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में पमरे ने 4.11 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि लगभग 3.5 प्रतिशत अधिक रहा।

उल्लेखनीय है कि माल यातायात बढ़ाने के लिए पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों द्वारा फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) स्थापित की गई हैं। इसके तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया और साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है।

कई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई।

## राधा कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** जन्माष्टमी के पावन पर्व पर रॉकी एंड ग्रुप के द्वारा साउथ एवेन्यू मॉल में फैंसी ड्रेस भगवान राधा कृष्णा ड्रेस कंपटीशन रखा गया, जिसमें कि शहर के कई बच्चों ने बढ़ चढ़कर अपने-अपने हुनर वा बेस भूसा की प्रस्तुत दी, साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, मटकी भी फोड़ी, जिसमें रॉकी एंड ग्रुप अकादमी के बच्चों द्वारा स्पेशल परफॉर्मेंस दी, जिसे मास्टर रिंकल कुड़ी द्वारा प्रस्तुत किया गया, इस कार्यक्रम में राधा कृष्णा का बेस्ट पुरुस्कार वारुस,भवया,सोनकर को मिला, आकांक्षा सोनी को बेस्ट डांस का प्रथम पुरस्कार मिला, प्रतिभागियों के नाम आकांक्षा सोनी, विहान सोनकर, भवया, वसीन, वारुश सोनकर, आदर्श सोनी, एवं अन्य बच्चों उपस्थित रहे ।



## मेट्रो शहर होने के नाते मेट्रो रेल परियोजना जबलपुर का हक और अधिकार है : तरुण

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर न केवल महकौशल क्षेत्र का मुख्यालय है बल्कि प्रदेश की न्यायिक राजधानी भी हैं। रक्षा मंत्रालय और सेना से जुड़ी देश की कई बड़ी और ऐतिहासिक उत्पादन इकाइयों के अलावा पश्चिम मध्य रेल का मुख्यालय भी जबलपुर में हैं। पिछले लगभग 18 वर्षों से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और जबलपुरवासियों द्वारा स्थानीय स्तर पर भी सबसे अधिक प्रतिनिधित्व का अवसर भाजपा के नेताओं को दिया, किन्तु मजबूत प्रतिनिधित्व के बाद भी जबलपुर के साथ लगातार प्रदेश स्तर पर उपेक्षा की नज़रों से देखा गया और अधिकतर बड़ी परियोजनाओं की सौगात भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे शहरों को मिलती रही और स्थानीय स्तर पर राजनैतिक नेतृत्वहीनता और इच्छाशक्ति के अभाव में जबलपुर शहर पिछड़ता गया। 15 महीने की काँग्रेस सरकार के दौरान जबलपुर को मेट्रो रेल परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसकी डीपीआर के अलावा बजट वर्ष 2019-20 में परियोजना के लिए प्रारम्भिक रूप से वित्तीय प्रावधान भी किया गया था। किन्तु, अनैतिक रूप से हुए सत्ता परिवर्तन के बाद प्रदेश सरकार का जबलपुर के साथ उपेक्षा का भाव फिर एक बार देखने को मिला और मेट्रो रेल जैसी महत्वपूर्ण परियोजना पर रोक लगा दी गई। उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं जबलपुर पश्चिम से विधायक श्र तरुण भनोत द्वारा लगाई गई है।

## परिग्रह का त्याग से ही सुख की प्राप्ति संभव : आर्यिका श्री अंतर मति माता जी



**जबलपुर, देशबन्धु।** परिग्रह के संग्रह हेतु दिन रात एक करने में मन वचन और काय को कितना खपाना पडता है इससे सब अच्छी तरह वाकिफ हैं, परिग्रह के संग्रह के निमित्त ही पाप करने से भी नहीं चूकता है इंसान, और परिग्रह संग्रह में सुख की अनुभूति करता है । लेकिन परिग्रह का त्याग करने बाला ही सच्चे अर्थों में सुखी होता है।

उक्ताशय के उद्गार शिवनगर कालोनी में विराजित आर्यिका श्री 105 अंतर मति माता जी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए ब्यक्त किए।

श्री भक्तामर जी और शांतिधारा का महत्व समझाते हुए माता जी ने बताया कि भक्तामर स्त्रोत का आज सबसे ज्यादा प्रचलित स्त्रोत है जिसकी वर्गणाएं लोगों को गंभीर रोगों तक से मुक्ति दिलाने का काम कर रही हैं और शांतिधारा के माध्यम से लोग धन ऐश्वर्य और स्वास्थ्य लाभ की ओर बढ़ रहे हैं, बस जरूरत है मन वचन और काय की शुद्धि पूर्वक वाचन और श्रवण करने की। आज से पूज्य श्री ने स्वाध्याय श्रंखला में श्रावक श्राविकाओं को शुद्ध शांति धारा और शुद्ध भक्तामर जी वाचन कराना प्रारंभ कर शुद्धि पूर्वक पठन पाठन की प्रेरणा दी। शुभारंभ में आचार्य श्री जी की पूजन सम्पन्न हुई।

## गणित से भूगोल तक मे विद्यार्थियों को दक्ष करने वाले रेलवे के शिक्षकों का महिला मंडल ने किया सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** गणित के पेंचीदा सवालों को सुलझाने से लेकर भूगोल का रास्ता दिखाने जैसे कार्य को एक शिक्षक ही आपने कार्य को फर्ज की तरह विद्यार्थियों को सिखा सकता है। इस आशय के विचार पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल की अध्यक्षा श्रीमती गुरमीत कौर ने शिक्षकों के सम्मान मे आयोजित तथा पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित डब्लू एस ई सी हाई स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डब्ल्यू सी आर डब्ल्यू डब्ल्यू ओ जबलपुर डिविजन की अध्यक्षा गुरमीत कौर , उपाध्यक्षा आभा आनंद , सेक्रेटरी रेणु रंजन , ट्रेजरार राधा गुप्ता, स्कूल इंचार्ज श्रीमती दर्शिता, अरुणा सोने, रिचा दुबे व प्रवीणा पांडे व समिति की अन्य गणमान्य सदस्या उपस्थित रहीं ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षा श्रीमती कौर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये व संस्था द्वारा शिक्षकों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया । सभी शिक्षकों को समिति की अध्यक्षा श्रीमती कौर व अन्य सदस्यों द्वारा उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में शाला प्राचार्या श्रीमती आशा अवस्थी द्वारा सभी का आभार उदबोधन किया गया।

## ग्रैंड फिनाले का होगा आयोजन, समिति ने दी जानकारी




**जबलपुर, देशबन्धु।** हमारी संस्था एआरसी लाइट इवेंट इन एसोसिएशन विथ एनव्ही इवेंट आगामी 10 सितंबर को मानस भवन राइट टाउन में ग्रैंड फिनाले टैलेंट हंट कम्पटीशन 2023 करने जा रहा है। जिसमें कैटगिरी है बच्चें 3 से 12 आयुवर्ग, जूनियर 13 से 25 आयु वर्ग, सीनियर 26 से कोई भी उम्र का व्यक्ति इस कॉम्पिटिशन भाग ले सकता है। आयोजन समिति ने बताया कि सींगिग, रैपिंग, डांसिंग, एक्टिंग, मॉडलिंग एवं अदर टैलेंट प्रतिभागी कर सकते है, जिसमें की प्रथम पुरस्कार 5 हजार, द्वितीय पुरस्कार 25 सौ, तृतीय पुरस्कार 11 सौ एवं सांत्वना पुरस्कार 500 रुपये रखा गया है। टैलेंट हंट कॉम्पिटिशन के मुख्य अतिथि बॉलीवुड सिंगर तोची रैना एवं 2022 के मिस्टर इंडिया विनीत शर्मा होंगे। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि लगभग 2 सौ प्रतिभागियों की एंट्री अभी तक हो चुकी हैं। 7 एवं 8 सितंबर को सभी प्रतिभागियों का होटल आकाशगंगा साउथ एवेन्यू मॉल के सामने गौरी घाट रोड में ऑडिशन होगा, जिसके उपरांत चयन समिति को फिनाले राउंड के लिए दिनांक 10 सितंबर मानस भवन में अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका मिलेगा, साथ ही सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के डायरेक्टर सृष्टि रावत, ऑर्गेनाइजर प्रभात रावत, को-आर्गेनाइजर विवेक सिंह एवं सृष्टि उपाध्याय, स्वपनिता राय, एलेन आदि ने शहरवासियों से उपस्थिति की अपील की हैं।

## मदनमहल की टिकट चैंकिंग महिलाओं के साथ हो रहा भेदभाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्चा अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते दिनों दिन अव्यवस्था बढ़ती ही जा रही है । वाणिज्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आये दिन नए नए आदेश के चलते विभाग के कर्मचारियों को परेशान होते दिखा जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेलवे के मदनमहल स्टेशन में पदस्थ महिलाओं के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किये जाने की चर्चा जोर पकड़े हुए हैं। नए आदेश के चलते महिलाओं को सर्वाधिक परेशान होते देखा जा रहा है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक महिला कर्मियों को प्रतिदिन आधा दर्शक वगैर टिकट यात्रियों को पकड़कर प्रकरण बनाने के आदेश जारी हुए हैं। वगैर टिकट यात्रियों को पकड़ना ही उनकी ड्यूटी में शामिल है परंतु एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करना न्याय उचित नहीं है हमेशा ट्रेनों में उड़न दस्ता निरीक्षकों द्वारा यात्रियों को पकड़ने के लिए प्रयासरत रहते हैं, जिसका परिणाम भी अच्छे सामने दिखायी पड़त हैं, इस प्रकार की चैंकिंग के बावजूद स्टेशन परिसर में वगैर टिकट यात्रियों को पकड़ा जाना एक कठिन कार्य माना जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक जैसे शीर्ष अधिकारियों की पदस्थापना की गई है वह स्थायी हल निकाल कर महिला टीटीई को राहत प्रदान करेंगे इसकी सभी को उम्मीद है।

## नेशनल पार्कों के बफर क्षेत्रों के अनदेखी से खतरा बढ़ा

### प्रदेश में सप्ताह में एक बाघ की मृत्यु हो रही है

**जबलपुर,देशबन्धु।** जनवरी से अगस्त 2023 तक 8 माहों में मध्यप्रदेश में 32 बाघों का मृत्यु हुआ है जाहीर है कि प्रत्येक सप्ताह में एक बाघ की मृत्यु हो रही है। ऐसी स्थिति के बावजूद भी नेशनल पार्कों से सटे बफर क्षेत्रों कॉरीडोर में खनन तथा निर्माण आदि गतिविधियां जारी है यह कानून का उल्लंघन है।

**मुख्य वन संरक्षक को ईमेल भेजा**

इससे वन्यप्राणियों का जीवन खतरे में पड़ा है, यह इमेल डॉ.पीजी नाजपांडे ने मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी भोपाल को भेजा है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क में वर्ष 2022 की गणना के अनुसार वहां 165 बाघ हैं। इस पार्क से सटे बफर क्षेत्र में भूमि खनन तथा पिपही नदी में रेत खनन बेरोकटोक जारी है।

इसी प्रकार कान्हा पार्क में 129 तथा पेंच पार्क में 123 बाघ हैं। लेकिन वारासिवनी बफर क्षेत्र में 4 खदानों को वर्ष 2015 से 2060 के अवधी की लीज दी गई है । एड.वेदप्रकाश अधौलिया तथा एड.प्रभात यादव ने चिंता व्यक्त की कि वन्य प्राणि संरक्षण अधिनियम के ऐसे उल्लंघन के बावजूद भी शासन की चुप्पी बनी हुई है।

## रेडिया सखी ने किया भेड़ाघाट की खूबसूरती का बखान



### महिला पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी के उद्देश्य से एमपीटीबी ने की अनोखी पहल

**जबलपुर, देशबन्धु।** भेड़ाघाट के प्राकृतिक सौंदर्य की व्याख्या इन दिनों इंटरनेट मीडिया में खूब प्रसारित हो रही है। प्रदेश के पर्यटन स्थलों में महिला पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से आरंभ की गई महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन योजना के अंतर्गत पर्यटन सखी रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण दो सितंबर को किया गया। जिसमें भेड़ाघाट, धुआंधार आदि स्थलों के सौंदर्य का वर्णन पूरी दुनिया में सुना जा रहा है। पर्यटन सखी धारावाहिक में नगर की उन युवतियों ने अपने अनुभव साझा किए, जिन्हें मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी) ने समाजिक संस्थाओं और जेएटीसीसी के सहयोग से प्रशिक्षित किया है। रेडिया सखी और टूरिस्ट गाइड आकांक्षा बर्मन, ई-रिक्शा चालक फरहा खान और राजकुमारी तथा मेंहदी आर्टिस्ट मोना यादव तथा सेल्स गर्ल सिखा विश्वकर्मा ने रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। इस अभियान के दौरान प्रदेश के 20 संकुलों से किसी एक विषय पर पर्यटन सखी रेडियो धारावाहिक प्रसारित किए गए। पर्यटन सखी की आवाज बन रहीं स्थानीय युवतियों को पर्यटन उद्यमों से जोड़ने की पहल है। इसके अंतर्गत युवतियों को दिए गए प्रशिक्षण, नियोजन स्वरोजगार का भी उल्लेख किया गया। 30 अगस्त से शुरू हुए संकल्प सुरक्षित पर्यटन अभियान की गतिविधि के तहत रेडियो धारावाहिक पर्यटन सखी का प्रसारण आकाशवाणी ने किया। संकल्प सुरक्षित पर्यटन अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों का समापन आज गुरुवार को किया गया। दूरदर्शन ने इन गतिविधियों की शूटिंग की है। इस पर्यटन सखी डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस पर किया जाएगा।

**महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने लिया सुरक्षित पर्यटन का संकल्प**-गौरी घाट में नर्मदा जी की महाआरती के बाद बुधवार को पर्यटकों और श्रद्धालुओं ने सुरक्षित पर्यटन का संकल्प लिया। महाआरती के दौरान बालिका तेजस्वनी दुबे ने सुरक्षित पर्यटन का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर एमपीटीबी के सलाहकार जेंडर डा. आलोक चौबे, जेएटीसीसी के परियोजना अधिकारी हेमंत सिंह, एएसपी सोनाली दुबे, महाआरती संयोजक ओमकार दुबे आदि उपस्थित रहे। बरगी डैम में एएसपी सोनाली दुबे ने संकल्प दिलाया। यहां बरगी चौकी प्रभारी सरिता पटेल एवं पुलिस स्टाफ सहित पर्यटन सखियां, मप्र टूरिज्म परिषद के रिसार्ट मेकलसुता के प्रबंधक और अन्य स्टाफ तथा पर्यटन सखियों ने सुरक्षित पर्यटन को लेकर शपथ ली।

**महिला पर्यटकों में उत्पन्न हो सुरक्षा और सहजता का भाव**-एमपीटीबी की पहल पर 30 अगस्त से 7 सितंबर तक प्रदेश के 50 पर्यटन स्थलों विभिन्न गतिविधियों के साथ 'मुझे मेरा संकल्प याद है' अभियान का समापन जबलपुर में किया गया। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आने वाली महिला पर्यटकों में सुरक्षा और सहजता का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से एमपीटीबी द्वारा महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत %मुझे मेरा संकल्प याद है' अभियान चलाया गया। प्रदेश के 20 संकुलों के अंतर्गत 50 पर्यटन स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रम हुए । प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि अभियान में महिला पर्यटक एवं सुरक्षित पर्यटन विषय पर लघु फिल्म निर्माण और पर्यटन सखी शुभंकर निर्माण प्रतियोगिता के साथ पर्यटन सखी रेडियो धारावाहिक, रक्षा सूत्र बंधन आयोजन, पर्यटक रक्षा संकल्प व कजरिया/भुजरिया उत्सव व सावन के झूले जैसी गतिविधियां संचालित की गई।

## विकास कार्यो को पूर्ण कराने 9 सितम्बर को 4 घंटे विद्युत व्यवस्था रहेगी बाधित

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा आई.टी. पार्क रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं जिसमें बाधित विद्युत् पोलों को शिफ्ट किया जाना हैं जिसके अंतर्गत 33 फीडर रामपुर-1 एवं 33 फीडर रामपुर-2 पर शटडाउन दिनांक 09 सितम्बर 2023 दिन शनिवार को सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक लगभग 4 घंटे के लिए शट डाउन लिए जाने की आवश्यकता है परन्तु बारिश होने की दशा में शटडाउन नहीं लिया जायेगा। रामपुर क्षेत्र के अधिकतर जगह वैकल्पिक सप्लाई फीडर से विद्युत् सप्लाई चालू रहेगी। उक्त आई.टी. पार्क रोड निर्माण कार्य में विद्युत सप्लाई में की गई कटौती के लिए लिए जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सी.ई.ओ.श्री प्रताप चंद्र सिंह गोहल द्वारा खेद व्यक्त किया गया है।

## वृंदावन धाम से पूजित मोर पंख पाने उमड़े श्रद्धालु



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में वृंदावन सा नजर लग रहा था। सर्वप्रथम आश्रम संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भगवान राधा कृष्ण का 11 फलों के रस से अभिषेक किया गया फिर भक्तों ने बारी बारी से किया सभी भक्तों को वृंदावन धाम से आए पूजित मोर पंख का प्रसाद स्वरूप वितरण किया गया भक्तों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन रहा।

नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया कि आश्रम में मटकी फोड़ का विशेष आयोजन छोटे बच्चों के लिए रहा जिसमें 5 साल से छोटे बच्चों के द्वारा मटकी फोड़ी गई स्वामी जी द्वारा उपहार देकर बच्चों को सम्मानित किया एवं भगवान श्री कृष्णा के अवतार के बारे में बताया हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करने से क्या फायदा होता है विशेष व्याख्या की। इस अवसर पर बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल योगेंद्र दुबे विद्यासागर दुबे डॉ शिव संकर पटेलआदि उपस्थित थे।

## जो है अलबेला मद नैनो वाला...



### महिलाओं ने किया माइथोलॉजी मेकअप

**जबलपुर, देशबन्धु।** कान्हा के रंग में महिलाओं ने खुद को कान्हा, राधा और सुदामा के वेश में ढाला। कोई राधा बनकर कृष्ण भक्ति में डूबा नजर आया, तो कोई शिव गौरा के रूप में छाया रहा। हिन्दू माइथोलॉजी थीम पर सभी के मेकअप खास रहे। जबलपुर मेकअप आर्टिस्ट ग्रुप के तत्वावधान में जन्माष्टमी थीम पर सेलिब्रेशन हुआ। इस दौरान मेकअप तकनीक के नए हुनर पर चर्चा हुई।

**राम और कृष्ण का नृत्य-** कार्यक्रम में प्रतिभागी श्रीराम, कृष्ण, शिव, मां दुर्गा, काली और अन्य हिन्दू देवी-देवताओं के अवतार में नजर आए। इस दौरान राम और कृष्ण का नृत्य बेमिसाल रहा। इस मौके पर डॉ. आराधना चौहान, अध्यक्ष प्रशांत माझी, रीना सिंह, भारती साहू, सपना साहू, निधि राजपूत मौजूद रहीं।

## मालवीय चौक मित्र मंडल ने किया श्रीकृष्ण शोभायात्रा का स्वागत



**जबलपुर, देशबन्धु।** योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत मालवीय चौक मित्र मंडल संदीप जैन के नेतृत्व में द्वारा मालवीय चौक में किया गया। मित्र मंडल द्वारा शोभायात्रा में पूज्य संतो का पूजन किया गया साथ ही शोभायात्रा में शामिल संस्थाओं के प्रतिनिधियों का स्वागत कर श्रद्धालुओं को मिश्री, मखाने का प्रसाद वितरित किया गया। मालवीय चौक मित्र मंडल के मंच से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, सांसद राकेश सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, अभिलाष पांडे, राजीव राठौर, प्रबोध पाठक, राजेश ठाकुर, संतोष झारिया, अजय यादव, रामेश्वर चौधरी, सनी रोहरा, देशराज सिंह, अभिषेक तिवारी, रवि शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, प्रशान्त गुप्ता आदि ने स्वागत किया।



### जन्माष्टमी पर शोभायात्रा का स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु। जन्माष्टमी के मुख्य समारोह के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक विनय सक्सेना, मनोज नामदेव, कमलेश अग्रवाल, आदि ने स्वागत कर पूजन अर्चन किया।**

## जन्माष्टमी पर धूमधाम से मनाया गया



**जबलपुर, देशबन्धु।** डॉ. राधकृष्णनन वार्ड फकीरचंद्र अखाड़े के सामने श्री लोधेश्वर महादेव मां खेरमाई शक्ति मठ में प्राचीन प्रतिमा श्री राधाकृष्ण जिनका भव्य नैनाभिराम श्रृंगार एवं राधाकृष्ण की झांकी का चित्रण किया, भक्त दर्शन निहारते रहे एवं लड्डू गोपाल की दुर्लभ प्रतिमा जिसका वर्ष में एक बार जन्माष्टमी पर्व पर पूजन किया जाता है उसका दर्शन कर सभी भक्तों ने पुण्यलाभ अर्जित किया इस अवसर पर क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें, जिसमे विशेष रूप से निकुंज सिंह, नितिन लोधी, बालयति ब्रह्मचारी श्रीओम महाराज, श्रीमती रेखा लोधी, श्रीमती योगमाया लोधी, श्रीमती सरस्वती लोधी, नित्या सिंह,। कीर्ति सिंह, स्नेहा लोधी, मैत्री लोधी आदि उपस्थित रहे।

## अक़ीदतमंदो के हुजूम के साथ निकला शाही संदल जुलूस



**जबलपुरदेशबन्धु।** हुज़ूर सैय्यद शहीदे मिल्लत अल्लामा सूफी अब्दुल वदूद कादरी रब्बानी रहमतुल्ला अलेह के 40 वे व हज़रत अल्लामा अल्हाज सैय्यद मुहम्मद दाऊदुल कादरी जाने मसीह नश्तर रब्बानी रह. 13 वे के उर्स मुबारक के मौके पर जुमेरात को दोपहर 2 बजे सज्जादानशीन हज़रत अल्लामा मुफ्ती सैय्यद मुहम्मद फ़ैज़ानुरब , अमजद रब्बानी की कयादत मे अक़ीदतमंदो के हुजूम के साथ निकला। आनंद नगर समीपस्थ शरफाबाद खानकाहे मशाएख ए रब्बानीया से निकला जुलूस विभिन्न मार्गो से गश्त करते हुए मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान स्थित दरबारे रब्बानी पहुँचा जहाँ परंपरानुसार चादर पोशी व गुल पोशी की गई। जुलूस मे भारत के अनेक स्थानों से चादर शरीफ शामिल हुई जिसमे अजमेर शरीफ , नागपुर ताज बाबा, लुथरा शरीफ, हजरत तमीम अंसारी चेन्नई, हजरत कमर अली दरवेश के दरबारो से आई चादर प्रमुख रही। आखिर मे बाद नमाज मगरिब हल्का ए जिक्र कादरिया और दुआएँ खैर की गई ।

## आईटी में इनोवेशन ने बढ़ाया स्टार्टअप का दायरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लगातार परिवर्तन हो रहे हैं। यह शोध से ही संभव हो रहा है, जहां इस क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। आईटी में इनोवेशन ने युवाओं के लिए स्टार्टअप का दायरा भी बढ़ाया है, जिसके कारण युवा उद्यमियों का ग्राफी भी तेजी से बढ़ा है। यह कहना था जिला सूचना अधिकारी आशीष कुमार शुक्ला का। कलानिकेतन पॉलिटेक्निक कॉलेज में सूचना तकनीक के नवीन आयाम विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला में उन्होंने यह बात कही। **असाधारण संभावनाओं का क्षेत्र-** मुख्य वक्ता ने कहा कि सूचना तकनीक का क्षेत्र एक असाधारण संभावनाओं का क्षेत्र है। आईटी के कारण ही धरती पर रहकर चंद्रमा में होने वाली हलचल की जानकारी प्राप्त की जा रही है। आईटी से जुड़कर जो युवा स्टार्टअप करना चाहते हैं उनके लिए यह बेस्ट ऑप्शन है।

**कल्पना साकार हो रही-** कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आरसी पांडेय ने कहा कि आईटी के कारण कल्पनाएं साकार हो रहीं हैं। शहर में जो युवा सूचना तकनीक के क्षेत्र में कोई शोध करना चाहते हैं, तो उन्हें इनोवेटिव क्रिएशन लैब के जरिए संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस मौके पर डॉ. सीमा कोहली, आरसी गुप्ता, अनुपम चौधरी, जयश्री सोनकुसले, शुचिता मुदगिल, समन्वयक विवेक चतुर्वेदी, विभाग प्रमुख डॉ. संजय शर्मा मौजूद थे।

## हर दौर में गुरु का रहा सर्वोच्च स्थान

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रेष्ठ गुरु अच्छी शिक्षा देने के साथ चरित्र का निर्माण करते हैं। प्राचीन कथाओं के साथ हर दौर में गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है। ऐसे ही गुरुओं को नमन करने के लिए लायंस क्लब जबलपुर के तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह गुरुवार को सम्पन्न हुआ। समारोह में शहर के विभिन्न शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अतिथि भूमिका मानवेंद्र सिंह, महेश मोरे, अजय वर्मा, राजीव अग्रवाल ने निभाई। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष ज्ञान गोलछा, सचिव एमजेएफ उमेश जैन, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ हरिभाई पटेल मौजूद थे।







## आठ दिन होंगे स्वर कोकिला के कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वर कोकिला की स्मृति में सुर साधक समर्पण ग्रुप, स्वर संगम और समर्पण ग्रुप द्वारा 21 से 28 सितम्बर तक विविध कार्यक्रम होंगे। इस दौरान जहां लता को समर्पित रामकृपाल नामदेव की एकल चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी, वहीं देशभर से आए गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी सुर साधक समर्पण ग्रुप, स्वर संगम और समर्पण ग्रुप के सदस्यों ने दी। उन्होंने बताया कि लता आराधना कार्यक्रम में 21 सितम्बर को चित्रलतिका से कार्यक्रम की शुरआत होगी।

## गर्ल्स कैडेट्स ने कान्हा बनकर फोड़ी मटकी



**जबलपुर, देशबन्धु।** कैम्प में अनुशासन और सेना भर्ती का पाठ सीख रहे एनसीसी कैडेट्स ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उत्साह दिखाया। 2एमपी गर्ल्स बटालियन के तत्वावधान में गर्ल्स कैडेट्स ने कान्हा बनकर मटकी फोड़ी। मच गया शोर सारी नगरी रे..., चांदी की डाल पर सोने का मोर... जैसे गानों के बीच दर्शकों ने उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण और राधिका की खूबसूरत पोशाक पहनकर कैडेट्स ने कृष्ण लीला का मंचन किया। कैम्प कमांडेन्ट कर्नल दिनेश जायसवाल का सहयोग रहा।

## 27 शिक्षिकाओं का सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्राइस्ट चर्च एलुमिनाई एसोसिएशन द्वारा रामकृष्ण आश्रम स्कूल में 27 शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। इस दौरान गीत, कविता और भाषण की प्रस्तुति में शिक्षक की महत्ता बताई गई। इस मौके पर सचिव रोहित खन्ना, प्राचार्य एसके सोनी, अध्यक्ष यतिन पटेल, डॉ. सुनील बहल, राजेन्द्र सोनी, पंकज शुक्ला मौजूद थे।

## कैम्प का बनेंगे हिस्साफोटो- जॉय

**जबलपुर, देशबन्धु।** 2एमपी नेवल यूनिट और जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अदिति पाण्डे और नीरव विकास भोपाल में होने वाले आरडीसी कैम्प में शामिल होंगे। यहां वे विभिन्न चयन प्रक्रिया से गुजरेंगे और दिल्ली कर्तव्यपथ में होने वाली परेड में शामिल होने की ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 08 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी। नक्षत्र- मृगशिरा।**

**मेष**
परिवार और कार्य के क्षेत्र में समझौतापूर्ण व्यवहार से संघर्ष टाल सकेंगे। किसी के साथ वाद-विवाद या झगड़ा होने की आशंका रहेगी।

**वृषभ**
विचारों की दृढ़ता के साथ आप सावधानीपूर्वक काम करेंगे। व्यवस्थित रूप से आर्थिक विषयों का आयोजन कर सकेंगे। अपनी रचनात्मकता को निखार सकेंगे।

**मिथुन**
आपकी वाणी या व्यवहार से आज किसी के साथ गलतफहमी पैदा कर सकते हैं। परिजनों तथा सगे- संबंधियों के साथ खूब संभलकर रहना पड़ेगा।

**कर्क**
आर्थिक आयोजनों और नए कार्य की शुरूआत करने के लिए उत्तम दिन है। व्यापार- धंधे में लाभ, नौकरी में पदोन्नति और आय के स्रोत में वृद्धि होने से आप आनंद अनुभव करेंगे।

**सिंह**
- नौकरी तथा व्यवसाय के क्षेत्र में लाभदायक और सफल दिन है। आपके कार्यक्षेत्र में आप वर्चस्व और प्रभाव जमा सकेंगे।

**कन्या**
आपका आज का दिन धार्मिक प्रवृत्तियों में व्यतीत होगा। किसी तीर्थ स्थान की यात्रा के संयोग बनेंगे। विदेश गमन के लिए अवसर निर्मित होंगे। भाई-बंधुओं से लाभ होगा।

**क.**

**तुला**
आकस्मिक धन लाभ का दिन है। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए उत्तम दिन है। फिर भी नए काम शुरू न करें।

**वृश्चिक**
दैनिक घटना चक्र की प्रवृत्तियों में आज परिवर्तन आएगा। आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन की दुनिया में घूमने के मूड में होंगे। इसमें मित्रों, परिजनों का साथ मिलेगा।

**धनु**
आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल होंगे। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी।

**मकर**
आपका आज का दिन मिश्र फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे।

**कुंभ**
नकारात्मक विचारों से मन में हताशा जन्म लेगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना अनुभव होगी। खर्च बढ़ेगा।

**मीन**
आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा।

**मा.**

## श्रीकृष्ण कथा मात्र श्रवण नहीं, जीवन में उतारना आवश्यक-स्वामी अशोकानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्र और समाज को एकसूत्र में बांधकर सकारात्मक परिणाम के लिए निरंतर प्रयास करना सिर्फ भगवान श्रीकृष्ण की लीला से सीख सकते हैं। श्रीकृष्ण ने माखन चोरी, गौ चारण, गोवर्धन पूजा, आसुरी शक्तियों का दमन, की लीलाओं से निष्कामभाव से कर्म के लिए हर संभव प्रयास करना सिखाया है। श्रीकृष्ण कथा मात्र श्रवण करने के लिए नहीं बल्कि जीवन में उतारने के लिए है उक्त उद्गार भागवताचार्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने श्रीकृष्ण कथा में कहे।

विधायक अशोक रोहाणी के विशेष योगदान से छठ पूजा मैदान, कंचनपुर तालाब लिए, अधारताल में कृष्ण महिमा कथा का आयोजन कराया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कथा का आनंद उठाया एवं प्रसाद ग्रहण किया। विधायक श्री अशोक रोहाणी ने इस अवसर पर कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्रीय नागरिकों को धर्ममय बनाना मेरा उद्देश्य है।

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, लेखराज सिंह, दामोदर सोनी, गुड्डा केवट, आशीष राव, संजय वर्मा, सोनू बचवानी, रिक्की यादव, निशांत झरिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह, अनुराग दाहिया, श्रीमती कृष्णा दास चौधरी , संदीप राठौर, प्रसन्न उपाध्याय, श्रीमती सोना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## शिया मुस्लिमों का मातमी निकला जुलूस



**जबलपुर, देशबन्धु।** शिया मुस्लिम जे इमाम हुसैन का चहल्लुम (चालीस्तां) मनाया, पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन शिया ईमानिया मस्जिद में दिन में 12 बजे मजलिस का आयोजन हुआ जिसमें डॉ. मुजतबा आब्दी साहब ने तकरीर फरमाई आपने अपने संबेदन में कहा कि इमाम हुसैन सिर्फ मुसलमानों के रहनुमा नहीं है बल्कि पूरी दुनिया में जहां जहां मानवता है उसकी नुमाइंदगी हुसैन कर रहे हैं। जहां भी मानवीय सभ्यता है वहां के इमाम- इमाम हुसैन है। विश्व में मस्जिदों से अगर अंजानों की आवाजें आ रही हैं तो वो हुसैन अलैहिस्सलाम की वजह से वर्ना आतंक का पर्याय यजीद ने तो इस्लामी शिक्षा एवं अम्लों के सिसाम्राज्य फैला ही लिया था। इंग्राम हर्मन ने उसके फरमान और मकसद की धज्जियां उड़ा दीं और बेदी से वो उनके घर वाले शहीद कर दिए गए। इमाम हुसैन के चाहने वाले आज भी उनका गम मनाते हैं। इसी तारतम्य जुलूस में शिया समुदाय ने के इमाम निकाला। मस्जिद की मजलिस के बाद जुलूस निकलकर फूटाताल चौथ होते गम में मातमी गलगला तैरिया से हुए से सायकाल 6 बजे शिया इमामबाडा गलगला में समाप्त हुआ जुलूस में शुजाअत रिज़्वी, फैजान नकवी, शमन्युल रिजवी, काजिम रिजवी एवं सुज्जू मंडली ने नोटे पढे जिसपर शिया बंधुओं ने मातम किया जुल्म समापन पर कार्यक्रम संयोजक की शुजाअत रिजवी ने आभार प्रकट किया।

## पुरानी पेंशन बहाल कराने जुटेंगे हजारों कर्मचारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शासन द्वारा 31/12/2004 से पुरानी पेंशन योजना समाप्त कर 01/01/2005 के बाद नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी को नवीन पेंशन योजना एनपीएस लागू की गई है नवीन पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमाह कटौती कर उस पैसे को शासन द्वारा बाजार में उपयोग किया जाता है उसी पैसे को ब्याज सहित पेंशन के रूप में प्रतिमाह 1000-2000 के बीच ही सेवा निवृत्त कर्मचारियों को मिल पाती है वहीं एक बार के निर्वाचित सांसदों एवं विधायकों एक दिन भी सांसद या विधायक रहने पर पूरे जीवन पेंशन एवं परिवार पेंशन मिलती रहती है वहीं कर्मचारी 30 से 40 वर्षो की सेवा के उपरांत भी पेंशन से वंचित रहता है जिससे उनके एवं उनके परिवार में असुरक्षा की भावना बनी रहती है जब देश में एक संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है तो एक देश में दो प्रकार की पेंशन योजना क्यों लागू की गई है इस असमानता को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाली के लिए शुक्रवार को आज सायं 6.00 बजे पंडित योगेन्द्र दुबे संरक्षक मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य जल संस्थान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी वन राजस्तव, पीडब्लयूडी सहित नगर निगम, जिला पंचायत जनपद पंचायत नगर पंचायत सहित समस्त निगम, मण्डल के हजारों कर्मचारी प्रदेश के मुख्यमंत्री मप्र शासन के नाम से कलेक्टर जबलपुर को ज्ञापन सौंपेंगे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**श्री अशोक कुमार सोनी-** चेरीताल दुर्गा मोहल्ला निवासी श्री अशोक कुमार सोनी का 55 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे उमाशंकर सोनी, श्यामलाल सोनी के भाई एवं भतीजे मनीष सोनी, पप्पू सोनी, बबलू सोनी, विनोद सोनी, मनोज सोनी। अंतिम यात्रा 8 सितंबर को 10.30 बजे ग्वारीघाट मोक्षधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्रीमती कमला बाई गोस्वामी-** शांतिनगर परसवाड़ा निवासी श्री गोपाल गिरी गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई गोस्वामी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुल्लन बाई सोनकर-** गली नं. 2 बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री धरमदास सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती दुल्लन बाई सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुखपाल सिंह-** मां नर्मदे नगर ग्वारीघाट सुखसागर वैली के सामने निवासी श्री सुखपाल सिंह (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रजनी पासी-** रावत बाड़ा शीतलामाई निवासी श्री दिनेश पासी की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी पासी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विमलेंदु बैनर्जी-** आलोक नगर अधारताल निवासी श्री विमलेंदु बैनर्जी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रकला सोनकर-** भानतलैया विद्यापीठ स्कूल के पीछे निवासी श्री कैलाश नाथ सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकला सोनकर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती गौरा बाई काछी-** शाहीनाका गढ़ा निवासी श्री कुंवर लाल काछी की धर्मपत्नी श्रीमती गौरा बाई काछी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रविकांत अग्रवाल-** तमरहाई चौक निवासी श्री रविकांत अग्रवाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश कुशवाहा-** संजय गांधी नगर सदर केंट निवासी श्री महेश कुशवाहा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुगिया बाई चौधरी-** सिद्धबाबा रविदास नगर निवासी श्री गनेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती मुगिया बाई चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

# मेरा शहर
' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक



# मेट्रो बस का कहर, मोटर साइकल सवार किशोरों को कुचला, एक की मौत, दूसरा गंभीर



**जबलपुर, देशबन्धु।** ओमती थाना अंतर्गत तैय्यब अली चौराहा पर आज उस वक्त चीखपुकार मच गई. जब रेड सिग्रल होने के कारण खड़े मोटर साइकल सवार दो किशोरों को मेट्रो बस के चालक ने टक्कर मारकर कुचल दिया. हादसे में घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए नजदीक अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर एक किशोर निहाल की मौत हो गई. वहीं दूसरे की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है। पुलिस के अनसुार मिलौनीगंज निवासी निहाल मंसूरी उम्र 16 वर्ष मोटर साइकल क्रमांक एमपी 20 एमसी 9928 से शाहिद के साथ रसल चौक जाने के लिए निकला. दोनों किशोर तैय्यब अली चौराहा पर पहुंचे तो रेड सिग्नल हो गया था. जिसके चलते दोनों रुक गए जैसे ही ग्रीन सिग्नल हुआ तो आगे बढ़े इस दौरान क्राइस्ट चर्च की ओर से आई मेट्रो बस क्रमांक एमपी 20 पीए 1232 के चालक ने टक्कर मार दी. बस की टक्कर लगते ही दोनों सामने की ओर गिरे, जिन्हे बस ने कुचल दिया. मोटर साइकल सवार साथियों को बस के नीचे आते देख सद्दाम मंसूरी सहित अन्य लोगों में चीख पुकार मच गई. आनन-फानन में दोनों को निकालकर रसल चौक स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया. जहां पर निहाल की हालत को देखते हुए रसल चौक स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया. निजी अस्पताल में शाम 4 बजे के लगभग निहाल की उपचार के दौरान मौत हो गई. घटना को लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त रहा. मौके पर पहुंची पुलिस ने मेट्रो बस के चालक को हिरासत में ले लिया।

## चेन स्नेचिंग करने वाले बदमाशों का पुलिस को खुला चैलेंज, एक दिन में चार थाना क्षेत्रों में की लूट

### थाने से बाइक चुराई, फिर दिया वारदातों को अंजाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में बीते दिन चार थाना क्षेत्रों में चेन स्नेचिंग की वारदतों ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लुटेरों ने जिस मोटर सायकिल से लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। वह ओमती थाना से चुराई थी। जिसके बाद उसमें पैट्रोल भरवाकर बदमाशों ने घूम घूमकर महिलाओं को लूटा। वहीं पुलिस गश्त पर अंकुश लग गया है। जिसमें सवाल यह उठ रहे हैं। कि अगर पुलिस की गश्त सटिक होती है तो बदमाशों ने चार थाना क्षेत्रों में लूट की वारदातों को कैसे अंजाम दिया। इस घटना के बाद साफ तौर पर यही समझ आ रहा है कि बदमाशों ने पुलिस को खुला चैलेंज कर दिया है। लुटेरों के बुलंद हौसलों का अंदाजा तो सिर्फ इस बात से ही लगाया जा सकता है कि पहले थाना परिसर से मोटर साइकिल चोरी की। इसके बाद मदन महल, गढ़ा, माढ़ोताल व सिविल लाइन में लूट की। जिसके शहर में सनसनी तो मची ही साथ ही पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया है। पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गठित टीमें आरोपियों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने मदनमहल में एक महिला के साथ चैन स्नेचिंग, फिर गढ़ा में महिला को निशाना बनाया। यहां से भागकर माढ़ोताल क्षेत्र में एक व्यक्ति को शिकार बनाया। यहां पर भी लुटेरे रुके नहीं और सिविल लाइन क्षेत्र में फिर लूट की वारदात को अंजाम दिया। एक के बाद एक हुई लूट की वारदातों से शहर में सनसनी फैल गई। सुबह से हुई लूट की वारदातों के आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की विभिन्न टीमें सक्रिय हो गई।

## मोबाईल छीनने वाले एक्सिस सवार लुटेरे पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना अंतर्गत कस्तूरी रेस्टोरेंट के पास बीती 10 फरवरी 23 की देर रात एक बस कंडेक्टर से हुई लूट के आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। जिसके पास से लूटा हुआ मोबाइल व वाहन जप्त कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार गोहलपुर थाना में अजय गुप्ता उम्र 52 वर्ष निवासी शांतिनगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बस में कन्डेक्टरी करता है। 9 फरवरी 23 की रात लगभग 10-30 बजे वह अपने काम से मोबाइल पर बात करते हुये घर वापस लौट रहा था। कस्तूरी रेस्टोरेण्ट के पास शांतिनगर पहुंचा तभी पीछे से सफेद रंग की एक्सिस में 2 लड़के आये पीछे बैठा लड़का मंकी कैप पहना था। एक्सिस चलाने वाले को नहीं देख पाया। पीछे बैठे लड़के ने उसके हाथ से उसका मोबाइल छीना और दोनो भाग गये। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की। इसी दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक्सिस सवार आरोपियों के सम्बंध मे पतासाजी करते हुये संदेही राजेश पटेल पिता पन्नालाल पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी आईटीआई के सामने शारदा मंदिर के पास को पुलिस ने पकड़ा व पूछताछ की। आरोपी ने अपने साथी कृष्णा दुबे निवासी उजारपुरवा लार्डगंज के साथ मिलकर अजय गुप्ता के हाथ से मोबाईल छीनना स्वीकार किया।

## असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही

जबलपुर, देशबन्धु। पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 40 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 213 युवकों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 14 युवकों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 3 गैरम्यादी, 26 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 33 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 201 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 116 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 5 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 बका, 4 चाकू जप्त किये गये एवं 4 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया है।

## संजीवनी नगर में हुई अंधी हत्या का खुलासा, रूपयों के लेने देन में उतारा दोस्त ने ही उतारा था युवक को मौत के घाट



**जबलपुर, देशबन्धु।** संजीवनी नगर 90 क्वाटर क्षेत्र में हुए अंधे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यहां पर रुपयों के बटवारे को लेकर उपजे विवाद पर अजय बरकड़े उईके से अपने मजदूर साथी सरजू झारिया की पत्थर पटककर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद लाश को नाले में फेंककर भाग निकला। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अजय बरकड़े को गिरफ्तार कर लिया है। इस आशय की जानकारी एसपी टीके विद्यार्थी ने कंट्रोल रुम में आयोजित पत्रवार्ता में दी है।

एसपी ने मामले की जानकारी देते बताया कि 2 सितम्बर को सरजू झारिया, अजय बरकड़े व रमाकांत क्षेत्र में ही अनुज नारोलिया के प्लाट पर मजदूरी करने के लिए गए थे। शाम को काम खत्म होने के बाद मजदूरी का रुपया लेकर तीनों ने कछपुरा सब्जी मंडी के पास से शराब खरीदकर पी। इसके बाद रमाकांत अपने घर चला गया। सरजू ने ठेकेदार से बचे हुए 800 रुपए लिए और अजय के साथ खाने का सामान व शराब लेकर 90 क्वाटर के करीब नाला के पास पहुंच गए। यहां पर बैठकर फिर दोनों ने शराब पी, इस दौरान दोनों के बीच रुपयों के बटवारे को लेकर विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ा कि अजय ने एक पत्थर उठाकर सरजू के सिर व चेहरे पर मार दिया। हमला होते ही सरजू वहीं गिर गया। इसके बाद अजय ने पत्थर उठाकर फिर सरजू पर पटक दिया। सरजू को मृत समझकर अजय ने उसके जेब से 600 रुपए निकाले और सरजू को पुलिया के होल से नाला में फेंक दिया। यहां तक कि सिम तोड़कर मोबाइल फोन नाला में फेंक दिया। दूसरे दिन नाला में लाश मिलने की खबर से सनसनी फैल गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरु कर की। जांच के दौरान पता चला कि सरजू को अजय बरकड़े के साथ देखा गया था। जिसपर पुलिस ने अजय बरकड़े उईके पिता बलिराम उईके गौड़ उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बरबसपुर बिछिया थाना शहपुरा जिला डिण्डोरी हाल निवासी काफी हाउस के पास कछपुरा थाना संजीवनी नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसपर उसने हत्या करना स्वीकार लिया है।

## पूर्व छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान



**जबलपुर,देशबन्धु।** द एल्युमिनि ऑफ क्राइस्ट चर्च स्कूल्स आर्गनाईजेशन के छात्रों द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर रामकृष्ण आश्रम स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें प्राचार्य एसके सोनी एवं 27 शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया था एवं बच्चों में मिठाई एवं स्वल्पाहार वितरित किया गया स्कूल के छात्रों ने शिक्षकों के सम्मान में गीत, कविता एवं लेख प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में पंकज शुक्ला, प्रबीर दत्ता, नितिन निगांधी, नंदनी मक्कड़, मोहन तामस्कर, पारस मक्कड़ एवं रोहित खन्ना का सहयोग सराहनीय था। अध्यक्ष यतिन पटेल, डॉ सुनील बहल, निखिल गुप्ता, आलोक चौहान, अतुल शाह, इंदरपाल सिंह गिल, प्रदीप जैन, एचएस श्रीवास्तव, डॉ वाय सी चाउ, रविन्दर सिंह रील, विपिन लूनावत, डॉ सुधीर यादव, उदयन तिवारी, रामजी अग्रवाल, प्रदीप नायडू, श्रीजिता विश्वास, सुनील पिनयानी, दीक्षा झा, प्रांशुक्ता तिवारी, डॉ प्रार्थना पटेल, सत्यनारायण गुप्ता, कमलेश राय, संजीव तिवारी, नवनीत खण्डेलवाल, निखिल पाहवा, जनित पटेल, राजेन्द्र सोनी, समर सिंह यादव, हलत सिंह भोगल एवं उष, मेंडरिटा ने शिक्षकों को बधाई दी एवं इनका प्रोत्साहन किया।

## जेल के बंदी 30 प्रकार के व्यंजन बनाना सिखेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायमूर्ति एवं अध्यक्ष मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट जबलपुर एवं केन्द्रीय जेल जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में बंदियों के हितार्थ रोजगारपकर व्यवसायिक पाठयक्रम के अंतर्गत 30 दिवसीय हलवाई का प्रशिक्षण 06-09-2023 से केन्द्रीय जेल जबलपुर के प्रांगण में प्रारम्भ हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकित 50 दण्डित बंदियों को 30 दिवस में 30 व्यंजन संबंधी विधाओं का ज्ञान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाया जायेगा साथ ही प्रशिक्षणरत



बंदियों को प्रशिक्षण उपरांत स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र एवं मानदेय का भी भुगतान किया जायेगा बंदियों को प्रशिक्षण स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट जबलपुर से फैकल्टी दीपक उप्रेती एवं मयंक चौबे द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारम्भ दविन्दर पाल सिंह सोढ़ी, प्राचार्य स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट जबलपुर के विशेष सहयोग से प्रारम्भ हुआ। अध्यक्ष मप्र विधिक सेवा समिति जबलपुर न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल के निर्देशन में तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में केन्द्रीय जेल जबलपुर में परिरूद्ध दण्डित बंदियों के हितार्थ व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# राजस्व अधिकारी को नहीं वसीयत की वास्तविकता तय करने का अधिकार

### हाईकोर्ट से अतिरिक्त संभागायुक्त का आदेश खारिज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक अहम आदेश में कहा है कि राजस्व अधिकारी को वसीयत की वास्तविकता तय करने का अधिकार नहीं है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने मामले में अतिरिक्त संभागायुक्त का आदेश खारिज कर दिया।

दरअसल टीकमगढ़ निवासी उर्मिला तिवारी की ओर से यह मामला दायर किया गया था।जिसमें वसीयत के आधार पर शासकीय अभिलेख में लाभार्थियों के नाम दर्ज किये जाने के आदेश को कटघरे में रखा गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि उनके पिता ने अपने बेटे कृपाराम तथा राजीव के नाम पर वसीयत की थी। वसीयत के आधार पर नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन पेश किया गया। जिसके बाद शासकीय अभिलेखों में उनका नाम दर्ज करने के आदेश तहसीलदार टीकमगढ़ ने किये। उक्त आदेश के खिलाफ उन्होने एसडीएम अपील दायर की। एसडीएम ने तहसीलदार के आदेश को निरस्त करते हुए सभी कानूनी हकदारों के नाम दर्ज किये जाने के आदेश दिये। जिसके खिलाफ अनावेदकों ने एसडीएम के आदेश को अतिरिक्त संभागायुक्त के समक्ष अपील के माध्यम से चुनौती दी। अतिरिक्त संभागायुक्त ने अपील स्वीकार कर ली, जिस पर यह याचिका दायर की गई है।




सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त मत के साथ अतिरिक्त संभागायुक्त के आदेश को निरस्त करते हुए कहा है कि अनावेदक वसीयत की वैधता के लिए सक्षम न्यायालय की शरण ले सकते है।

### रिटायर्ड होमगार्डस सैनिक हाईकोर्ट की शरण में

**जबलपुर, देशबन्धु।** सेवानिवृत्त होमगार्ड्स सैनिकों ने संचित निधि व सेवानिवृत्ति लाभ न दिए जाने को लेकर हाईकोर्ट की शरण ली है। जस्टिस नंदिता दुबे की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।

यह मामले सिवनी लखनादौन निवासी डोरीलाल अहिरवार, अंतुल व उदय सिंह मर्सकोले की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि होमागार्ड के पद पर सेवा के बाद याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त हुए। इसके बावजूद संचित निधि व सेवानिवृत्ति लाभ मनमाने तरीके से रोक लिए गए। जिसके विरुद्ध अभ्यावेदन दिए गए, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर यह मामले दायर किये गये। मामले में राज्य शासन, प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी होमगार्ड, सीनियर स्टाफ आफिसर होमगार्ड, आइजी होमगार्ड व डिवीजनल कमांडेंट होमागार्ड को पक्षकार बनाया गया है।

## अवयस्क पुत्री को ब्याज सहित करें परिवार पेंशन का भुगतान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अवयस्क पुत्री को छह प्रतिशत ब्याज सहित परिवारिक पेंशन का भुगतान करने के आदेश दिये। जस्टिस सुजय पाल की एकलपीठ ने उक्त निर्देश पाटन गुरु मोहल्ला निवासी अलका रैकवार की ओर से दायर मामले में दिये है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध पांडे ने पक्ष रखा। जिन्होने न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता की मां सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग में रसोईया के पद पर कार्यरत थी। सेवा के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिसके बाद पात्रता के अनुरूप याचिकाकर्ता को परिवार पेंशन दी जानी चाहिए थी। इसके लिए आवेदन भी किया गया। लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे याचिकाकर्ता को काफी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। श्री पांडे ने दलील दी कि पेंशन नियम के अनुसार याचिकाकर्ता को उसका हक मिलना चाहिए। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए याचिकाकर्ता के पक्ष में राहत कारी आदेश देते हुए परिवार पेंशन, एरियर्स व ब्याज का भुगतान किए जाने के निर्देश दिये।



## संभागीय खो खो प्रतियोगिता में जबलपुर ओवरऑल चैम्पियन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं शा. पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्था (मॉन्टेसरी)के तत्वाधान में संभागीय खो खो प्रतियोगिता 14 एवं 19 वर्ष बालक/बालिका के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय खो खो महासंघ के सहसचिव संजय यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुश्री चंदा सोनी, म.प्र. एम्च्योर खो खो संघ के कोषाध्यक्ष विनोद पोददार अंतर्राष्ट्रीय खो खो खिलाड़ी चन्द्रशेखर स्वामी रहे। अतिथियों का स्वागत वासु कोरी, शुभम काछी, नैन्सी जैन, अन्नपूर्णा स्वामी द्वारा किया गया प्रतियोगिता का फाइनल मैच 19 वर्ष बालक वर्ग में जबलपुर ने नरसिंहपुर को 1 पारी 9 अंकों से हराकर विजय प्राप्त की। महिला वर्ग में जबलपुर और नरसिंहपुर के मध्य हुआ जिसमें जबलपुर ने 02 अंकों को विजय प्राप्त की 14 वर्ष बालक वर्ग में जबलपुर और नरसिंहपुर के मध्य हुआ जिसमें जबलपुर ने 2 अंक से विजय प्राप्त की 14 वर्ष बालिका वर्ग नरसिंहपुर और मंडला के मध्य होना था भारी वर्षा के कारण दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया सभी मैचों में निर्णायक की भूमिका आफरीन शेख, विवेक यादव, अरूण काछी, आतिक, सुशील जायसवाल, अंजलि वर्मा, पूजा बर्मन ने निभाई।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस आज



**जबलपुर,देशबन्धु।** 8 सितम्बर 2023 को पूरे विश्व में फिजियोथेरेपी दिवस के रूप में मनाया जाता है डॉ मयंक वैध सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट ने बताया कि फिजियोथेरेपी चिकित्सा के द्वारा विभिन्न बीमारियों का अत्याधुनिक मशीनों, मैन्यूअलथेरेपी, व्यायामों के माध्यमसे बिना दवाईयां व सर्जरी के सफलतापूर्वक इलाज किया जाता है।

## जागरुक क्रिश्चियन मंच ने निर्मला चर्च के साथ मिलकर वेलांकन्नी माता का पावन पर्व मनाया



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं प्रांतीय सचिव क्लेमेट पायस ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जागरूक क्रिस्चियन मंच ने घमापुर स्थित निर्मला चर्च के विश्वासियों के साथ मिलकर वेलांकन्नी माता के आदर मे 91 वार्षिक महोत्सव के नोवेना प्रार्थना के आठवें दिन की प्रार्थना मे भाग लिया तथा माता के चमत्कारों के बारे में श्रध्येय फादर रंजीत लाकडा द्वारा प्रवचन मे जाना द्य फादर फ्रांसिस जेवियर, फादर क्रिस्टोफर विशेष रूप से उपस्थिति थे द्य कल दिनांक 08/09/2023 को माता के जन्मोत्सव पर भव्य जुलूस जो घमापुर के विभिन्न क्षेत्रों से भ्रमण करते हुए वापस निर्मला चर्च प्रांगण मे प्रवेश करेगा जहाँ पवित्र मिस्सा अर्पित किया जावेगा द्य जागरुक क्रिश्चियन मंच के जेम्स एंथोनी, सैलेश जार्ज, क्लेमिंट पायस, क्लेरिटा ग्रेगरी, डेनिस, क्लेमिंट, रूपेश गायकवार्ड, एरिक दास, फिलिप एंथोनी, आनंदराज एंथोनी, अल्बर्ट एंथोनी, थॉमस नरोन्हा, क्रिस्टोफर नरोन्हा, फेलिक्स बरला, विक्टोरिया दास, एलिजाबेथ फ्रांसिस, रेना कैलाहान, अनीता,आदि ने माता मरियम के भक्तो से अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थिति होने एवं माता के जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने की अपील की है ।

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन




**जबलपुर।** वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल पुलिस लाइन मे जन्माष्टमी पर्व पर् मटकी फोड़ का आयोजन हुआ। नन्हे मुन्हे बच्चे कृष्ण गोपाल बनकर अपने नरम हाथो से मटकी फोड़ का आनंद लिया सभी बच्चे राधे कृष्ण रंग बिरंगे पोषक मे नजर आ रहे थे। ड्डइस अवसर पर् प्राचार्य रूपा बैनर्जी ने जन्माष्टमी पर्व और भगवान कृष्ण के बारे मे जानकारी दी कार्यक्रम मे दीपिका दुबे सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

## सीए ब्रांच ने स्थापना दिवस मनाया

**जबलपुर।** जबलपुर में 1950 से ही सीए फर्म अपनी सेवाए प्रदान कर रही है। महाकौशल क्षेत्र का पहला सी ए ऑफिस जबलपुर में ही स्थापित हुआ था। पर ब्राँच का स्वरुप तभी मिलता है जब किसी शहर के अंतर्गत एक निश्चित संख्या से अधिक सीए हो। इसी प्रकार जबलपुर सीए एसोसिएशन को जबलपुर सीए ब्रांच का दर्जा 07 सितम्बर 2004 को मिला और उसके पहले चेयरमैन सीए मनोज जैन बने थे। इस अवसर पर पूर्व में बने सभी चेयरमैन को सम्मान देने के लिए सीए मनोज फडनिस जो आई सी ए आई के पूर्व अध्यक्ष है द्वारा जबलपुर सी ए ब्रांच में चेयरमैन गैलरी और आई सी ए आई म्यूजियम का उद्घाटन किया।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बादलों ने मुंह खोला, सूख रही धान की फसल को बारिश से मिली संजीवनी

## पीले पड़ रहे पौधों में आई जान

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आसमान पर छाए बादलों ने मुंह खोला और दिन में दो से तीन बार सुबह व शाम के समय तेज बरसात हुई। मानसून की बेरुखी से चिंतित किसानों ने बारिश से राहत की सांस ली है। गुरुवार को सुबह से रुक-रुककर फिर दोपहर बाद तेज हुई बारिश से सूख रही धान की फसल को संजीवनी मिल गई है। बारिश का क्रम शुरू होने के साथ ही किसानों ने खेतों में काम तेज कर दिया है।



धान उत्पादित क्षेत्र में बारिश लेट होने से कृषि कार्य प्रभावित हो गया था। तय रकबे में लगने वाली धान का करीब 25 फीसद रकबा कम होने का अनुमान लगाया जा रहा था, लेकिन गुरुवार सुबह से लगातार हो रही बारिश से धान उत्पादन का रकबा बढ़ने का अनुमान जताया जा रहा है। हालांकि सुबह, शाम से बारिश शुरू होने के साथ ही एक बार फिर किसानों ने खेतों का रुख कर लिया है।

### फसल खराब होने से बच गई

कृषि करने वाले जानकार प्रकाश मिश्रा, वासुदेव मिश्रा, उत्तम तिवारी, रजनीश पटेल आदि किसानों का कहना है कि बारिश जरूरत की लिहाज से लेट हुई है, पर अब हो रही है इस बारिश से सूख रही धान की फसल भी बच गई और तैयार खेतों में काम भी समय पर शुरू हो गया है।

### अब खाद के लिए होगी मारामारी

बारिश होते ही किसान खाद और बीज के लिए बजार का रुख कर रहे हैं। हालांकि खाद की आपूर्ति के लिए प्रशासन तत्पर रहने की बात कह रहा है। बारिश होने के साथ ही किसान खाद के लिए जुगाड़ भी लगा रहे हैं।

### फिर जागी उम्मीद

बारिश कम वा लेट होने से चिंतित किसानों के चेहरे पर फिर उम्मीद दिखाई देने लगी थी। जानकार किसानों का कहना है कि लगातार बारिश की जरूरत है। इसी क्रम से पानी गिरता रहा तो धान लगाने वाले किसान कृषि कार्य कर सकेंगे।

### गर्मी से भी मिली राहत

बारिश का क्रम शुरू होने से तापमान में तेजी से कमी आई है। जिससे उमस से परेशान लोगों ने राहत की महसूस की है। वहीं रुक-रुक कर हो रही बारिश से हवाओं का रुख नम होने से उमस से हलाकान लोगों को परेशानी से निजात मिल गया।

### किसानों का कहना है

धान की फसल के लिए पानी की जरूरत अधिक पड़ती है। इस साल मानसून की बेरुखी से बारिश लेट शुरू हुई है। लेकिन रुक रुककर शुरू हुई बारिश से एक बार फिर बेहतर आसार नजर आ रहे हैं।

## शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित



**कुंडम, देशबन्धु।** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगांव में संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर उपमा पांडे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं महान शिक्षाविद श्रेष्ठ दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर में संकुल स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक एसएस ओलाड़ी उच्च श्रेणी शिक्षक का शॉल-श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया गया, साथ ही साथ संकुल प्राचार्य डॉक्टर उपमा पांडे प्राचार्य आईएस परस्ते प्राचार्य टीएस मार्को का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। संकुल के समस्त शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों का संकुल शाला परिवार की ओर से श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जी आर झारिया, व्हीएस मरावी, टीआर तेकाम, जीएस पुशाम डीएस कुलस्ते, एसके झारिया, अभिलाषा साहू, संदीप बावरिया, विश्वनाथ प्रजापति, अर्चना सराठे, शिवांगी झारिया, राजेश परस्ते, सुशील सर भूरी बाई मरकाम आदि उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### पनागर में निकली भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभाया





**पनागर, देशबन्धु।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल द्वारा अभिमन्यु चौक में शोभायात्रा प्रारंभ होने के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समाज की नन्ही नन्ही बच्चियों ने मनमोहन मनमोक नृत्य प्रस्तुत किया।

### भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा का ग्राम रिछाई में प्रवेश आज

**बरेला, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के नेतृत्व में प्रदेश की सभी विधानसभाओं में जन आशीर्वाद यात्रा निकाली जा रही है जिसका पनागर विधान सभा के शारदा नगर रिछाई से प्रारम्भ होकर बरेला दादा मंदिर बस स्टैंड में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है।इसके पश्चात यात्रा पड़वार की ओर प्रस्थान करेगी। सांसद राकेश सिंह, पनागर विधायक सुशील तिवारी जिला अध्यक्ष रानू तिवारी उपस्थित रहेंगे।मंडल अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### नवभारत साक्षरता कार्यक्रम आज मझौली में

**सिहोरा, देशबन्धु।** विकासखंड सह समन्वयक नव भारत साक्षरता मझौलीदीपक पटेल ने बताया कि 8 सितंबर दिन शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जायेगा जो विकासखंड मझौली के प्रत्येक वार्ड, ग्राम शासकीय,असाशकीय शालाओं एवम ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाना है। उक्त संबद्ध में समस्त लोक सेवक कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराए जाने अपील की गई है।

### स्ट्रीट स्कूल सरसबाही में शिक्षकों का किया सम्मान

**पनागर, देशबन्धु।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर युवा सेवा संगठन सुंदरपुर पनागर द्वारा संचालित स्नेह स्ट्रीट स्कूल ग्राम सरसवाही में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया , जिसमे संगठन के सभी पदाधिकारी ग्रामीण जन व मुख्य अतिथि की उपस्थिति में सभी शिक्षकों को साल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पौधारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित व शुद्ध बनाये रखने के लिए एक सजग प्रयास किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ सुनील भिंडवाले, कार्यक्रम अध्यक्षता अंकेश पटेल( चिंटू भाई ), बिशिस्ट अतिथि डॉ नीरव, विटनरी आमानाला प्रभारी सीमा भिंडवाले के साथ संगठन अध्यक्ष सुमित यादव, बच्चा यादव, नितेश तिवारी, शुभम राय,एस बी निषाद, अर्चना यादव, रजनी काछी, शिवम कुशवाहा, राज कुशवाहा, नानू यादव, शेखर यादव के साथ संगठन सदस्य और छेत्रीय जनो की उपस्थित रही।

### गुबरा के जंगल में पत्थरों के बीच सड़ी-गली अवस्था में मिला तेंदुए का शव

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आरएफ 154 घुटरिया बीट एव गुबरा के जंगल और घुटरिया बीट में बुधवार को सड़ी-गली अवस्था में पत्थरों के बीच एक तेंदुए का शव मिला है। शव को करीब 8 दिन पुराना माना जा रहा है। मामले की जानकारी लगते ही दमोह वन मंडल अधिकारी महेंद्र उईके, उपवन अधिकारी रेखा पटेल, तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की प्रभारी रेंजर मेघा पटेल, सहिम वन अमला मौके पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू की गई। शव को पोस्टमार्टम कार्यवाही के लिए ले जाया गया है और डीएफओ महेंद्र उइके द्वारा शव के पोस्टमार्टम के लिए जबलपुर विटनरी कॉलेज से एक विशेष टीम को बुलाया गया है जो आज एक स्थानीय डॉक्टर के साथ मिलकर शव का पोस्टमार्टम करेगी।

# श्री नृत्य गोपाल जी के स्वागत में दिखा वृंदावन सा उत्साह

## शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब







**पाटन, देशबन्धु।** श्री नृत्य गोपाल जी की 29वीं शोभायात्रा के स्वागत में पूरा पाटन नगर विविध सामग्रियों से सजाया गया वही भक्तों ने जगह-जगह पंडाल लगाकर शोभा यात्रा की आगवानी पुष्प वर्षा से करते हुए पालकी में विराजे लड्डू गोपाल जी की पूजा-अर्चना की और केसरिया दूध, खीर, हलवा, फल लड्डू पेड़े का प्रसाद बाटा गया।

राधा कृष्ण मंदिर चौधरी मोहल्ला पाटन से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यादव समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम राधा कृष्ण मंदिर में पूरे विधि विधान से कान्हा जी की पूजा अर्चना करके सुंदर पालकी पर विराजमान करा कर नगर भ्रमण कराया गया जिसमे बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण इलाकों के भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा में हनुमान जी के जीते जागते स्वरूप के दर्शन के साथ उज्जैन के प्रसिद्ध श्री शंभू डमरू मंडल की प्रस्तुतियां और नन्हे मुन्ने बच्चों की झांकियां शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बनी रहीं, वही कान्हा जी की शोभायात्रा में इंद्रदेव भी हल्की हल्की वर्षा की फुहार करते दिखे इसके बावजूद भी भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। शोभायात्रा के दौरान भक्तों के द्वारा सिविल कोर्ट चौराहे पर ठा.मनोहर सिंह एवं ठा.विक्रम सिंह और उनकी टीम के द्वारा कान्हा जी का पूजन करके प्रसाद वितरण किया गया वही कमानिया गेट के पास जितेंद्र सिंह ठाकुर जित्तू एवं उनकी टीम के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया वही सरकारी अस्पताल के पास पूर्व पार्षद पप्पू गुप्ता के द्वारा प्रसादी बांटी गई। नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले बाजार में जैन समाज एवं अग्रवाल समाज के द्वारा शोभायात्रा में चल रहे सभी कान्हा जी के भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर न्यास की ओर से सरवराहकार ठाकुर रणधीर सिंह,न्यासी मंडल के विमल कुमार नायक,जुगल किशोर अग्रवाल,आचार्य जगेन्द सिंह,राघवेंद्र शुक्ला,राजशेखर त्रिपाठी,आशीष वैद्य,विद्यालय व्यवस्थापक डॉक्टर विष्णु दत्त त्रिपाठी,प्रधानाचार्य हरि नारायण कुररिया,प्राचार्य विष्णु पाठक ने सभी का स्वागत किया शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक आध्यात्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

गोसलपुर



## कुंडम यादव समाज ने निकाली भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा



**कुंडम, देशबन्धु।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव पर कुंडम यादव समाज ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा और बलदाऊ की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा ने कुंडम नगर में भ्रमण किया। शोभायात्रा में मंगल गान करते हुए लोग खुशी से झूम उठे। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। शोभायात्रा राधा कृष्ण मंदिर आवास योजना में समापन करते हुए प्रसाद का वितरण किया गया। इस शुभ अवसर पर ग्रामीण व कुंडम नगर के वरिष्ठ लोग भी शोभायात्रा में शामिल हुए। इस कार्य को बढ़ाने की प्रेरणा देने वाले कामता प्रसाद यादव रिटायरमेंट एस आई समाज के वरिष्ठ कोदू लाल यादव, पूरन लाल यादव, प्रबंधक शीतल प्रसाद यादव, शोभाराम यादव सदाफल से कमलेश प्रसाद यादव, उप सरपंच भैयाजी यादव, पवन यादव, अंकित यादव, जबलपुर लालमाटी से आए मुकेश यादव एवं समस्त यादव समाज के वरिष्ठजन और माताएं बहने बच्चों सहित सैकड़ो की जनसंख्या में शोभायात्रा निकालकर और भगवान कृष्ण के जन्म पर शामिल हुए। नित्यागन करते हुए भक्तों ने भगवान कृष्ण की लीला को मन में भाव प्रकट करते हुए श्रद्धा भक्ति भाव से झूम उठे कुंडम नगर में जगह-जगह वहीं पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी स्कूल के ग्राउंड में कार्यक्रम और पंडित जयशंकर शुक्ला रंगमंच बस स्टैंड कुंडम में भी मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम चला कुंडम थाना से पुलिस वल का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकली शारदा नगर से शोभायात्रा

**बरेला, देशबन्धु।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव पर शारदा नगर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा शारदा नगर से प्रारंभ होकर नगर में भ्रमण करते हुए भैरवबाबा तक पहुंची।यह शोभा यात्रा पुन: मंदिर पहुंचे पर पूजन करने के पश्चात यहां पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. इस भंडारे में समस्त शारदा नगर निवासी और यादव महासभा के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।



## सेरेजेम सेन्टर में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

### बाल स्वरूप श्रीकृष्ण की उतारी आरती




**जबलपुर, देशबन्धु।** आम लोगों को सेहत,खुशियां व लम्बा जीवन देने के उद्देश्य से निशुल्क थेरेपी दे रहे लगभग 13 वर्ष से लगातार चलने वाले आधारताल स्थित सेन्टर में गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को उत्साह वा उमंग के साथ मनाया गया।भगवान श्री कृष्ण के वेश में सुसज्जित वेशभूषा में बाल श्रीकृष्ण स्वरूप शुभ मिश्रा का सेरेजेम सेन्टर के प्रमुख संदीप कुमार, प्रदीप कुमार सहित स्टाप ने आरती उतारकर पूजन अर्चन किया। बाल स्वरूप श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाकर सभी नृत्य की प्रस्तुति कर झूम उठे। इस अवसर पर संदीप कुमार,प्रदीप कुमार,सरोज सोनी, अंकिता मिश्रा,दीपिका, नीलो, योगेन्द्र मिश्रा सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## पुरानी पेंशन बहाल कराने आज जुटेंगे हजारों कर्मचारी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पंडित योगेंद्र दुबे ने बताया है कि शासन द्वारा दिनांक 31.12.2004 से पुरानी पेंशन योजना समाप्त कर दिनांक 01.01. 2005 के बाद नियुक्त अधिकारी / कर्मचारियों को नवीन पेशन योजना (एन.पी.एस) लागू की गई है। नवीन पेशन योजना के तहत कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमाह कटौती कर उस पैसे को शासन द्वारा बाजार में उपयोग किया जाता है उसी पैसे को ब्याज सहित पेंशन के रूप में प्रतिमाह 1000-2000 के बीच ही सेवा निवृत्त कर्मचारियों को मिल पाती है। वहीं एक बार के निर्वाचित सांसदों एवं विधायाकों एक दिन भी सांसद या विधायक रहने पर पूरे जीवन पेंशन एवं परिवार पेंशन मिलती रहती है। वहीं कर्मचारी 30 से 40 वर्षो की सेवा के उपरांत भी पेंशन से वंचित रहता है।

योगेंद्र दुबे कहा जब देश में एक संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है तो एक देश में दो प्रकार की पेंशन योजना क्यों लागू की गई है? इस असमानता को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाली हेतु आज सांय 6.00 बजे पंडित योगेन्द्र दुबे संरक्षक म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संस्थान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी वन, राजस्तव, पी.डब्ल्यू.डी. सहित नगर निगम, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत सहित समस्त निगम, मण्डल, के हजारों कर्मचारी प्रदेश के मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। संघ के योगेन्द्र दुबे, बृजेश ठाकुर, यू. एस. करौसिया, राम दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, संजय यादव, मुकेश सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, मनीष चौबे,आलोक अग्निहोत्री, मंसूर बेग, दुर्गेश पाण्डे, बृजेश मिश्रा, आशुतोष तिवारी, कपिल दुबे, संध्या अग्रवाल, संध्या अवस्थी, ममता धनौरिया, समस्त ब्लाक / तहसील / जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारियों बडी संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### आज घंटाघर में पहुंचेंगे सैकड़ों कर्मचारी

**बरेला, देशबन्धु।** पुरानी पेंशन लागू करने की मांग पर 8 सितंबर को घंटाघर कर्मचारियों का मेला लगेगा। कर्मचारीयो की मांग है कि एक देश एक पेंशन होना चाहिए। जब नेताओं को पेंशन मिल सकती है, तो कर्मचारियों को क्यों नहीं। इस आंदोलन में कर्मचारी छाता लेकर कंट्रोल रूम के सामने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेंगे। मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के शहजाद द्विवेदी, रजनीश पांडे, दालचंद पासी, मुकेश मेहरा, जयप्रकाश गुप्ता, वाई श्रीदेवी, मीरा सिंह, मीना सेन,सुनीताराय चौधरी, हेमलता राजोरिया, निधि जैन ,ममता मिश्रा, वंदना गोस्वामी,अरुणा खरे, सुहासिनी परोहा, प्रतिभा मार्को,ममता दुबे,सुनीता शुक्ला, उपमा चौहान,अंजना धिमोले,माया झरिया,भारती तोमर, सारिका पटेल,अर्चना भारती, रश्मि शर्मा, रीना गोटिया, शिल्पी चौहान, दीपाली वर्मा, माया कटारे, आदि सैकड़ो महिला कर्मचारी उपस्थित रहेंगी।

## ट्यूनीशिया के पूर्व प्रधानमंत्री जेबाली गिरफ्तार

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया के पूर्व प्रधान मंत्री और इस्लामिक पार्टी एन्नाहधा के पूर्व महासचिव हमादी जेबाली को मंगलवार को सॉसे प्रांत में उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। आधिकारिक समाचार एजेंसी ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) ने यह रिपोर्ट दी हैं। टीएपी की रिपोर्ट के अनुसार श्री जेबाली के वकील ने एक बयान में कहा कि पुलिसकर्मियों के एक समूह ने श्री जेबाली को गिरफ्तार करने और उसका सेल फोन और निजी कंप्यूटर जब्त करने से पहले मंगलवार सुबह उसके घर की तलाशी ली।

# अब लैब में बनाए जाएंगे बच्चे? बिना स्पर्म और अंडे के बना दिया कृत्रिम भ्रूण



वैज्ञानिकों को पहली बार बिना स्पर्म और एग के कृत्रिम भ्रूण बनाने में कामयाबी मिल गई है। हालांकि इस प्रयोग का उद्देश्य बच्चे पैदा करना नहीं है। वैज्ञानिक जन्म से होने वाली दिक्कतों, विकलांगता या फिर समय से पहले बच्चे के जन्म से संबंधित रिसर्च कर रहे थे। इजरायल के वैइजमान इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के हेड प्रोफेसर जैकब हाना ने दावा किया कि उन्होंने बिना स्पर्म और एग के मानव भ्रूण जैसी संरचना बनाने में कामयाबी हासिल की है और यह स्टेम सेल से संभव हो पाया है। उन्होंने कहाकि इस कृत्रिम भ्रूण को 14 दिन तक पाला गया।

वैज्ञानिकों का कहना है कि स्टेम सेल को जेनेटिकली नहीं बल्कि केमिकली मोडिफाइ किया गया। इसके जरिए वैज्ञानिक अविकसित अंगों को विकसित करना चाहते हैं। वैज्ञानिकों ने इस रिसर्च में चूहों की स्टेम सेल का प्रयोग किया। एक हफ्ते के बाद इसमे भ्रूण जैसी संरचना दिखाई देनी लगी। इसमें अल्पविकसित हृदय, मस्तिष्क, आंतों का आकर जैसा बनता दिख रहा था। हालांकि 8 दिनों के बाद यह भ्रूण विकसित होना बंद हो गया। फिर भी वैज्ञानिकों को इस दिशा में सफलता की उम्मीद है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस सफलात से उन्हें अंगों के विकास को समझने में आसानी होगी। अब वैज्ञानिकों के लिए यह चुनौती है कि आखिर स्टेम सेल को कैसे पता होता है कि कैसे अंग विकसित करने हैं और उनमें कैसे सामंजस्य होगा। वैज्ञानिक इस बात से खुश हैं कि जहां गर्भ के अंदर उन्हें विकास की प्रक्रिया के बारे में ठीक से नहीं पता चल पाता वहीं लैब में इस तरह के प्रयोग से उन्हें पूरी प्रक्रिया समझ में आएगी।

वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है कि यह भ्रूण की तरह की संरचना थी लेकिन गर्भ में बनने वाले भ्रूण से बहुत अलग थी और उस तरह से विकसित नहीं हो रही थी।

दूसरी तरफ आईवीजी तकनीक की बात हो रही है जिसके माध्यम से लैब में बिना स्पर्म और ओवम के बच्चे तैयार करने का प्लान है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर इसमें कामयाबी मिलती है तो इनफर्टिलिटी से जूझ रहे लोगों को काफी मदद मिलेगी।

## आज का इतिहास

1320- गाजी मलिक दिल्ली का सुलतान बना।

1900- टेक्सास के गैलवेस्टोन में चक्रवाती तूफान से छह हजार लोगों की मौत।

1926- महान संगीतकार एवं गायक भूपेन हज़ारिका का जन्म।

1933- हिन्दी फ़िल्मों की मशहूर पार्श्वगायिका आशा भोंसले का जन्म।

1933- गाजी बिन फैसल इराक का राजा बना।

1942- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (अब मुंबई) सत्र में %भारत छोड़ो प्रस्ताव% पारित किया।

1943- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान इटली ने मित्र सेना के साथ बिना शर्त युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किए।

1960- भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी का निधन।

1962- चीन ने भारत की पूर्वी सीमा में घुसपैठ की।

## उप्र के झांसी में युवक को रस्सी से घसीटा, दो गिरफ्तार

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित मऊरानीपुर के शिवगंज मोहल्ले से एक युवक को पहले महिलाओं ने चप्पलों से पीटा और फिर हाथ पांव में रस्सी से बांधकर उसे मोहल्ले भर में घसीटा। वह छोड़ने की गुहार लगाता रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। उसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

## आईआईटी-मंडी के दस छात्र किए गए निलंबित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की आईआईटी-मंडी ने बुधवार को बताया कि दस छात्रों को फ्रेशर्स से रैगिंग करने के आरोप में दिसंबर तक शैक्षणिक और छात्रावास से निलंबित कर दिया गया है। संस्थान ने बयान में कहा आईआईटी-मंडी के पास एक मजबूत रैगिंग विरोधी नीति है। घटना की जांच करने वाली समिति ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इसमें 15 हजार रुपए का जुर्माना और 20 घंटे की सामुदायिक सेवा, 20 हजार रुपए व 40 घंटे की सामुदायिक सेवा, 25 हजार रुपए व 60 घंटे की सामुदायिक सेवा और दिसंबर तक शैक्षणिक और छात्रावास से 10 छात्रों का निलंबन शामिल है।

## उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में बारिश का येलो अलर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड में फिर मौसम बदलने वाला है। बुधवार से अगले तीन दिन बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अधिकतर जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। जबकि, बुधवार को पर्वतीय जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बुधवार को पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं तेज गर्जना और बिजली चमकने के साथ कई दौर की बारिश हो सकती है। हालांकि, मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा।

## बेटे की मौत से आहत महिला ने की आत्महत्या

**तिरुवनंतपुरम।** अपने बेटे की मौत की खबर सुनकर एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार महिला का बेटा एम.सज्जिन वायनाड में पशु चिकित्सा का छात्र था। मंगलवार शाम वह एक दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसमें उसकी मौत हो गई। जब इसकी खबर सामने आई तो राजधानी के बाहरी इलाके नेदुमगाडु की रहने वाली शीजा बेगम के करीबी रिश्तेदारों ने वायनाड जाने का फैसला किया। हालांकि, उन्होंने शीजा को उसके बेटे की मौत के बारे में नहीं बताया। उसे अपने करीबी रिश्तेदार के घर पर रहने के लिए कहा। मंगलवार की रात शीजा को फेसबुक के माध्यम से अपने बेटे की मौत के बारे में पता चला, जिसके बाद वह जिस घर में रुकी थी, वहीं के कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। परिवार ने अब मां-बेटे का अंतिम संस्कार एक साथ करने का फैसला किया है।

## मानचित्र विवाद में चौतरफा घिरा चीन, अब जापान ने फटकारा, कहा- सेनकाकू द्वीप हमारा

पूर्वी चीन सागर में विवादित सेनकाकू द्वीपों को अपने क्षेत्र में शामिल कर नए मानक मानचित्र जारी करने वाले चीन के खिलाफ जापान ने भी विरोध दर्ज कराया है। इससे पहले, भारत, फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम और ताइवान भी चीनी नक्शे और चीन की मंशा पर आपत्ति जता चुके हैं। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने टोक्यो में मीडिया को बताया कि जापान ने पिछले महीने बीजिंग द्वारा जारी एक नए मानचित्र पर राजनयिक चैनल के माध्यम से चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।



जापानी मीडिया ने मात्सुनो के हवाले से कहा है कि टोक्यो ने बीजिंग से मानचित्र को रद्द करने का आग्रह किया है क्योंकि इसमें दक्षिणी जापान के ओकिनावा प्रान्त में सेनकाकू द्वीपों पर चीन के एकतरफा दावों पर आधारित विवरण है। मानचित्र में सेनकाकू को डियाओयू द्वीप समूह के रूप में वर्णित किया गया है, जो द्वीपों का चीनी नाम है। पूर्वी चीन सागर में जापानी प्रशासित द्वीपों पर बीजिंग अपना दावा करता है। मात्सुनो ने कहा, सेनकाकू द्वीप ऐतिहासिक रूप से और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत निर्विवाद रूप से जापानी क्षेत्र का एक अंतर्निहित हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, जापान लोगों के जीवन और संपत्तियों के साथ-साथ देश की भूमि, समुद्र और हवाई क्षेत्र की रक्षा करने में दृढ़ रहने की अपनी नीति के आधार पर संयत और प्रतिबद्ध तरीके से प्रतिक्रिया देता है।

जापान के विरोध पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने द्वीपों पर टोक्यो के दावे को खारिज कर दिया। माओ ने बुधवार को प्रेस वार्ता में कहा कि डियाओयू द्वीप और पड़ोसी द्वीप चीन के क्षेत्र का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, चीन के लिए उन्हें हमारे मानक मानचित्रों में शामिल करना उचित है। हम संबंधित बयानों को स्वीकार नहीं करते हैं। इससे पहले, भारत के साथ-साथ फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम और ताइवान की सरकारों ने चीन के नए राष्ट्रीय मानचित्र को खारिज करते हुए बीजिंग पर उनके क्षेत्र पर दावा करने का आरोप लगाते हुए शब्दों वाले बयान जारी किए थे।

भारत ने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन पर दावा करने वाले तथाकथित मानक मानचित्र पर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि इस तरह के कदम सीमा मुद्दों के समाधान को जटिल बनाते हैं। विदेश मंत्रालय ने चीन के दावों को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया।

## चीन की अर्थव्यवस्था पर बढ़ रहा दबाव, अगस्त में निर्यात व आयात में गिरावट

चीन के निर्यात और आयात दोनों में अगस्त में सालाना आधार पर गिरावट आई है। यह कमजोर वैश्विक मांग को दर्शाता है जिससे पहले से ही धीमी पड़ी उसकी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। बृहस्पतिवार को जारी सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में निर्यात सालाना आधार पर 8.8 फीसद घटकर 284.87 अरब डॉलर रहा। आयात एक साल पहले की तुलना में 7.3 फीसद घटकर 216.51 अरब डॉलर रहा।

चीन का व्यापार अधिशेष 68.36 अरब डॉलर रहा, जो जुलाई में यह 80.6 अरब डॉलर था। चीन के नेताओं ने हाल के महीनों में अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कई नीतिगत उपाय किए, क्योंकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद अर्थव्यवस्था उम्मीद से काफी पहले ही कमजोर पड़ गई है। अधिकारियों ने अभी तक बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन खर्च या व्यापक कर कटौती से परहेज किया है।

**अच्छे नहीं हैं हालात**

कैपिटल इकोनॉमिक्स के जूलियन इवांस-प्रिचर्ड ने एक रिपोर्ट में कहा, भविष्य की बात करते तो लगता है कि साल के अंत तक निर्यात के बेहतर होने से पहले.. इसमें गिरावट आएगी। चीन के व्यापार में पिछले दो वर्षों से धीरे-धीरे गिरावट आई है, हालांकि अगस्त में निर्यात तथा आयात में गिरावट जुलाई की तुलना में कम थी। अगस्त में निर्यात सालाना आधार पर 14.5 फीसद, जबकि आयात 12.4 फीसद कम रहा।

**रूस से चीन का आयात 13.3 फीसद बढ़ा**

सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में निर्यात एक साल पहले की तुलना में 17.4 फीसद गिरकर 45 अरब डॉलर हो गया, जबकि अमेरिकी वस्तुओं का आयात 4.9 फीसद घटकर करीब 12 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। रूस से चीन का आयात (ज्यादातर तेल और गैस) एक साल पहले से 13.3 फीसद बढ़कर 11.52 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

## पहली बार भारत आ रहे हैं जो बाइडेन, सुरक्षा घेरे से लेकर बैठक तक अमेरिकी राष्ट्रपति का पूरा शेड्यूल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। 9 और 10 सितंबर को होने वाली जी20 बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन एयरफोर्स-1 से शुक्रवार को दिल्ली पहुंचेंगे। बाइडेन की ये तीन दिवसीय यात्रा है। यहां पहुंचने के बाद कल बाइडेन पीएम मोदी से द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

जानकारी के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन आईटीसी मौर्या होटल में रुकेंगे। जो बाइडेन की सुरक्षा के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस टीम तीन दिन पहले ही भारत पहुंच चुकी है। बताया गया है कि बाइडेन सीक्रेट सर्विस के 300 कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे। इतना ही नहीं, जी20 समिट के दौरान दिल्ली की सड़कों पर निकलने वाला सबसे बड़ा काफिला भी बाइडेन का ही होगा। उनके काफिले में 55-60 गाड़ियां शामिल होंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास दुनिया की सबसे सुरक्षित कार द बीस्ट है, जिसे अमेरिका से बोइंग सी -17 ग्लोबमास्टर में भारत लाया गया है। दिल्ली में बाइडेन इसी कार में सफर करेंगे।

**जी20 से पहले होंगी ये द्विपक्षीय बैठकें**

एचटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से पहले शुक्रवार यानी कल मॉरीशस व बांग्लादेश के अपने समकक्षों और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक करने के लिए तैयार हैं। मॉरीशस और बांग्लादेश इस साल के जी20 में आमंत्रित नौ अतिथि देशों में से हैं। मोदी अपने आधिकारिक आवास पर मॉरीशस के पीएम प्रविंद जुगनौथ से बातचीत कर शिखर सम्मेलन से इतर इन बैठकों को शुरू कर रहे हैं।

इसके बाद बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के साथ भी बैठक होगी, जो भारत की एक्ट ईस्ट और नेबरहुड फर्स्ट नीतियों की प्रमुख हिस्सेदार हैं।

## सुडोकू 6310


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 1 | | 2 | |
| | 5 | | 3 | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | | | 4 |
| | | 1 | | 8 | 4 | | 3 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6310



**बायें से दायें:-**

१. कूटनीतिज्ञ
४. जंगल की पैदावार
६. घर
७. दौड़ने वाला, धोबी, दूत
८. वेश्या
१०. जोड़ने वाला, संधि, मेल
११. गुत्थी, फंसाव, सोच,चिंता, कठिनाई
१२. लड्डू
१४. घूस, रिश्वत
१५. नुकसान के बदले दी जाने वाली रकम, क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१७. दृष्टि, निगाह (उर्दू)
१९. दूर तक फैली हुई ऊंची और चौरस जमीन
२१. कमल
२२. अनुभवी, कुशल, विद्वान
२४. सूर्यपुत्री

**ऊपर से नीचे:-**

१. शासन केंद्र
२. मनुष्य की खोपड़ी
३. ब्रह्मा, पद्मासन
४. जंगलों में रहना
५. बांस की तिलियों और कागल से बना एक खिलौना, जिसे तागे के द्वारा आकाश में उड़ाया जाता है
९. नाटक करने या लिखने वाला
११. कर्ज, ऋण
१२. पहाड़ आदि से गिरने वाली जलधारा, निर्झर
१३. बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना
१४. विलंब न सह सकने वाली इच्छी, प्रिय से मिलने की इच्छा
१५. सहयात्री (उर्दू)
१६. पशु,प्राणी (उर्दू)
१८. असह्य (उर्दू)
१९. पढ़ा हुआ
२०. चलन, तौर, तरीका
२३. निपुण, कुशल

### वर्ग पहेली-6309

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | स्त | मि | ला | प | ■ | बे | गु | ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| प्र | स | व | ■ | ण | ■ | मा | ल | दा | र |
| भ | ■ | च | ■ | ग | र्ज | न | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ज | न | ही | न | ■ | ■ | शै | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | शि | थि | ल | ■ | द्ध |
| स | ज | ग | ता | ■ | क | ■ | जा | त | क |
| रे | ■ | ज | ■ | आ | वा | ज | ■ | र्द्ध | ■ |
| अ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | ग | जा | न | न |
| म | ■ | ज | हा | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

चिंता

*झारखंड में कहर बरपा रहा डेंगू व चिकनगुनिया*

# जमशेदपुर व रांची में मच्छर जनित बीमारियों के सर्वाधिक मरीज

**रांची, (एजेंसियां)। झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया कहर बरपा रहा है। पूरे राज्य में इस साल अब तक डेंगू के 584 और चिकनगुनिया के 223 मरीज चिन्हित किए गए हैं। एक दर्जन से ज्यादा जिले डेंगू और कम से कम दस जिले चिकनगुनिया की चपेट में हैं। जमशेदपुर में डेंगू के मरीजों की संख्या सर्वाधिक 475 है, जबकि रांची दूसरे स्थान पर है।**

यहां एक मरीज की मौत हो चुकी है। रांची में डेंगू के 56 और चिकनगुनिया के 72 मरीज चिन्हित किए गए हैं। यह आंकड़ा भी मैक एलाइजा टेस्ट का है। इनमें से 75 से 80 मरीज ऐसे हैं जिनकी एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

इलाज करा रहे मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की कमी हो गई है। रांची के रातू रोड, बरियातू, इंद्रपुरी, कुम्हार टोली, मधुकम, चुटिया और वर्द्धमान कंपाउंड में डेंगू के कई ऐसे मरीज हैं, जो घर में ही इलाज करा रहे हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के आंकड़ों के अनुसार रांची में जनवरी से अगस्त तक 786 लोगों की डेंगू और चिकनगुनिया की जांच की गई है। वहीं, दो ऐसे मरीज हैं जिन्हें डेंगू और चिकनगुनिया दोनों है। रिम्स में 77 डेंगू पीड़ितों का इलाज चल रहा है। सरकारी के साथ-साथ निजी लैब में हो रही जांच में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं।



**■ मांग के मुताबिक नहीं मिल रहे प्लेटलेट्स**

राज्य के वेक्टर बोर्न डिजीज के एसपीओ डॉ बीके सिंह ने बताया कि झारखंड में डेंगू के सबसे अधिक मरीज पूर्वी सिंहभूम में हैं। डेंगू और चिकगुनिया के बढ़ते मामले को देखते हुए राजधानी रांची में प्लेटलेट्स की मांग में इजाफा हुआ है। हर दिन लगभग 10 यूनिट प्लेटलेट्स की जरूरत रांची में है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में जहां प्लेटलेट्स की जरूरत 96 यूनिट थी, वह अगस्त से लेकर अब तक 252 यूनिट हो गयी है। रांची के 18 ब्लड बैंकों में 11 में एक यूनिट भी प्लेटलेट्स उपलब्ध नहीं हैं। वहीं 7 निजी ब्लड बैंकों में 66 यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध हैं। हालांकि यहां भी समय पर प्लेटलेट्स मिल जायेगा, इसकी गारंटी नहीं है। रिम्स के फिजिशियन डॉ सीबी शर्मा ने बताया कि रिम्स की ओपीडी में हर दिन 120 से ज्यादा मरीज डेंगू या इसके समान लक्षण लेकर पहुंच रहे हैं। जांच लिखने पर भी जांच कराने से कतराते हैं। 2-3 दिन में रिपोर्ट के साथ रिव्यू के लिए बुलाने पर भी नहीं आते। ओपीडी में ऐसे रोगी भी पहुंच रहे हैं, जिन्हें 7 दिन से अधिक समय से बुखार है। वहीं, यहां भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। मच्छर जनित बीमारियों की बढ़ी संख्या को देखते हुए राजधानी रांची के सरकारी अस्पतालों में अलग विशेष व्यवस्था की गई है। रिम्स और सदर अस्पताल में डेंगू पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

रिम्स में जहां 50 बेड की व्यवस्था है, वहीं सदर अस्पताल में 36 बेड की व्यवस्था की गई है। साथ ही डेंगू से बचाव के लिए वेक्टर जनित रोग राज्य कार्यक्रम की ओर से जिलों को गाइड लाइन जारी कर दिया गया है।

# खेल जगत

## पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह के नाम वनडे में धाकड़ रिकॉर्ड

**लाहौर।** पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-4 चरण के मैच के दौरान वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में एक शानदार उपलब्धि हासिल की। नसीम शाह, जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मुकाबले के दौरान नशीम ने अपने 13 वनडे मैचों लगातार विकेट लेने वाले पहले पाकिस्तानी गेंदबाज बन गए, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ उनकी तिकड़ी भी शामिल है। पाकिस्तान के लिए खेलते हुए अपने पहले 13 वनडे मैचों में कुल 32 विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में नसीम ने और रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहल अब्दुल कादिर ने करियर पहले 13 वनडे मैचों में 27 विकेट लिए थे, जिसे नशीम ने पीछे छोड़ दिया। मैच की शुरुआत में कंधे की चोट की चिंता के बावजूद नसीम ने अद्भुत लचीलापन और दृढ़ संकल्प दिखाया।



# राजस्थान रॉयल्स ने यॉर्कशायर काउंटी क्लब खरीदने के लिए लगाई 259 करोड़ रूपये की बोली : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2008 विजेता राजस्थान रॉयल्स की नजर इंग्लैंड में यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब को खरीदने पर है। फ्रेंचाइजी ने इसके लिए एक बड़ी बोली लगाई। अगर, राजस्थान इस क्लब को खरीदने में सफल रहा तो वह काउंटी क्लब का मालिकाना हक रखने वाली दूसरी विदेशी फ्रेंचाइजी बन जाएगी। डेली मेल की एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल फ्रेंचाइजी ने यॉर्कशायर को लगभग 25 मिलियन पाउंड की पेशकश की है। भारतीय मुद्रा में बात करें तो ये राजस्थान रॉयल्स ने 259 करोड़ रूपये की बोली लगाई है।

जो क्लब को प्राप्त अन्य निवेश प्रस्तावों के विपरीत – रॉयल्स को हेडिंग्ले में पूर्ण नियंत्रण देगा, जिससे सदस्यों के क्लब के रूप में इसके 160 साल पूरे हो जाएंगे। वहीं एक रिपोर्ट में पिछले हफ्ते खुलासा हुआ था कि यॉर्कशायर पूर्व चेयरमैन कॉलिन ग्रेव्स के पारिवारिक ट्रस्ट के 15 मिलियन पाउंड का भुगतान करने के लिए पैसे जुटाने के लिए हेडिंग्ले को न्यूकैसल के पूर्व मालिक माइक एशले को बेचने पर विचार कर रहा है।

उन्होंने अन्य आईपीएल फ्रेंचाइजी और सऊदी अरब के राजकुमार बद्र बिन अब्दुल्ला बिन मोहम्मद बिन फरहान अल सऊद से लोन लेने पर भी बातचीत की है जबकि उन प्रस्तावों से यह सुनिश्चित होगा कि यॉर्कशायर उनके सदस्यों के हाथों में रहेगा। हालांकि, राजस्थान पूर्ण नियंत्रण की मांग कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, ग्रेव्स ऋण को चुकाने के लिए यॉर्कशायर को एक परिवर्तनीय ऋण नोट प्रदान करेंगे। जिसे भविष्य की तारीख में इक्विटी में बदल दिया जाएगा। राजस्थान की इक्विटी हिस्सेदारी का सटीक आकार रूपांतरण के समय बाजार की स्थितियों से निर्धारित होगा, लेकिन समझा जाता है कि वे बहुमत हिस्सेदारी चाहते हैं।



इसमें कहा गया है कि यॉर्कशायर की कार्यकारी टीम इस प्रस्ताव पर विचार कर रही है और इस महीने के अंत में बोर्ड के सामने रखेगी, जो इस प्रस्ताव को स्वीकार करने या नहीं करने पर मतदान करेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राजस्थान की क्लब को चलाने के लिए अपने स्वयं के अधिकारियों को लाने की योजना है, जिसका क्रिकेट निदेशक डेरेन गॉफ और कोच ओटिस गिब्सन पर प्रभाव पड़ेगा।

राजस्थान रॉयल्स की विदेशी टी20 लीगों में भी हिस्सेदारी है – जैसे कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में बारबाडोस रॉयल्स और दक्षिण अफ्रीका में पार्ल रॉयल्स (एसए20) और माना जाता है कि वह कुछ समय के

- आईपीएल फेंचाइजी ने यॉर्कशायर को लगभग 25 मिलियन पाउंड की पेशकश की है
- राजस्थान की क्लब को चलाने के लिए अपने स्वयं के अधिकारियों को लाने की योजना है

लिए इंग्लैंड में हंड्रेड में निवेश की संभावना तलाश रही है। इनका मुख्य स्वामित्व लंदन स्थित व्यवसायी मनोज बडाले के पास उनकी कंपनी इमर्जिंग मीडिया के माध्यम से है, जबकि रेडबर्ड कैपिटल और लाचलान मर्डोक भी फ्रैंचाइज़ी में निवेशक हैं।

राजस्थान की पेशकश सामयिक है क्योंकि ईसीबी ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने की अपनी इच्छा को कोई रहस्य नहीं बनाया है, खासकर आठ सौ फ्रेंचाइजी के लिए, जो शासी निकाय के स्वामित्व और वित्त पोषित हैं। रिपोर्ट में आखिरी में कहा गया है, ईसीबी ने यह भी संकेत दिया है कि वे संचालन लागत को कम करने के लिए हंड्रेड फ्रेंचाइजी का नियंत्रण अपने घटक काउंटियों को सौंपने के इच्छुक होंगे, जो राजस्थान के लिए आकर्षक होगा।

यॉर्कशायर पर कब्ज़ा करने से उन्हें एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्थल पर नियंत्रण मिल जाएगा और हंड्रेड के स्वामित्व में कटौती का मार्ग मिल जाएगा।

# एशियाड में उतरने को लेकर बेहद खुश हैं हॉकी खिलाड़ी दीपिका

**बेंगलुरु।** एशियाड खेलों के लिए चुने जाने पर हॉकी खिलाड़ी दीपिका बेहद उत्साहित हैं। हरियाणा के हिसार की रहने वाली दीपिका ने 2012 में अपने भाई के साथ कुश्ती अभ्यास के लिए हॉकी स्टिक उठाई थी। वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने भारतीय महिला हॉकी के लिए जगह बनाई। वह हांग्जो में 19वें एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करेगी। 19 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शुरुआती हॉकी दिनों के बारे में कहा, मेरा परिवार हमेशा मेरे हॉकी करियर का समर्थन करता रहा है। हालांकि जब मैंने पहली बार खेलना शुरू किया था तो मेरे बारे में बहुत कुछ कहा गया था, लेकिन मेरे पिता ने कभी इसे मेरे कानों तक नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने आगे कहा, 2017 में मेरी पहली सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के बाद उन्होंने मुझे और भी अधिक प्रेरित करना शुरू कर दिया, मुझ पर उनका विश्वास दिखाई दे रहा था। जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ फॉरवर्ड के रूप में दीपिका की प्रारंभिक उपस्थिति मार्च 2018 में यूथ ओलंपिक क्वालीफायर में थी। तब से उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2021 में भाग लिया, जहां उनकी टीम चौथे स्थान पर रही। जहां महिला जूनियर एशिया कप टीम के रूप में भारत ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा, हर कोई एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा था, मैंने कभी भी टीम में जगह बनाने की उम्मीद नहीं की थी, और जब मुझे पता चला तो मैं बहुत खुश थी। मैं पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट में जा रही हूं और मैं पहले थोड़ी घबराई हुई हूं। उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों की टीम में नामित होने पर वरिष्ठ खिलाड़ियों और मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने मेरा हौसला बनाए रखा।

जब से मेरे पिता को इसके बारे में पता चला तो उनकी कई रातों की नींद हराम हो गई है, मुझे लगता है उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि यह



वास्तव में हो रहा है। आगे कहा, मैंने सोचा नहीं था कि मुझे चुना जाएगा, लेकिन मैं जो कुछ भी हासिल कर रही हूं, उस पर उन्हें बेहद गर्व है। वह पेनल्टी कॉर्नर के लिए मुख्य कोच जेनेक के पास उपलब्ध तीन ड्रैग फ्लिकर में से एक है। दीपिका ने महिला जूनियर एशिया कप में छह मैचों में सात गोल किए, जिनमें से चार पेनल्टी कॉर्नर से आए।

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पेनल्टी कॉर्नर लेते समय दबाव महसूस होता है, तो उन्होंने कहा, फ्लिकिंग से गोल करने का दबाव मुझे महसूस नहीं होता है, सभी खिलाड़ी मुझे अपने कौशल पर ध्यान केंद्रित करने देते हैं और जितना हो सके गोल पर शॉट लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ दिनों से कैंप में रूपिंदर पाल सिंह के साथ ड्रैग फ्लिकिंग पर काम कर रहे हैं। वह हमें पहले दौड़ने वाले को हराने पर काम करवा रहे है, हमें दिखा रहे है कि गेंद को कहां रोका जा सकता है, और अगर गेंद किनारों पर रुकी है तो उसे कैसे छोड़ा जाए। यह सारी मदद निस्संदेह हांग्जो में 19वें एशियाई खेलों के दौरान मैच स्थितियों में मेरी मदद करेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम को 19वें एशियाई खेल हांगझू 2022 के लिए पूल ए में रखा गया है और ग्रुप चरण में उसका सामना कोरिया, मलेशिया, हांगकांग चीन और सिंगापुर से होगा।

# मेसी फिट और विश्व कप क्वालीफायर के लिए तैयार हैं : स्कालोनी

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने कहा है कि लियोनेल मेसी दक्षिण अमेरिका के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के शुरुआती दो राउंड में जितना संभव हो सके, खेलेंगे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय खिलाड़ी के पास नए क्लब इंटर मियामी के लिए मैचों का भारी कार्यक्रम है, लेकिन गुरुवार को ब्यूनस आयर्स में इक्वाडोर के खिलाफ एल्बीसेलेस्टे के लिए शुरुआत करने की उम्मीद है। स्कोलोनी ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने कल उनसे कुछ देर बात की और उन्होंने खुद को उपलब्ध बताया। सैद्धांतिक रूप से, वह जितना संभव हो उतना खेलेगा। हमारे लिए, केवल यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि वह मैदान पर है। अगर उसे चोट की कोई चिंता नहीं है तो उसे बचाने का कोई कारण नहीं है। जुलाई में मुफ्त ट्रांसफर पर इंटर मियामी में शामिल होने के बाद से, मेसी ने कई मैचों में 11 गोल किए हैं जबकि पांच सहायता प्रदान की हैं। उस समय में, हेरॉन्स अपराजित रहे और उन्होंने पिछले महीने नैशविले पर पेनल्टी शूटआउट जीत के साथ अपनी पहली ट्रॉफी – लीग्स कप – हासिल की। स्कोलोनी ने कहा, उसे एक ऐसी जगह मिल गई है जहां वे उससे प्यार करते हैं और मैं हमेशा कहता हूं कि जब वह फुटबॉल मैदान पर होता है तो वह खुश होता है। भले ही वह किसी भी देश या शहर में हो, उसे फुटबॉल खेलना और खुश महसूस करना है। अर्जेंटीना अगले मंगलवार को ला पाज़ में क्वालीफायर में बोलीविया से भी भिड़ेगा। पिछले दिसंबर में कतर में फ्रांस पर पेनल्टी शूटआउट जीत के साथ अपनी तीसरी विश्व कप ट्रॉफी हासिल करने के बाद ये मैच एल्बीसेलेस्टे का पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला होगा।

# आठ साल के अंतराल के बाद 2024 आईपीएल में वापसी करना चाहते हैं मिचेल स्टार्क

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि उनकी नजर अगले साल आईपीएल में वापसी करने पर है। उन्होंने इस टूर्नामेंट को जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप से पहले आदर्श तैयारी बताया।

स्टार्क ने आखिरी बार प्रतियोगिता के 2015 संस्करण में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए आईपीएल में खेला था और चोट के कारण उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए आईपीएल 2018 से बाहर होना पड़ा थ। लेकिन अपने गेंदबाजी कार्यभार और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान देने के उद्देश्य के साथ पिछले कुछ वर्षों में वह प्रतियोगिता से बाहर हो गए। देखो, आठ साल हो गए हैं। मैं निश्चित रूप से (अगले) वर्ष में वापस जा रहा हूं। अन्य बातों के अलावा, यह टी20 विश्व कप के लिए एक शानदार तैयारी है। इसलिए यह देखने का एक अच्छा अवसर है कि क्या किसी की आईपीएल में रुचि है, तो टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए आगे बढ़ें।



स्टार्क ने आईपीएल योजना में अपनी वापसी के बारे में विलो टॉक क्रिकेट पॉडकास्ट से कहा, और इस सर्दी की तुलना में अगले साल कुछ हद तक शांत सर्दी है, इसलिए मुझे लगता है कि यह अपना नाम डालने का एक सही मौका है। कुल मिलाकर, स्टार्क ने आईपीएल में आरसीबी के लिए दो सीज़न में 27 मैच खेले। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को फिलहाल कमर में खिंचाव के कारण टीम से बाहर रखा गया है, जिसके कारण उन्हें दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होना पड़ा है। स्टार्क का भारत में ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय श्रृंखला और उसके बाद के विश्व कप के लिए समय पर फिट होना निर्धारित है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 100 टेस्ट खेलने की इच्छा भी व्यक्त की, स्टार्क के पास वर्तमान में 82 टेस्ट हैं। सिर्फ 100 रन तक ही नहीं, मैं 100 टेस्ट मैचों के लिए चुने जाने के लिए भी अच्छा बनना चाहूंगा। और फिर कुछ ही हफ्तों में सबसे बड़ा विश्व कप है, जो भारत में एक अलग स्तर पर चला जाएगा। और फिर आप एक दिवसीय प्रारूप को देखें, विश्व कप के बीच लगभग चार साल का समय लगता है, तो मैं खुद को उस मिश्रण में कहां देखता हूं लेकिन मुझे पहले इस विश्व कप के अंत तक पहुंचना होगा। लेकिन हम कुछ सुपरस्टार आ रहे हैं। आपके पास झाय रिचर्डसन, सीन एबॉट, स्पेंसर जॉन्सन हैं।

# वर्ल्ड कप से चहल के बाहर होने से हरभजन हैरान

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने भारत की वनडे विश्व कप टीम में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की अनुपस्थिति पर हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि चहल ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें हर कोई अपनी टीम में रखना चाहेगा।

हरभजन सिंह ने यजुवेंद्र चहल की तारीफ की है। चहल सफेद गेंद वाले मैचों में भारतीय टीम का मुख्य आधार रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्हें वनडे में ज्यादा मौके नही मिले और उनका प्रदर्शन भी उनके स्तर का नहीं रहा।

साल 2022 के बाद से चहल ने 16 वनडे मैचों में 27.9 की औसत और 5.5 की इकॉनमी रेट से 24 विकेट लिए। लेकिन कुलदीप यादव, रवींद्र



जडेजा और अक्षर पटेल के अच्छे फॉर्म में होने के कारण, चहल विश्व कप टीम में जगह बनाने से चूक गए।

दूसरी ओर, अर्शदीप ने अब तक केवल तीन वनडे खेले हैं लेकिन अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि चहल और अर्शदीप दोनों एशिया कप टीम का हिस्सा नहीं हैं।

हरभजन ने कहा, विश्व कप टीम से दो खिलाड़ी गायब हैं – युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह। बाएं हाथ का तेज गेंदबाज बहुत उपयोगी हो सकता था और नई गेंद से स्विंग कर सकता है क्योंकि वह शुरुआती विकेट दे सकता है। आपने देखा है कि शाहीन शाह आफरीदी और मिचेल स्टार्क एक बहुत ही अलग तरह का प्रभाव पैदा कर सकते हैं। जब ऑस्ट्रेलिया ने 2015 में विश्व कप जीता था, तो स्टार्क ने ब्रेंडन मैकुलम को पहले ही आउट करके उन्हें जीत दिलाने में बहुत बड़ा प्रभाव डाला था।

# पूर्व नंबर 1 नाओमी ओसाका पेशेवर टेनिस में वापसी करेंगी

**नई दिल्ली।** दो बार की यूएस ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका ने कहा है कि वह ऑस्ट्रेलिया में अगले सीजन की शुरुआत में पेशेवर टेनिस में वापसी की योजना बना रही हैं। 25 वर्षीय जापानी खिलाड़ी ने सितंबर 2022 में टोरे पैन पैसिफिक ओपन के बाद से नहीं खेला है।

वह जनवरी में खेल से दूर हो गईं और जुलाई में अपनी बेटी शाई को जन्म दिया। पूर्व नंबर 1, जो तैराकी के दिग्गज माइकल फेल्प्स के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर यूएस ओपन के फोरम में भाग लेने के लिए यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में थी, उसे 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी वापसी की उम्मीद है और वह और अधिक डब्ल्यूटीए खेलने की योजना बना रही है। जैसे-जैसे वह खेल में वापसी करेंगी, दौरे का कार्यक्रम तय किया जाएगा। ओसाका ने ईएसपीएन के साथ एक साक्षात्कार में कहा, यह निश्चित रूप से मेरे खेलने से कहीं अधिक टूर्नामेंट हैं। तो मुझे लगता है कि कुछ लोग इससे खुश होंगे।



मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मुझे एहसास हुआ कि मुझे नहीं पता कि साल की शुरुआत मेरे लिए कैसी रहने वाली है। मैं खेल के स्तर को नहीं जानती और मुझे लगता है कि मुझे इसमें सहजता बरतनी होगी। तो कम से कम , मैं साल के बहुत अच्छे अंत के लिए खुद को तैयार कर सकूंगी।

फोरम के बाद, ओसाका डेनियल मेदवेदेव और आंद्रेई रुब्लेव के बीच पुरुषों के क्वार्टर फाइनल को देखने के लिए आर्थर ऐश स्टेडियम की ओर बढ़ीं। चार बार की प्रमुख चैंपियन ने स्वीकार किया कि वह प्रतिस्पर्धा में वापस आने के लिए पूरी कोशिश कर रही है।

यह अच्छा होगा अगर (मेरी बेटी) मुझ पर गर्व करे। मैं यह भी चाहती हूं कि वह इतनी बड़ी हो जाए कि मुझे कोर्ट पर खेलते हुए देख सके और सोचे, वाह, यह मेरी माँ है।

## सार संक्षेप

### वांडा डायमंड लीग अंतिम से पहले वाले दौर के लिए बेल्जियम पहुंची, अन्नू रानी एक्शन में होंगी

**ब्रूसेल्स।** 2023 वांडा डायमंड लीग इस सीज़न के फ़ाइनल के लिए यूजीन जाने से पहले सीज़न के अपने अंतिम कार्यक्रम की मेजबानी करेगी। भारतीय महिला भाला स्टार अन्नू रानी के साथ-साथ कई विश्व और ओलंपिक चैंपियन एक्शन में होंगे।रानी का मुकाबला हारुका कितागुची (जापान), फ्लोर डेनिस रुइज़ हर्टाडो (कोलंबिया) और विक्टोरिया हडसन (ऑस्ट्रिया) से होगा। महिलाओं की 200 मीटर विश्व चैंपियन शेरिका जैक्सन (जमैका) पहले ही फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, लेकिन उन्हें ब्रुसेल्स में 100 मीटर और 200 मीटर दोनों दौड़ में दो जीत हासिल करने की उम्मीद है। आर्मंड डुप्लांटिस (स्वीडन) का लक्ष्य पुरुषों की पोल वॉल्ट जीतना और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में 6.22 मीटर का अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ना होगा। अन्य दिग्गज जैसे मैरी मोरा (केन्या, महिला 800 मीटर), फेम्के बोल (नीदरलैंड, महिला 400 मीटर बाधा दौड़) और जैकब इंगेब्रिस्टन (नॉर्वे, पुरुष 1500 मीटर) भी एक्शन में होंगे। कुल मिलाकर, हाल ही में संपन्न विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप बुडापेस्ट 23 के 13 चैंपियन, 17 रजत पदक विजेता और 10 कांस्य पदक विजेता ब्रुसेल्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### एशियन गेम्स की तैयारी के लिए लांग जम्पर मुरली डायमंड लीग फाइनल में नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय लांग जम्पर मुरली श्रीशंकर चीन के हांगझाऊ में होने वाले एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डायमंड लीग फाइनल में नहीं खेलेंगे। श्रीशंकर ने हांगझाऊ में 2023 एशियाई खेलों में पुरुषों के लंबी कूद क्वालीफाइंग राउंड को प्राथमिकता देने का फैसला किया है, जो 17 सितंबर को होने वाले डायमंड लीग फाइनल के सिर्फ 12 दिन बाद है। एशियाई खेलों के आधिकारिक हैंडल ने जानकारी साझा करते हुए कहा, भारत के लांग जम्पर श्रीशंकर ने यूजीन में अगले हफ्ते होने वाले डायमंड लीग फाइनल को छोड़कर हांगझाऊ एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है।

# हमारे पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण को संभालने में सक्षम हैं : रॉबिन उथप्पा

नई दिल्ली। कोलंबो में 10 सितंबर को एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सुपर फोर मुकाबले से पहले, पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि टीम की बल्लेबाजी लाइन-अप कट्टर प्रतिद्वंद्वी की गेंदबाजी लाइन-अप को संभाल सकती है। भारत और पाकिस्तान के बीच पल्लेकेल में पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया, हालांकि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने 48.5 ओवर में 266 रन बनाए। उस मैच में, हार्दिक पांड्या ने 90 गेंदों में 87 रन बनाए, जबकि ईशान किशन ने 81 गेंदों में 82 रन बनाए, जिससे भारत को शीर्ष क्रम के पतन से उबरने में मदद मिली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत 66-4 पर सिमट गया, इससे पहले कि किशन और पांड्या ने दबाव की स्थिति में 138 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। पाकिस्तान के लिए, तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी (4-35), नसीम शाह (3-36) और हारिस रऊफ (3-58) उस खेल में विकेट लेने वालों में से थे।

उथप्पा ने जियोसिनेमा के स्पोर्ट्स शो आकाशवाणी पर कहा। ठीक है, उनके पास कुछ तेज और कुशल गेंदबाज हैं, और शाहीन शाह आफरीदी हाल ही में अद्भुत फॉर्म में हैं। हारिस रऊफ भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन मेरा मानना है कि हमारी टीम में ऐसे बल्लेबाज हैं जो उन सभी को संभालने में सक्षम हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर अभिषेक नायर को उम्मीद है कि पिछले हफ्ते के खेल के बाद रोहित एंड कंपनी पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेगी। अगर उनके पास गति है, तो हमारे पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो उस गति का उपयोग कर सकते हैं। हमने देखा है कि विराट कोहली ने



विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की थी।

मुझे नहीं लगता कि किसी का दबदबा है; दोनों टीमें बहुत अच्छी हैं. लेकिन हम सभी जानते हैं कि दबाव में भारत ने हमेशा बेहतर प्रदर्शन किया है और मुझे निकट भविष्य में भी ऐसी ही उम्मीद है।

बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी लाइन-अप और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी लाइन-अप के बीच है। गेंदबाजी विभाग में उनका पलड़ा थोड़ा भारी हो सकता है और हमें

> ठीक है, उनके पास कुछ तेज और कुशल गेंदबाज हैं, और शाहीन शाह आफरीदी हाल ही में अद्भुत फॉर्म में हैं। हारिस रऊफ भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन मेरा मानना है कि हमारी टीम में ऐसे बल्लेबाज हैं जो उन सभी को संभालने में सक्षम हैं: **रॉबिन उथप्पा**

चोट की भी चिंता है।

उनके तीन तेज गेंदबाज, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम, सभी 150 किमी/घंटा के आसपास गेंदबाजी करते हैं, इसलिए गेंदबाजी के मामले में, वे थोड़े बेहतर लगते हैं।

हम इन मैचों को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी लाइन-अप और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी क्रम के बीच एक मुकाबले के रूप में देख सकते हैं। बुधवार को हारिस राउफ ने चार विकेट लेकर लाहौर में अपने पहले सुपर फोर मैच में बांग्लादेश को सिर्फ 193 रन पर आउट कर पाकिस्तान की सात विकेट की जीत का आधार तैयार किया।

रऊफ के 4-17 के अलावा, नसीम शाह ने दाहिने कंधे की चोट के बावजूद 3-34 विकेट लिए, उसके बाद शाहीन शाह आफरीदी, इफ्तिखार अहमद और फहीम अशरफ ने सपाट पिच पर एक-एक विकेट लिया। पूर्व खिलाड़ी आकाश चोपड़ा ने कहा, यह एक बहुत ही सपाट ट्रैक था और पाकिस्तानी तिकड़ी शाहीन शाह आफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह ने वहां विकेट लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से अच्छी गेंदबाजी की। उनकी तेज गेंदबाजी बिल्कुल शीर्ष श्रेणी की है। उन्होंने बांग्लादेश को लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचने दिया।

## सुडोकू 6310 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 6 |

# [ अर्थ जगत ]

### रुपया नौ पैसे टूटकर 83.22 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** डॉलर के मुकाबले में रुपये में गिरावट का सिलसिला जारी है। रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे गिरकर 83.15 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.22 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अपने नए सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.15 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान यह 83.12 से 83.22 के दायरे में घूमने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव से नौ पैसे टूटकर 83.22 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया इससे पहले बुधवार को 83.13 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



## टमाटर की वजह से 24 फीसदी बढ़ गए वेज थाली के दाम, नॉन-वेज की कीमत भी कम नहीं - रिपोर्ट

*__नई दिल्ली।__ बीते दिनों भारत में टमाटर की कीमत आसमान छू रही थी। कीमत 200 रुपये के करीब पहुंच गई थी। मैकडॉवलस जैसे बड़े आउटलेट ने बर्गर के साथ टमाटर देना ही बंद कर दिया था। इस बीच गुरुवार को रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने भारत में थाली के दाम को लेकर एक मासिक रिपोर्ट तैयार की है जिसका नाम है रोटी राइस रेट रिपोर्ट । ये रिपोर्ट बताती है कि अगस्त 2022 और अगस्त 2023 यानी एक साल के भीतर औसत भारतीय घरों में शाकाहारी थाली की कीमत 24 फीसदी बढ़ गई। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऐसा दूसरी बार देखने को मिल रहा है कि भारत में वेज थाली का दाम बढ़ा हो।*

**एक साल में 176 फीसदी बढ़ा टमाटर का दाम** - दिलचस्प बात यह है कि ये जो एक थाली की कीमत में 24 फीसदी का इजाफा आया है इसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी टमाटर की है। टमाटर की वजह से ही थाली के दाम में 21 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। सालाना आधार पर यानी एक साल के दौरान का आंकड़ा देखें तो टमाटर के दाम में 176 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल टमाटर का दाम 37 रुपये प्रति किलोग्राम था जो इस साल बढ़कर 102 रुपये पहुंच गया।

**क्या-क्या होता है वेज थाली में?** - एक वेज थाली में साधारण तौर पर कुछ रोटियां, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद होती है। इसकी औसत लागत उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रोडक्शन में लगने वाली औसत कीमतों के आधार पर तय की जाती है।



**थाली में जुड़ी दूसरी सब्जियों के भी बढ़े दाम** - इस एक साल के दौरान सब्जी की कीमतों में भी काफी इजाफा देखने को मिला है। प्याज की कीमत 8 प्रतिशत, मिर्च की कीमत 20 फीसदी और जीरा की कीमत 158 फीसदी बढ़ गई। क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर इन तीनों (प्याज, मिर्च और जीरा) को मिला दिया जाए तो एक शाकाहारी थाली की कुल कीमत में 1 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**क्या रहा नॉन-वेज थाली की कीमत का हाल?** - नॉन- वेज थाली के दाम में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस थाली में हालांकि उतनी तेजी से कीमत नहीं बढ़ी, जितनी कि वेज थाली की कीमत में बढ़ोतरी हुई। नॉन-वेज थाली की कीमत में सालाना आधार पर 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इस थाली की कीमत को आंकने के लिए भी उन्हीं प्रोडक्ट्स को शामिल किया गया जो वेज थाली में किया गया। फर्क बस इतना था कि इसमें दाल की जगह चिकन को रखा गया।

**क्या रही नॉन-वेज थाली की कीमत में बढ़ोतरी की मुख्य वजह?** - नॉन-वेज थाली की कीमत में कम उछाल का कारण ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में साल-दर-साल 1-3 फीसदी की मध्यम वृद्धि को माना जा सकता है। अकेले ब्रॉयलर की कीमत नॉन-वेज थाली की लागत का 50 प्रतिशत से ज्यादा है। हालांकि, वनस्पति तेल की कीमत में 17 प्रतिशत की गिरावट और आलू की कीमत में 14 प्रतिशत की गिरावट से कुछ राहत मिली।

**मासिक आधार पर गिर रहा थाली की दाम** - अगर कीमत के अधिकतम रेट से तुलना करें तो दोनों थालियों की कीमत में मासिक आधार पर मामूली गिरावट आई है। जुलाई में वेज थाली की कीमत 28 फीसदी और नॉन-वेज थाली की कीमत 11 फीसदी बढ़ी थीं। अगस्त में वेज थाली की कीमत जुलाई के मुकाबले 0.6 फीसदी कम है और नॉन-वेज थाली की कीमत 0.4 फीसदी कम है। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सितंबर में दोनों तरह की थालियों के दाम में गिरावट देखने को मिल रही है और इसकी वजह यह है कि टमाटर की कीमत कम हो रही है। फुटकर भाव में टमाटर की कीमत अगस्त के मुकाबले सितंबर में करीब आधी होकर 51 रुपये प्रति किलो हो गई।

**एलपीजी सिलेंडर की कीमत में गिरावट से भी पड़ा कीमत में फर्क** - रिपोर्ट में कहा गया है, 'इसके अलावा, 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमत, जो अगस्त में 1,103 रुपये थी, सितंबर से घटाकर 903 रुपये प्रति सिलेंडर कर दी गई है। यह भी उपभोक्ताओं के लिए राहत के रूप में आएगा।'

### भारतीय कृषि-रसायन उद्योग 9 प्रतिशत से अधिक बढ़ सकता है - नीति आयोग

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा कि भारत के कृषि-रसायन उद्योग में चीन से प्रतिस्पर्धा के बावजूद मौजूदा नौ प्रतिशत से अधिक बढ़ने की क्षमताएं हैं। चंद ने कहा कि कई पश्चिमी देश कृषि रसायनों के स्थान पर अब जैव कीटनाशकों का इस्तेमाल कर रहे हैं और भारतीय उद्योग को इस पहलू पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने एग्रो केम फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसीएफआई) से कृषि रसायनों के व्यापार को आसान बनाने पर एक प्रस्ताव लाने का आग्रह किया। नीति आयोग के सदस्य चंद ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में एसीएफआई की छठी वार्षिक आम बैठक के अवसर पर एक चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा, कृषि रसायन उद्योग ने नौ प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की हैज्इस वृद्धि दर का अधिकतर हिस्सा कोविड-19 वैश्विक महामारी के वर्षों के दौरान हासिल हुआ जब उत्पादन गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित थीं। चंद ने कहा कि आर्थिक और उत्पादन व्यवधानों के बावजूद घरेलू कृषि रसायन उद्योग ने 2017-18 और 2022-23 के बीच प्रभावशाली वृद्धि की। उन्होंने कहा, हम इस वृद्धि दर को आसानी से नौ प्रतिशत से अधिक भी बढ़ा सकते हैं।



### सेंसेक्स 385 अंक चढ़ा, कोल इंडिया टॉप गेनर रहा

**मुंबई।** मुंबई को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली. सेंसेक्स 385 अंक की तेजी के साथ 66,265 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं, निफ्टी में 116 अंक की तेजी है, यह 19,720 के स्तर पर बंद हुआ.सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 शेयरों में तेजी और 10 में गिरावट देखने को मिली. निफ्टी सेक्टोरल इंडेक्स पर फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और हेल्थकेयर लाल निशान में रहे, जबकि बैंक, फाइनेंशियल, आईटी, ऑटो, मेटल सहित सभी इंडेक्स हरे निशान में रहे.

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रिलायंस रिटेल वेंचर्स ने एक्ट्रेस आलिया भट्ट के किड्स एंड मैटरनिटी वियर ब्रांड एड-ए-मम्मा में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है. हालांकि, दोनों कंपनियों ने इस डील की फाइनेंशियल डीटेल के बारे में खुलासा नहीं किया है.

## मसूर दाल की कीमतों में उछाल पर सरकार की चेतावनी, नहीं की जाएगी जमाखोरी बर्दाश्त

*__नई दिल्ली।__ अरहर दाल की कीमतों में तेज उछाल के बाद अब मसूर दाल की भी कीमतों में तेजी देखी जा रही है. विधानसभा और लोकसभा चुनाव के ठीक पहले मसूर दाल की कीमतों में तेज उछाल के बाद केंद्र सरकार हरकत में आ गई है.केंद्र सरकार ने सभी स्टोकहोल्डर्स के लिए मसूर दाल के स्टॉक का खुलासा करना जरुरी कर दिया है. व्यापारियों को हर शुक्रवार को वेबसाइट पर जाकर मसूर दाल के स्टॉक का खुलासा करना होगा. वहीं सरकार ने उपभोक्ताओं और देश के हितों के खिलाफ काम करने वालों को सख्त चेतावनी दी है.*



**बढ़ाया जाएगा मसूर दाल का बफर स्टॉक** - खाद्य उपभोक्ता मंत्रालय ने कहा कि सभी स्टेकहोल्डर्स को https://fcainfoweb.nic.in/psp पर जाकर मसूर दाल के स्टॉक का खुलासा करना होगा. अगर बगैर डिस्क्लोजर वाले मसूर दाल का स्टॉक पाया गया कि इसे जमाखोरी माना जाएगा और आवश्यक वस्तु एक्ट के तहत ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कीमतों की समीक्षा के दौरान विभाग को मसूर दाल के बफर स्टॉक को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं. सरकार का लक्ष्य न्यूनत्तम समर्थन मुल्य पर मसूर दाल की खरीदारी करना है.

**सरकार की जमाखोरों को चेतावनी** - रोहित कुमार सिंह ने कहा कि कनाडा से जब मसूर दाल और अफ्रीका देशों से अरहर दाल का आयात बढ़ने जा रहा है. कुछ लोग उपभोक्ताओं और देश के हितों के खिलाफ बाजार को प्रभावित कर दालों की कीमतों को बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सरकार कड़ी नजर बनाए हुए है दालों के स्टॉक को बाजार में जारी करने के लिए सख्त कदम उठाएगी जिससे त्योहारी सीजन के दौरान उचित कीमतों पर उपभोक्ताओं को दाल उपलब्ध कराई जा सके. रोहित कुमार सिंह ने कहा कि किसानों और उपभोक्ताओं के हितों का ख्याल रखते हुए विभाग ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी जो उपभोक्ताओं और किसानों के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं.

**कार्टलाइजेशन का अंदेशा** - दरअसल सरकारी एजेंसियां नेफेड और एनसीसीएफ ने आयातित मसूर दाल खरीदने के लिए टेंडर जारी किया था. लेकिन दोनों ही एजेंसियों को काफी ऊंची कीमत पर दाल सप्लाई करने के सप्लायर्स से टेंडर प्राप्त हुए. जिसके बाद नेफेड और एनसीसीएफ को आयातित मसूर दाल खरीदने के टेंडर को रद्द करना पड़ा जिसके बाद सरकार हरकत में आई है.

### पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के क्रूड ऑयल के उत्पादन में कटौती जारी रखने की खबर के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी है। ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.25 डॉलर यानी 0.26 फीसदी की गिरावट के साथ 90.35 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.28 डॉलर यानी 0.32 फीसदी लुढ़क कर 87.26 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।




### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60400 चांदी टंच- 72700 चांदी रिफाइन -73850

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव--60400 चांदी टंच- 72700

चांदी रिफाइन -73850


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.21 |
| एक यूरो | 89.01 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103.70 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.10 |
| एक जापानी येन | 0.56 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 73 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070 भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## भारत ने अमेरिका के आधा दर्जन उत्पादों से 'जवाबी' शुल्क हटाया

*__नई दिल्ली।__ भारत ने अमेरिका के लगभग आधा दर्जन उत्पादों पर 2019 में लगाया गया अतिरिक्त शुल्क हटा दिया है। अमेरिका द्वारा भारत के कुछ इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने के फैसले के जवाब में यह कदम उठाया गया था।*

भारत ने 2019 में अमेरिका के इस कदम के जवाब में उसके 28 उत्पादों पर यह शुल्क लगाया था। वित्त मंत्रालय की पांच सितंबर की अधिसूचना में इन उत्पादों से शुल्क हटाने की जानकारी दी गई है। इन उत्पादों में चना, दाल (मसूर), सेब, छिलके वाला अखरोट और ताजे या सूखे बादाम के साथ ही छिलके वाले बादाम शामिल हैं। भारत ने यह कदम अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने से पहले उठाया है। बाइडन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। प्रधानमंत्री की जून में आधिकारिक अमेरिका यात्रा पर दोनों देशों ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में छह विवादों को खत्म करने और अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिक्रिया स्वरूप लगाए गए शुल्क को हटाने का फैसला लिया था। समझौते के तौर पर, भारत चने पर 10 प्रतिशत, मसूर की दाल पर 20 प्रतिशत, ताजे और सूखे बादाम पर सात रुपये प्रति किलोग्राम, छिलके वाले बादाम पर 20 रुपये प्रति किलोग्राम, अखरोट पर 20 प्रतिशत और ताजा सेब पर 20 प्रतिशत शुल्क हटाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने जुलाई में राज्यसभा में लिखित जवाब में कहा था कि सरकार ने सूखे, ताजे, छिलके वाले बादाम, अखरोट, चना, मसूर, सेब, बोरिक एसिड और 'मेडिकल डायग्नोस्टिक रीजेंट्स' पर लगाए गए जवाबी शुल्क को हटाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा था कि अमेरिका के खिलाफ लगाए गए जवाबी शुल्क को खत्म करने या आयात शुल्क में कटौती से भारत को कोई नुकसान नहीं होगा। अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।



### सोना-चांदी फिर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली.** सोना-चांदी के खरीदारों के लिए खुशखबरी है. भारतीय सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में आज (गुरुवार) भी गिरावट देखने को मिली है. दस ग्राम सोना सस्ता होकर 60,050 रुपये का हो गया है एक किलो चांदी की दरों में भी कमी आई है और अब यह 74,100 रुपये में बिक रही है. दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 150 रुपये घटकर 60,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था.इसी तरह दिल्ली में चांदी की कीमत भी 700 रुपये लुढ़ककर 74,100 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई.विदेशी बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,917 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी गिरावट के साथ 23.05 डॉलर प्रति औंस रही.



## तस्वा के जबलपुर में पहले स्टोर का शुभारंभ

*जबलपुर। आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरुण ताहिलियानी का भारतीय मेन्सवियर ब्रांड तस्वा, जबलपुर में अपने पहले स्टोर के बहुप्रतीक्षित उद्घाटन की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित है।*

यह ऐतिहासिक लॉन्च अपने मूल्यवान ग्राहकों को अद्वितीय शैली और गुणवत्ता प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक विशेष उपलब्धि है। नए स्टोर के *उद्घाटन* के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, तस्वा के मुख्य डिज़ाइन अधिकारी तरुण तहिलियानी ने कहा, तस्वा मेरा एक दीर्घकालिक ख्वाब रहा है, जिसे आदित्य बिरला फैशन और रिटेल के माध्यम से संभव बनाया गया है। खुद के सबसे बेहतर संस्करण का प्रतीक खुद का नाम ही है, जिसे हमने ब्रांड के माध्यम से प्राप्त करने के लिए कठिन प्रयास किया है। बहुत लंबे समय से, मैंने सुना है कि एथनिक पहनावा असुविधाजनक होता है, और तस्वा इसे सही करने की एक कोशिश है। हमने ऐसे कपड़े डिज़ाइन किए हैं, जो हमारे उपभोक्ता, भारतीय आदमी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार कपड़े प्रदान करते हैं।तस्वा के ब्रांड हेड, आशीष मुकुल, ने उद्घाटन पर अपने विचार साझा किए,पिछले साल के दौरान, तस्वा ने अपने उत्कृष्ट उत्पाद प्रस्ताव और पुरुषों के भारतीय पहनाव के खरीददारों के लिए अद्वितीय स्टोर अनुभव के साथ मजबूत ग्राहक संबंध बनाया है। भारतीय अवसरों और पुरुषों के लिए शादी में पहनने वाले कपड़ो और एक्सेसरीज़ के लिए संपूर्ण उत्पाद की पेशकश के साथ, हमारा मानना है कि जबलपुर जैसा मजबूत बाजार में हमारे लिए इस ब्रांड को कई और उपभोक्ताओं तक ले जाने की जबरदस्त क्षमता है। 34 शहरों में 54 स्टोर्स के हमारे मौजूदा नेटवर्क से, हम इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 90 से अधिक स्टोर्स के नेटवर्क तक अपने स्टोर विस्तार में तेजी लाने की योजना बना रहे हैं।




### जी-20 शिखर सम्मेलन से देश के व्यापार में बड़ी वृद्धि की उम्मीद-खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन भारतीय व्यापार के लिए कई बेहतर रास्ते और अवसर प्रदान करेगा। देशभर के व्यापारी शिखर सम्मेलन में लिये जाने वाले निर्णयों का उत्सुकता से इंतजार करेंगे। कन्फेडेरशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने गुरुवार को यह बात कही। खंडेलवाल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि राजधानी दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम वित्तीय समावेशन और डिजिटल प्रौद्योगिकी की स्वीकृति और कराधान नीतियों में सुधार पर कुछ रणनीतिक निर्णयों की उम्मीद करते हैं, जिसका न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एसएमई) व्यापार के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। खंडेलवाल ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान लिये गए विभिन्न निर्णयों का अध्ययन करके उन्हें समझने एवं उन्हें भारत के व्यापारिक समुदाय के बीच फैलाने के लिए कैट ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया है। कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी ने कहा कि जी 20 सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेक्नोलॉजी को बदलते समय के हिसाब से क्या क्या अपनाना जरूरी है इन सब बातों पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाना चाहिए। कैट प्रदेश सचिव दीपक सेठी ने बताया कि इस तरह के सम्मेलन में भारत में बनी वस्तुओं को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करने के लिए यह एक बड़ा कदम है। कैट प्रदेश महिला विंग कार्यकारिणी सदस्य सीमा सिंग चौहान ने कहा कि इस तरह के सम्मेलन में उद्यमी महिलाओं को व्यापार जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे बढ़ावा मिले इस पर भी विशेष रूप से चर्चा होनी चाहिए। कैट जबलपुर जिला अध्यक्ष रोहित खटवानी ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में भारत को अपनी व्यापार जगत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से अपना पक्ष रखने का मिलता है।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा

रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जय कन्हैया लाल की जयकारा के साथ निकली विशाल शोभा यात्रा

## श्रीकृष्ण जमाष्टमी के पावन अवसर पर जगह-जगह कन्हैया का हुआ विधिविधान से पूजनअर्चन







**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर मे गुरूवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विविध धार्मिक आयोजन किये गये। इसमें भक्तों ने कन्हैया के जन्म के मौके पर गाजे-बाजे के साथ उत्सव मनाया। शोभायात्रा में भी इसी तरह के नजारे देखने को मिले। जहां आकर्षक झांकियां श्रीकृष्ण प्रसंग पर आधारित बनाई गई थी, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहीं। बूंदा-बांदी के बाद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कमी नही आई और सभी ने अपने कान्हा का दिल खोलकर स्वागत किया।

श्रीकृष्ण जमाष्टमी के पावन अवसर पर प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर के द्वारा शोभायात्रा चल समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण का पूजन अर्चन कर भैया जी सरकार (दादा गुरू) के सानिध्य में शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया एवं यादव महासभा के द्वारा मंचासीन सम्माननीय जनों एवं वरिष्ठजनों का पगड़ी बंधन किया गया, एवं

### शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहीं झांकियां

शोभायात्रा में उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओ का स्वागत तिलक लगाकर श्रीकृष्ण नाम के दुप्पटे पहनकर किया गया। तत्पश्चात शोभायात्रा चल समारोह का शुभारंभ किया गया।

इस वर्ष शोभायात्रा चल समारोह में जीवंत झांकी में माखन चरित्र, पूतना वध, गोवर्धन पर्वत, घटोत्कज, चन्द्रयान-3 की झाँकी, प्रकृति प्रेम शिवरूप वृक्ष, राधाकृष्ण लीला, कृष्ण बलराम चरित्र, कृष्ण सुदामा चरित्र, हनुमान जी, कृष्ण गोपी लीला, झूले में लड्डू गोपाल, गौरा पार्वती की प्रतिमा, गौमाता कृष्ण, राधा कृष्ण की प्रतिमा, अहीर नृत्य की टोली, अखाड़े, शेला वोली टीम, ढोल, बैण्ड, धमाल की टीम आदि शोभायात्रा चल समारोह में सम्मिलित हुई। शोभायात्रा मुख्य बस स्टैण्ड से प्रारंभ होकर मालवीय चौक, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, सराफा, हनुमानताल, होते हुए भानतलैया में जहाँ अतिथि सम्मान के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया।

शोभायात्रा चल समारोह में प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, यात्रा संयोजक शिव यादव, शहर चन्दन सिंह यादव, मनोज यादव पप्पू, सुभाष यादव, दिनेश यादव, प्रदीप यादव पूर्व मंडी अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष शशांक यादव, सुनील यादव, परमू यादव, सचिन यादव, विनिता यादव, कमलेश यादव, सुमन सिंह यादव, तृप्ति यादव, अश्वनी यादव, उमेदा यादव, रचना यादव, सरिता यादव, अर्चना यादव, रवि यादव, विजय यादव, रमेश यादव, सर्वेश यादव, संदीप यादव, रामकुमार यादव, पी.एल. यादव, अशोक यादव, संजय यादव, पवन यादव, घनश्याम यादव, रामरतन यादव, विनय यादव, शारदा यादव, टीकेन्द्र यादव, बबलू यादव, लालू यादव, गोरैया यादव, राघवेन्द्र यादव, प्रकाश यादव, चित्रांश यादव, विजय सिंह यादव, हार्षित यादव पार्षद, राजीत यादव पार्षद, शारदा यादव, राजेश यादव पूर्व पार्षद, प्रदीप यादव पूर्व पार्षद, ऋषि यादव पूर्व पार्षद, अभिषेक यादव पूर्व पार्षद आदि मौजूद रहे।

# रूक - रूक कर होती रही बारिश, आंकड़ा 48 इंच के पार

## संभाग के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर और आस-पास मानसून सक्रिय है। इससे बीते दो दिनों से बारिश का क्रम चल रहा है। इससे मौसम खुशनुमा हो गया है। गुरूवार को दिन में कई बार रूक-रूक कर बारिश हुई, शाम ढलने के बाद भी बारिश हो रही थी। इससे एक बार फिर नदी और दूसरे जलाशयो में पानी बढ़ा है। बारिश का आंकड़ा 48 इंच के आगे निकलने को बेताब है, यह सभी के लिये अच्छी खबर मानी जा सकती है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बालाघाट, टीकमगढ़ इत्यादि में अति भारी बारिश के लिये रेड और मध्यम से भारी बारिश वाले संभावना वाले सतना, छिंदवाड़ा, उमरिया, मंडला, डिंडौरी, कटनी और सिवनी में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे कहा जा सकता है कि प्रदेश में महाकौशल और दूसरे संभाग के जिलों में बारिश के आसार बने हुये हैं। बताया गया है कि गुरूवार मे अधिकतम तापमान 28.3 जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा, न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश का आंकड़ा 1184.8 मिली मीटर जो इंच में 48 इंच के पास बताई जा रही है। औसत के करीब बारिश का आंकड़ा पहुंच रहा है जो जबलपुर के लिये संतोष की बात मानी जा सकती है। प्राय: सभी जलाशय लबालब हो गये हैं। जो आने वाले गर्मी के दिनो में पानी उपलब्धता के लिये अच्छी बात कही जा सकती है।

बारिश होने से सबसे ज्यादा मौसम की फसलों पर अनूकूल प्रभाव हो रहा है। अभी फसल को तैयार होने के लिये बारिश का पानी किसी अमृत से कम नही है। किसानों के चेहरे पर मुस्कान है और उनकी चिंता कम हो रही है। वैसे भी मौसम विभाग ने इस माह के 20 सितंबर तक मानसून सक्रिय रहने की बात कही है। जिसके बाद बारिश के आसार बने रहेंगे।

# दमोह के कलमली के जंगल में मिला तेंदुए का शव, वन विभाग ने शुरू की जांच



**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की गुटरिया बीट में गुफा के अंदर तेंदुए का शव सड़ी-गली हालत में मिला है। वन अमले को सूचना मिली तो अमला मौके पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू की। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक तेंदुए की प्राकृतिक मौत हुई है। तेंदुए का शव कुछ दिन पुराना है क्योंकि उसके सिर्फ अवशेष बचे हैं।

तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के जंगल में यह तेंदुआ कहां से आया और कब से यहां रह रहा था और इसकी मौत कैसे हुई, इसका पता लगाया जा रहा है। पशु चिकित्सक हरिकांत बिलवाल ने बताया कि उनके पास मृत तेंदुए के पोस्टमार्टम की सूचना आई थी। पोस्टमार्टम जबलपुर की टीम से करवाया जाता है। तेजगढ़ वन परिक्षेत्र में कलमली का जंगल ऐसा जंगल है जहां पूर्व में बाघ भी रहते थे। 10 वर्ष पूर्व इस जंगल में एक बाघ ने अपना बसेरा भी बना लिया था, लेकिन बाद में पन्ना टाइगर रिजर्व से आई टीम ने उसे पकड़ लिया था। बुधवार को तेंदुए का शव मिलने के बाद आसपास के गांव के ग्रामीण भी वहां पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि कलमली के जंगल और टपका के पास तेंदुआ रहता था। कभी-कभी मुख्य मार्ग पर भी दिखा, लेकिन नुकसान किसी को नहीं पहुंचाया। तेंदूखेड़ा उपवनमंडल अधिकारी रेखा पटेल ने बताया कि ग्रामीण ने उन्हें सूचना दी। जानकारी लगते ही तेंदूखेड़ा रेंजर मेघा पटेल के साथ वह मौके पर पहुंची। वन मंडल अधिकारी को सूचना दी गई।

तेंदूखेड़ा उपवन मंडल अधिकारी ने बताया की गुटरिया बीट के पीएफ 154 में नदी के किनारे जंगली क्षेत्र में एक गुफा है उसी में तेंदुआ मृत अवस्था में मिला है। डीएफओ एमएस उइके ने बताया कि तेंदुए की मौत सामान्य मौत है।

# जबलपुर-अमरावती सहित कई गाड़ियां रद्द

## जुझारपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य का असर

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत भोपाल-इटारसी रेल खण्ड पर पवारखेड़ा-जुझारपुर फ्लाईओवर के सम्बंध में जुझारपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग को कार्य के चलते इस कार्य के दौरान इस मार्ग पर चलने वाली कुछ गाडियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

**निरस्त की जाने वाली गाड़ियां**

1- गाड़ी संख्या 12160 जबलपुर-अमरावती एक्सप्रेस 28, 29, 30 सितंबर को तथा गाड़ी संख्या 12159 अमरावती-जबलपुर एक्सप्रेस 29, 30 सितंबर एवं 01 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

2- गाड़ी संख्या 19343 इंदौर-सिवनी पंचवेली एक्सप्रेस 28, 29 एवं 30 सितंबर 2023 को तथा गाड़ी संख्या 19344 छिंदवाड़ा-इंदौर पंचवेली एक्सप्रेस 29, 30 सितंबर एवं 01 अक्टूबर 2023 को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

3- गाड़ी संख्या 22175 नागपुर-जयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 28.09.2023 को तथा गाड़ी संख्या 22176 जयपुर-नागपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 29 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

4- गाड़ी संख्या 22125 नागपुर-अमृतसर साप्ताहिक ए.सी. एक्सप्रेस 30 सितंबर को तथा गाड़ी संख्या 22126 अमृतसर-नागपुर साप्ताहिक ए.सी. एक्सप्रेस 02 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

5- गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 26 सितंबर को तथा गाड़ी संख्या 22918 पुरी-इंदौर साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस 28 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

6- गाड़ी संख्या 01317/01318 आमला जंक्शन-इटारसी-आमला जंक्शन मेमू स्पेशल ट्रेन 25 सितंबर से 30 सितंबर तक दोनों दिशाओं में अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

## अवध एवं बांद्रा-गाजीपुर सिटी-बांद्रा एक्सप्रेस श्री महावीरजी स्टेशन पर रुकेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल मंत्रालय द्वारा गाड़ी संख्या 19037/19038 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अवध एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 20941/20942 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी-बांद्रा टर्मिनस का श्री महावीरजी स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छ:माह के लिए 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है।

1- गाड़ी संख्या 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी अवध एक्सप्रेस श्री महावीरजी स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 15.28/15.30 बजे एवं गाड़ी संख्या 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस अवध एक्सप्रेस श्री महावीरजी स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 09.28/09.30 बजे रहेगा। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दिनांक 09.09.2023 से 06.03.2024 तक प्रायोगिक तौर पर श्री महावीरजी स्टेशन पर रुकेगी।

2- गाड़ी संख्या 20941 टर्मिनस-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस 09.09.2023 से 04.03.2024 तक श्री महावीरजी स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 14.23/14.25 बजे रहेगा. इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20942 गाजीपुर सिटी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 11.09.2023 से 06.03.2024 तक श्री महावीरजी स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 11.21/11.23 बजे रहेगा।

# सड़क पर वाहन के सामने अचानक आ गया बाघ, शान से पार किया रास्ता

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सड़क पर बाघ दिखाई दिया है। बड़े दिनों बाद इस तरह का नजारा सामने आया है, जब एक वयस्क बाघ शान से सड़क पार करता दिखाई दिया है।



यह मामला उस समय का है जब एक कारचालक कार से ही सड़क पर जा रहा था। बाघ सड़क पर आया, किसी की परवाह किए बगैर आगे बढ़ता गया। पूरा मामला उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत का बताया जा रहा है। एक व्यक्ति सड़क पर अपने चार पहिया वाहन से जा रहा था। अचानक सामने बाघ दिखाई दिया। तत्काल कार को ब्रेक लगाकर रोका गया। सामने खड़े बाघ को देखते ही उनकी सांसें अटक गई थी। दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। हालांकि, बाघ ने इधर-उधर देखा तक नहीं। वह आगे बढ़ा और सड़क पार कर जंगल में चला गया। बांधवगढ़ में कई दिनों बाद बाघ दिखाई दिया है। पर्यटक इससे बेहद उत्साहित हैं।

# दमोह में सामूहिक विवाह योजना का चेक बैंक से गायब, हितग्राहियों को हो रही परेशानी

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले में सरकारी योजना की पोल खुल गई है। यहां सामूहिक विवाह योजना का चेक बैंक से गायब हो गया है। हितग्राही ने बैंक के चेक बॉक्स में दो महीने पहले चेक डाला था। जब पैसा नहीं आया तो पता चला कि चेक ही गायब है। अब हितग्राही कभी बैंक को कभी थाने के चक्कर लगा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार दमोह के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक दंपती को चेक मिला था, जिसे पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया गया था, लेकिन बैंक से चेक ही गायब हो गया और अब यह दंपती परेशान हो रहे हैं। बैंक प्रबंधन का कहना है कि इसमें हमारी जवाबदारी नहीं रहती। यह पूरा मामला तेंदूखेड़ा ब्लॉक के धनगोर गांव के पंजाब नेशनल बैंक का है। उल्लेखनीय है कि करिश्मा पति रामरतन अहिरवार पिंडराई निवासी को सामूहिक मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन से 1 जून को पाटन तहसील जिला जबलपुर से यह चेक मिला था। यह चेक 16 जून को पाटन जनपद सीईओ के माध्यम से दिया गया था, जिसको रामरतन अहिरवार ने अपनी पत्नी करिश्मा के खाते में धनगौर में संचालित पंजाब नेशनल बैंक के खाता क्रमांक 7470549808 में डाला था। चेक का नंबर 162782 है, चेक जमा करने के बाद रिसीव भी ली थी। लेकिन रिसीव में सील नहीं लगाई और अब चेक कहां चला गया इसकी कोई पुष्टि नहीं कर रहा है। दो माह बीत गए हितग्राही के खाते में पैसा नहीं आया तो वह लगातार बैंक जा रहा है, लेकिन अब न बैंक कर्मी सुन रहे हैं न पुलिस।



रामरतन अहिरवार का तारादेही निवासी करिश्मा अहिरवार के साथ एक जून को पाटन जनपद के सरोन में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान सम्मेलन से विवाह हुआ था। उसकी पत्नी को मुख्यमंत्री सहायता के रूप में यूनियन बैंक का 49,000 रुपये का चेक मिला था जो उसने धनगौर की पंजाब नेशनल बैंक में 4जुलाई 2023 को जमा किया था। 21 अगस्त को पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर ने पाटन जनपद सीईओ को पत्र लिखा और दिए चैक को ब्लॉक करने के साथ दूसरा चेक हितग्राही को देने की बात कही, लेकिन अब पाटन जनपद वाले हितग्राही से पुलिस एफआईआर की कॉपी मांग रहे हैं। जबकि न तो चेक कहीं कलेक्शन हुआ है और अब समय सीमा भी ख़त्म हो गई है।

# सरकारी स्कूल का मध्यान्ह भोजन खाने के बाद दर्जनभर बच्चों की तबीयत बिगड़ी

**सीधी, देशबन्धु।** प्रदेश के सीधी जिले में सरकारी स्कूल में मध्यान्ह भोजन खाने के बाद कुछ बच्चों की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। करीब एक दर्जन बच्चे उल्टी और दस्त से ग्रसित हुए हैं। उन्हें मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां उनका गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मामला सीधी जिले के आदिवासी अंचल कुसमी क्षेत्र के कचपेज के माध्यमिक विद्यालय का है। गौरतलब है कि ग्राम

### उल्टी-दस्त से हालत खराब

कचपेज मे जब बच्चों की हालत खराब हुई तब वहां से करीब 16 किलोमीटर की दूरी पर अस्पताल था, जहां उन्हें प्राइवेट वाहन मोटरसाइकिल, आॅटो आदि के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में भर्ती कराया गया। हालांकि पूरे मामले की पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच कर रही है। वहीं स्कूल प्रबंधन ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 126 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 126 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 128 |

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 132 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 130 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 130 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 130 |

मो.-9039925000, 9425800409

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
FREE FREE FREE FREE
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY
(ONLY FOR FEMALE)
हेयर वाश,
हेयर कट,
फेस ब्लीच,
हैंड डी -टेन पैक,
फेस डी -टेन पैक,
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

# गौशाला निर्माण के दौरान खुदाई में मिले सौ वर्ष पुराने सिक्के

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर जिला मख्यालय से 10 किलोमीटर दूर सिंहपुर चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम लोकीपार में एक ग्रामीण के घर के पीछे गौशाला निर्माण करते समय पिलर के गड्ढे खोदे जा रहे थे। उसी समय किसी धातु में खुदाई करने वाला वर्मा फंस गया। मजदूरों ने उसे ऊपर निकाला, तो उसमें धातु की मटकी निकली और मटकी के अंदर सौ वर्ष से अधिक पुराने समय के चांदी और अन्य धातुओं के सिक्के निकले। सिक्के मिलने की खबर सोशल मीडिया वायरल होते ही जिले भर में खजाना मिलने की चर्चाओं का माहौल बन गया।



सूचना पर पहुंची स्टेशन पुलिस और सिंहपुर चौकी की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद खुदाई में पाए गए सिक्कों का पंचनामा बनाकर ग्रामीण की सुर्पुदगी में सुरक्षित कराते हुए पुरातत्व विभाग को इसकी सूचना दी है। इसके अब आगे की जांच पुरातत्व विभाग की टीम की तरफ से की जाएगी। इस संबंध में जांच अधिकारी उपनिरीक्षक आशीष बोपचे ने बताया कि लौकीपार निवासी शैलेंद्र दुबे अपने घर के बाजू में गौशाला के लिए निर्माण कार्य करवा रहे थे। निर्माण के दौरान पिलर की खुदाई करते समय उन्हें एक धातु के मटके में सौ वर्ष से अधिक पुराने सिक्के मिले हैं। यह सिक्के 1904 के समय के हैं। लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है, कि सिक्के चांदी और अन्य किसी धातु के है।

सिक्कों में 10 पैसे, 20 पैसे और 5 पैसे के 55 बड़े और 65 छोटे सिक्के हैं। जिनका पंचनामा बनाकर सिक्कों को शेलेंद्र दुबे के सुर्पुद किया गया है। वहीं इसकी सूचना पुरातत्व विभाग जबलपुर को भी दी गई है। वहां से टीम आकर इनकी जांच करेगी, तभी वास्तविकता पता चल सकेगा।

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER
RS. @ 100/- (CONDITIONS APPLY)
JAWAN
08:00 AM 09:00 AM
10:30 AM 12:15 PM
01:00 PM 02:00 PM
03:30 PM 05:15 PM
06:45 PM 07:30 PM
08:30 PM 10:00 PM
10:55 PM 11:30 PM
GADAR-2
10:00 AM
04:15 PM
DREAM GIRL-2
01:00 PM
05:45 PM
08:15 PM
THE NUN II
11:00 AM
03:30 PM
MISS SHETTY MR POLISHETTY
10:30 PM